माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 14 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 20, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज 16

लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति 15

## एक नजर

### तेजस्वी ने माफी मांगी मानहानि का मुकदमा रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही रद कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में राजद नेता के माफीनामे को स्वीकार करने के बाद उन्हें राहत प्रदान की। तेजस्वी ने पिछले साल मार्च में एक बयान में कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। इसके बाद गुजरात के अहमदाबाद के निवासी व्यवसायी हरेश मेहता ने उनके खिलाफ अदालत में मानहानि शिकायत की थी।

### प. बंगाल में वायुसेना का हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त

**कोलकाता।** भारतीय वायुसेना का हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। फिलहाल इस दुर्घटना में जानमाल के नुकसान के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा कि विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन किया है, जो संभावित तकनीकी खराबी या मानवीय त्रुटि सहित घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

# दिल्ली जाने पर अड़े किसान, शंभू बॉर्डर पर बवाल

## सुरक्षाकर्मियों ने ड्रोन से दागे आंसू गैस के गोले डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। यहां किसान बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान अंबाला कैंट के डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को हिरासत में भी लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया है।

कई किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ फतेहगढ़ साहिब से सुबह करीब 10 बजे मार्च शुरू किया और वे शंभू सीमा के जरिए दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब और शंभू सीमा के बीच दूरी करीब 35-40 किलोमीटर है। किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली काफिले को शंभू सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा गया। ट्रॉली में बुजुर्ग, युवा और महिलाओं को बैठे हुए देखा गया। हरियाणा की ओर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पंजाब की ओर से सीमा पर आ रहे युवाओं के एक समूह को शंभू सीमा के समीप अवरोधकों से दूर रहने को भी कहा। हरियाणा में प्राधिकारियों ने कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटीली तारों का इस्तेमाल कर अंबाला, जींद, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सिरसा में कई स्थानों पर पंजाब के साथ राज्य की सीमाओं की किलेबंदी कर दी है।



पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद तितर-बितर किसान। ● एजेंसी

## पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां भांजी



शंभू बॉर्डर के पास लगाए गए कंक्रीट बैरिकेड को हटाने की कोशिश करते किसान।

### किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तैयार

**नई दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या पर बात करने को तैयार है। मुंडा ने कहा कि कृषि और किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। मुंडा ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।



### सरकार बनी तो हम एमएसपी पर कानून बनाएंगे

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा।



### हाईकोर्ट का हरियाणा, पंजाब और केंद्र को नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च से संबंधित दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र के अलावा हरियाणा और पंजाब राज्यों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ताओं में से एक ने अदालत से किसानों के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ हरियाणा और पंजाब तथा केंद्र सरकार की सभी 'अवरोधक' कार्रवाइयों पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, जबकि दूसरे याचिकाकर्ता ने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है कि प्रदर्शनकारियों द्वारा कोई राजमार्ग अवरुद्ध न किया जाए, क्योंकि इससे आम जनता का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 15 फरवरी तय की है।

# फौजी ने दूल्हे समेत 7 लोगों को मारी गोली, एक की मौत

**गोंडा कार्यालय**

- जमीनी विवाद में 10-12 राउंड फायरिंग की, 6 लोग घायल
- छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में हुई वारदात

**अमृत विचार:** छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक फौजी ने दूल्हे समेत सात लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक महिला अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए आई थी। फायरिंग करने वाले आरोपी सीताराम पुलिस गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरे पांडेयपुरवा के रहने वाले बाबू राम जायसवाल व सीताराम यादव के परिवार के बीच जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। बाबूराम जयसवाल के मुताबिक मंगलवार को उसके बेटे अमनदीप की बारात जानी थी। रिश्तेदारों की सहूलियत के लिए बाबू राम गली में टिन लगा रहे थे। इससे नाराज फौजी सीताराम यादव भड़क गया और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी।

## स्वामी प्रसाद ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित एक पत्र में न केवल इस्तीफा देने के कारणों की चर्चा की है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने केवल पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वह पार्टी को सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख को लिखे पत्र में जहां स्वयं को विधान परिषद भेजने और राष्ट्रीय महासचिव का पद देने के लिए अखिलेश का आभार जताया, वहीं गंभीर आरोप भी लगाए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस पत्र में उन्होंने अपने हिंदू धर्म एवं कर्मकांड को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताते हुए अपने बयानों को जायज ठहराया है। माना जा रहा है कि स्वामी प्रसाद को अपने राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, न पूरी होने पर इस्तीफा दिया है।



# मोदी पहुंचे यूएई, रुपे कार्ड सेवा की शुरुआत

**आबू धाबी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के दौरे पर पहुंचे। यहां हवाईअड्डे पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं मुलाकात की। इस दौरान दौरान दोनों नेताओं ने यूपीआई रुपे कार्ड सेवा की शुरुआत की। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते भी हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई और भारत के मजबूत होते संबंधों की चर्चा की। उन्होंने वहां बने मंदिर में मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे दोनों देशों के अनोखे संबंधों की शक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है।



- राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद ने की अगवानी, एक-दूसरे को गले लगाकर अभिनंदन किया

प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से कहा, "आपका भारत के प्रति जो लगाव है और यूएई के उज्ज्वल भविष्य के लिए जो विजन है, उसका एक उदाहरण मैं देख रहा हूं- यहां बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) का मंदिर बनना। आपके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। मेरी पहली मुलाकात में मैंने आपसे आग्रह किया की कि जरा आप देख लीजिए और आपने बता दिया कि जगह पर आप उंगली रख दीजिए, आपको जगह मिल जाएगी।"

### प्रगति में साझेदार हैं भारत और यूएई: प्रधानमंत्री मोदी

**अबू धाबी।** भारत और यूएई को 'प्रगति में साझेदार' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ते दुनिया के लिए आदर्श हैं और वे 21वीं सदी के तीसरे दशक में नया इतिहास रच रहे हैं। मोदी ने कहा, 'हमारी साझेदारी सभी क्षेत्रों में मजबूत हो रही है और नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है।' प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'मोदी मोदी' के नारों के बीच 'अहलन मोदी' कार्यक्रम में शामिल हुए भारतवंशी लोगों का अभिवादन 'नमस्कार' कहकर किया।

## रामलला को मिले छह अंगरक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला की सुरक्षा के लिए अब विशेष व्यवस्था भी पूर्ण हो गई है। दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामलला की सुरक्षा में छह अंगरक्षक तैनात कर दिए गए हैं। हर वक्त दो अंग रक्षक आठ-आठ घंटे रामलला की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। बताया जाता है कि ये अंगरक्षक गर्भगृह और रामलला के श्रृंगार के आभूषण और वस्त्र की निगरानी भी करेंगे। बता दें कि बीते दिनों राम मंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अंगरक्षक नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद अब जिला प्रशासन की ओर से रामलला की सुरक्षा को लेकर छह अंगरक्षक प्रदान किए गए हैं।

## सपा को पल्लवी पटेल ने दिया झटका, उसे वोट न देने की अपील

**लखनऊ, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी को मंगलवार को एक साथ दो झटके मिले। एक ओर राष्ट्रीय महासचिव पद से जहां स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस्तीफा दिया वहीं, पार्टी की सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने राज्यसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार को वोट ना देने की बात मीडिया से साझा की है।

विधायक पल्लवी पटेल ने मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। राज्यसभा में जया बच्चन और आलोक रंजन को भेजने नाराज पल्लवी पटेल ने कहा कि, पीडीए का मतलब मैं पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक समझती हूं, लेकिन इसे इसे बच्चन और रंजन से जोड़ कर देखा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि, जब लड़ाई पिछड़ा दलित खेत-खलिहान की हो रही है तो फिर पीडीए कहां गया। ऐसे में सपा को अपने राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार को जिताना भी मुश्किल होगा।

# कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा, एजेंसी**

- जेईई परिणाम आने के बाद उठाया कदम बीते 20 दिनों में चौथी घटना

राजस्थान के कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में संयुक्त प्रवेश प्रवेश परीक्षा (जेईई) का परिणाम आने के साथ ही एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते 20 दिनों में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की चौथी घटना है।

जानकारी के अनुसार कोटा में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से जेईई के लिए कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के एक कोचिंग छात्र शुभ कुमार चौधरी ने सोमवार रात किसी समय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसका पता मंगलवार सुबह लगा। वह पिछले दो साल से कोटा में रहकर जेईई की प्रवेश परीक्षा के लिए महावीर नगर प्रथम के एक हॉस्टल में रहकर निजी शिक्षण संस्थान से कोचिंग कर रहा था। वह कोचिंग करने के अलावा 12वीं का छात्र भी था।

सोमवार रात ही जेईई मेंस की परीक्षा का परिणाम आया था। शुभ कुमार चौधरी के आत्महत्या करने का पता उस समय चला, जब परिणाम आने की जानकारी मिलने के बाद उसके माता-पिता ने उसे मंगलवार की सुबह फोन किया, लेकिन बार-बार फोन करने के बावजूद उसने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने उस हॉस्टल के वार्डन को फोन किया, जिसमें वह रह रहा था। हॉस्टल का वार्डन ने शुभ कुमार चौधरी के कमरे में पहुंचा और उसने धक्का देकर दरवाजा खोला तो छात्र फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

## सोनिया गांधी राजस्थान से होंगी राज्यसभा के लिए उम्मीदवार

**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से पार्टी की उम्मीदवार होंगी और वह बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पार्टी सूत्रों ने ने बताया कि सोनिया गांधी बुधवार को जयपुर में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रह सकते हैं। कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 15 फरवरी है। सोनिया गांधी वर्ष 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं। यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल से राज्यसभा की सीट जीतने की स्थिति में है। राजस्थान कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व से राज्य से सोनिया गांधी को नामित करने का आग्रह किया था।



### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

# नए कानून पर रोक से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नए कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति ऐसी समिति द्वारा किये जाने का प्रावधान है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एक गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और इस याचिका को इसी विषय पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह कानून शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के उस फैसले के विपरीत है, जिसने निर्देश दिया था कि सीजेआई उस समिति का हिस्सा होंगे, जो सीईसी और ईसी की नियुक्ति करेगा। जब भूषण ने कानून के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने पर जोर दिया, तो पीठ ने कहा, 'माफ करें, हम आपको इस मामले में अंतरिम राहत नहीं दे सकते।'



## अभिनेत्री मलिका राजपूत का पंखे से लटका मिला शव

**संवाददाता, सुलतानपुर**

- मौत के कारणों का खुलासा नहीं, अवसाद में थीं मलिका

**अमृत विचार :** अभिनेत्री व गायिका विजय लक्ष्मी उर्फ मलिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मलिका का शव उनके घर के कमरे में लटका हुआ पाया गया। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर के सीताकुंड मोहल्ले में मंगलवार को गायिका व अभिनेत्री का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटका मिला। मलिका काफी दिनों से अवसादग्रस्त थी। मलिका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि सोमवार रात पूरा परिवार घर में सो रहा था। उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर रखा था। रात दो बजे कमरे में लाइट जल रही थी। इस पर मां ने दो-तीन बार आवाज दी तो मलिका दरवाजा नहीं खोली। आखिरकार खिड़की से मां ने देखा तो वह खड़ी दिखी। दरवाजे में धक्का दिया हल्का सा तो देखा कि बिटिया पंखे के सहारे फंदे से लटकी हुई है। कोतवाली प्रभारी श्रीराम पांडेय ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मलिका ने कंगना राणावत के साथ फिल्म रिवाल्वर रानी में काम किया था। इसके अलावा कई शार्ट फिल्में भी कर चुकी हैं।

### शत्रुघ्न-सनी लोस की किसी बहस में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी 17वीं लोकसभा में ऐसे दो सदस्य रहे, जिन्होंने पांच साल की अवधि के दौरान कुल 274 बैठकों में 100 प्रतिशत उपस्थिति का गौरव हासिल किया। यह संयोग की कहा जाएगा कि पहली बार लोकसभा पहुंचे इन दोनों सदस्यों को सदन में एक-दूसरे के बगल वाली सीटें आवंटित की गई थीं। दूसरी तरफ, अभिनेता-राजनेता सनी देओल (भाजपा) और शत्रुघ्न सिन्हा (टीएमसी) उन नौ लोकसभा सदस्यों में से थे, जिन्होंने किसी भी चर्चा में भाग नहीं लिया।

# 75 जिलों में लगेंगी 10.11 लाख करोड़ की परियोजनाएं: योगी

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी**

## मुख्यमंत्री ने की तीन दिवसीय जीबीसी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा, आएंगे 35 सौ निवेशक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए प्रदेश के औद्योगिकरण को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई विशेष बैठक में कहा कि 19 फरवरी को एक साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कई केंद्रीय मंत्री, बड़े उद्योगपति, पार्टनर देशों के प्रतिनिधि समेत देशी-विदेशी 35 सौ निवेशक इसके गवाह बनेंगे।



मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 को लेकर विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 14 हजार से अधिक निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की उपस्थिति होगी। यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा। निर्देश दिए कि समारोह की गरिमा और महत्ता के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं।

> नया उत्तर प्रदेश 'उद्यम प्रदेश' बनकर, भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में देश के विकास को सतत गति दे रहा है। प्रदेश आज 6 वर्ष बाद चतुर्थ जीबीसी में 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
> -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### वीवीआईपी मेहमानों को लेकर खास इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीबीसी में अनेक केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। निर्देश दिया कि अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णत: अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ उद्यमियों, निवेशकों आदि की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं।

**सभी जिलों में होगा सीधा प्रसारण :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री संबोधन का सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाए। इसके लिए स्क्रीन लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय उद्यमियों/व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भेजा जाए। यहां जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति हो।

## एक नजर

### आज आएंगे भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी पांडा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में भाजपा लोकसभा चुनाव संगठन का प्रदेश प्रभारी बनने के बाद बुधवार को पहली बार पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा लखनऊ आएंगे। सुबह 8 :45 बजे चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित उनका स्वागत करेगें।

### जिलास्तर से रूर्बन मिशन कार्यों का होगा सत्यापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना के कार्यों का सत्यापन मंडल व जिला स्तर से गठित कमेटी करेगी। ग्राम्य विकास आयुक्त ने जिलाधिकारी को मंडल व जिला स्तर की संयुक्त कमेटी बनाकर सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं।

# फर्जी शिक्षकों को बचाने में मदरसा बोर्ड के पूर्व रजिस्ट्रार निलंबित

## दो मदरसा शिक्षकों के फर्जी अंक पत्रों के सत्यापन में दी गलत रिपोर्ट, विधायक ने मुख्यमंत्री से की थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुशीनगर के मदरसे में दो शिक्षकों ने नियुक्ति के लिए लगाए थे फर्जी अंक पत्र
- शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाये जाने के बाद भी तत्कालीन रजिस्ट्रार ने नहीं की कार्रवाई

**अमृत विचार :** मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह को शासन ने निलंबित कर दिया है। जो वर्तमान में प्रयागराज में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में उप निदेशक पद पर तैनात हैं, उनके खिलाफ विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है। सोमवार देर शाम को यह कार्रवाई कुशीनगर के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा की शिकायत पर की गई है। विधायक ने मुख्यमंत्री से दो शिक्षकों के फर्जी अंक पत्र के सत्यापन में गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया था। इस मामले की जांच पूरी होने पर उनको बर्खास्त भी किया जा सकता है।

कुशीनगर जनपद के मदरसा तेगिया शरीफिया नुरूल उलूम शाहपुर के दो शिक्षक साबिर अली अंसारी एवं जाकिर हुसैन अंसारी ने फर्जी अंक पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की। दोनों शिक्षकों के अंक पत्र का


जगमोहन सिंह

सत्यापन कराने की मांग मदरसा गौसिया फैजुल उलूम महियरवां, दुदहीं के लिपिक अनवर हुसैन द्वारा की गई। तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने अपने कार्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या-916 में जाकिर हुसैन की कामिल वर्ष 2014 व साबिर अली की आलिम वर्ष 2014 के अंक पत्रों का मिलान मुख्य परीक्षा अभिलेख से कराया जो पूर्णतया असत्य एवं फर्जी पाया गया। इसके बाद भी इन शिक्षकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

### हाटा के विधायक ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

इसकी जानकारी होने पर कुशीनगर जनपद के हाटा से भाजपा विधायक मोहन वर्मा ने वर्ष 2023 मई में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। जिसमें पूर्व रजिस्ट्रार व इस मामले से संबंधित सभी तथ्यों की जांच एसआईटी से कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच का आदेश जारी हुआ। शुरुआती जांच में पूर्व रजिस्ट्रार दोषी पाए गए। इस आधार पर तत्काल प्रभाव से उनको निलंबित कर दिया गया।

**शासन को भटकाने का किया था प्रयास :** दोनों शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख फर्जी पाये जाने के बाद भी तत्कालीन रजिस्ट्रार जगमोहन सिंह ने कार्रवाई नहीं की। न ही दोनों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया।

विधायक का आरोप है कि दोनों मदरसा शिक्षकों से मोटी रकम लेकर अपने कार्यकाल में 26 जुलाई 2022 को दस्तावेज को सही बता दिया गया। साथ ही शासन का ध्यान भटकाने के लिए बिना कोई कारण बताए अपने कार्यालय में तैनात लिपिक अरुण कुमार तिवारी और राकेश को 27 जुलाई 2022 को निलंबित कर दिया। मामला शांत होने के बाद रजिस्ट्रार ने दोनों को बहाल भी कर दिया था।

# पुरस्कार से स्मार्ट बनेंगे तीन डीपीआरओ कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 15 जिले दौड़ में, तीन कार्यालयों को मिलेगा पुरस्कार

**अमृत विचार :** स्मार्ट जनपद कार्यालय की दौड़ में 15 जिले शामिल हैं। इनमें से तीन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का चयन कर डॉ. राम मनोहर लोहिया पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार 2023-24 से स्मार्ट बनाया जाएगा। इसके लिए पंचायती राज निदेशालय ने अभिलेख मांगे हैं।

पुरस्कार के तहत में दो, ढाई व तीन लाख रुपये पुरस्कार के तौर पर मिलेंगे। जो कार्यालय को स्मार्ट बनाने में खर्च किए जाएंगे। कुल 26 जिलों ने आवेदन किए थे और सभी ने 50 अंक वाली 19 प्रश्नों की प्रश्नावली ऑनलाइन फीड की थी। इनमें बरेली, बदायूं, पीलीभीत, हमीरपुर, बहराइच, श्रावस्ती, ललितपुर, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर व सहारनपुर पुरस्कार की कतार में हैं।

इन सभी जिलों से प्रश्ननों से संबंधित निदेशक राज कुमार ने दस्तावेज मांगे हैं। इस आधार पर चयन किया जाएगा। इसी तरह 18 मंडल में एक-एक ग्राम पंचायत स्मार्ट के अभिलेख मांगे हैं।

# जया समेत सपा के तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## राज्यसभा चुनावः अखिलेश -शिवपाल रहे मौजूद, सपा को अपना तीसरा प्रत्याशी जिताने के लिए रहेगी एक वोट की जरूरत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पार्टी के तीनों उम्मीदवारों जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन ने मंगलवार को नामांकन किया। विधानभवन के कमरा नंबर 48 में इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पार्टी महासचिव शिवपाल यादव, समेत अन्य विधायक मौजूद रहे।

मंगलवार को विधानभवन में निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे के समक्ष सपा के तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के साथ दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी व विधानसभा के विशेष सचिव ने बताया कि तीनों प्रत्याशियों ने दो-दो सेट में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। सभी उम्मीदवारों ने दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल किये।

**तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है सपा :** सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सपा ने राज्यसभा में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लिए दलित नेता रामजी लाल सुमन पर भरोसा जताया है। चौधरी ने कहा कि रालोद के एनडीए में जाने से राज्यसभा चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन के पास इतना संख्या बल है कि वह अपने तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है।

सपा के पास 108 विधायक हैं और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) में उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास दो विधायक हैं। राज्यसभा में एक उम्मीदवार की सीट सुरक्षित करने के लिए 37 प्रथम वरीयता वोटों की आवश्यकता होगी और इस तरह सपा तीन सदस्यों को राज्यसभा में भेज सकती है।

### आलोक रंजन व उनकी पत्नी के पास 12.50 करोड़ की संपत्ति

लखनऊ : पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने राज्यसभा के लिए जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक, उनके पास नकदी 20,000 रुपये की नकदी है। जबकि पत्नी के पास भी नकदी के रूप में इतने ही रुपये हैं। वहीं, विभिन्न बैंकों में कुल जमा राशि 1,42,77,924.11 रुपये हैं। पत्नी के नाम बैंकों में जमा 27,27,752.86 रुपये जमा हैं। पूर्व मुख्य सचिव का शेयर आदि में निवेश का मूल्य 2,67,26,526.31 रुपये जबकि पत्नी द्वारा शेयर आदि में निवेश का मूल्य 1,09,70,670.00 रुपये का है। आलोक रंजन के नाम से एक होण्डा सिटी और पत्नी के पास के महिन्द्रा केयूवी कार है। उनके स्वयं के पास ज्वेलरी है जिसकी कीमत करीब 4,00,000 रुपये है। पत्नी के पास करीब 46,88,250 कीमत के गहने हैं। 1976 बैच के एमबीए पूर्व आईएएस के पास 70 लाख कीमत की अस्थायी संपत्ति है जबकि 3 करोड़ 75 लाख की पत्नी के नाम है।


आलोक रंजन का नामांकन पत्र दाखिल करते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, साथ में प्रत्याशी जया बच्चन व रामजी लाल सुमन।

### पांच साल में छह गुना बढ़ी जया की संपत्ति

लखनऊ। सपा की ओर से एक बार फिर राज्यसभा जाने को तैयार जया बच्चन ने मंगलवार को जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक उनके पास कुल 1001 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। उनकी संपत्ति 5 साल में 6 गुना बढ़ गई है। इनकम टैक्स रिटर्न के मुताबिक, जया बच्चन ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1,63,56,190 रुपये की कमाई की थी। जबकि पांच साल पहले यानी 2018-19 में उनकी कमाई 25,54,410 रुपये थी। जया बच्चन ने नामांकन पत्र में अपने पति और दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन की संपत्ति का ब्योरा भी दिया है। जिसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में अमिताभ बच्चन की कमाई 273,74,96,590 रुपये, 2020-21 में 226,30,11,810 रुपये, 2019-20 में 152,19,16,340 रुपये और 2018-19 में 193,66,97,120 रुपये की थी। इसके अलावा जया बच्चन के पास 57,507 रुपये और अमिताभ बच्चन के पास 12,75,446 रुपये नकद हैं। जया बच्चन के पास 9,82,385 रुपये की मोटर व्हीकल है। वहीं अमिताभ बच्चन के नाम पर 17 करोड़ 66 लाख रुपये से ज्यादा की लग्जरी कारें हैं। इसके अलावा जया बच्चन के पास जहां 40 करोड़ 97 लाख रुपये से ज्यादा की ज्वैलरी है। वहीं अमिताभ बच्चन के पास 54 करोड़ 77 लाख रुपये की ज्वैलरी है।

### रामजी लाल सुमन के पास 60 हजार की नकदी

**लखनऊ :** सपा के राज्यसभा उम्मीदवारों में से एक रामजी लाल सुमन के नामांकन फार्म से संबद्ध हलफनामे के मुताबिक, उनके पास मात्र 60 हजार की नकदी है। जबकि उनके कोई आश्रित भी नहीं हैं। उनके पास बैंक में डिपॉजिट एलआईसी और तीन लाख की ज्वेलरी समेत कुल स्थायी संपत्ति 37,18 हजार 189 रुपये हैं। जबकि लॉ ग्रेजुएट सुमन के पास 1 करोड़ 85 लाख कीमत की संपत्ति है।

**नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख कलः** राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की समीक्षा 16 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से की जाएगी। मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

राज्यसभा सदस्य चुने जाने के लिए 37 विधायकों के वोट चाहिए। सपा के वर्तमान में 108 विधायक हैं, उसे तीन सीटों पर जीत के लिए 111 विधायकों की जरूरत है। चूंकि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में सपा भी शामिल है, ऐसे में उसे कांग्रेस के दो विधायकों का समर्थन मिल जाएगा। उसे सिर्फ एक वोट की और जरूरत पड़ेगी।

# अखिलेश को लिखे पत्र में स्वामी ने जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देते हुए पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने एक राजनीतिक सुझाव का खुलासा करते हुए लिखा है कि, बीते साल जनवरी-फरवरी 2023 में मैंने आपके (अखिलेश) समक्ष सुझाव रखा कि जातिवार जनगणना कराने, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण को बचाने, बेरोजगारी व बढ़ी हुई महंगाई, किसानों की समस्याओं व




- राजनीतिक सुझाव का खुलासा करते हुए बताईं महत्वपूर्ण बातें

लाभकारी मूल्य दिलाने, लोकतंत्र व संविधान को बचाने, देश की राष्ट्रीय संपत्तियों को निजी हाथ में बेचे जाने के विरोध में प्रदेशव्यापी भ्रमण कार्यक्रम के लिए रथ यात्रा निकाली जानी चाहिए।

आगे उन्होंने लिखा कि इस पर आश्वासन के बाद भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस पत्र में अपने हिंदू धर्म एवं साहित्य को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताए। उन्होंने लिखा कि, मैंने ढोंग-ढकोसला, पाखंड व आडंबर पर प्रहार किया, तो भी कुछ पार्टीजनों ने मुझे निशाना बनाया। मुझे इसका मलाल नहीं, क्योंकि मैं तो भारतीय संविधान के निर्देश के क्रम में लोगों को वैज्ञानिक सोच के साथ खड़ा कर लोगों को सपा से जोड़ने की अभियान में लगा रहा। यहां तक कि मुझे जान से मारने की धमकियां मिलीं।

### मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाएगा जेके सीमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** जेके सीमेंट लिमिटेड के उप प्रबंध निदेशक व सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने प्रदेश में कंपनी के विकास के लिए दीर्घकालिक रोड मैप तैयार करने और रोजगार सृजन के अवसरों को रेखांकित करने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में भाग लेंगे। इनका कहना है कि सीमेंट की कई इकाईयों के साथ कानपुर में मल्टी स्पेशेलिटी हॉस्पिटल स्थापित करने की तैयारी में है। माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि जीबीसी के माध्यम से अलीगढ़ संयंत्र के लिए 300 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश करेंगे, इसी तरह हमीरपुर संयंत्र के लिए 400 करोड़ रुपये के साथ 500 करोड़ रुपये की लागत के साथ प्रयागराज इकाई के लिए नवीनतम निवेश में परिवर्तित होगा।

# पावर सरप्लस स्टेट का रास्ता आसान करेगा जीबीसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी) में विद्युत उत्पादन (नवीकरण उर्जा) के क्षेत्र में देश की छह बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आठ परियोजनाओं से प्रदेश को 'पावर सरप्लस स्टेट' बनने का रास्ता आसान हो जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 13250 मेगावाट की सोनभद्र, मिर्जापुर और चंदौली में इन परियोजनाओं का वर्चुवल भूमिपूजन होगा। इन परियोजनाओं के तहत ग्रीनको ग्रुप, टोरेंट पावर ग्रुप, जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड, एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस, अमुनरा इन्फ्राटेक एवं एग्रीटेक प्रा. लि. तथा अवाड़ा वॉटर बैटरी प्राइवेट जैसी कंपनियां नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा निवेश करने को तैयार है। इन आठ परियोजनाओं में से छह सोनभद्र तथा दो मिर्जापुर व चंदौली जिलों में स्थित हैं। सोनभद्र की परियोजनाओं के लिए जल सोन नदी से लिया जाएगा, जबकि मिर्जापुर तथा चंदौली के लिए जल का स्रोत अदवा डैम तथा मूसाखंड डैम होंगे।

# आपदा नियंत्रण को आईआईटी रुड़की से लेंगे मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर राहत आयुक्त और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द साइन होगा एमओयू

**अमृत विचारः** राज्य सरकार प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों का सहयोग लेगी। सरकार के निर्देश पर राहत आयुक्त कार्यालय और आईआईटी रुड़की के बीच जल्द ही एक एमओयू साइन किया जाएगा।

इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ विभाग के कर्मचारियों को आपदा बचाव के उच्च प्रबंधन का प्रशिक्षण देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। साथ ही, आपदाओं पर शोध व आंकलन के जरिए प्रदेश में ऐसी स्थिति होने से पहले ही कार्य योजना के विकास व क्रियान्वयन का मार्ग सुनिश्चित करेंगे।

अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में आपदाओं की दृष्टि से उप्र संवेदनशील है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हाल में ही आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में इससे निपटने और इसके कारणों पर अध्ययन करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में, आईआईटी रुड़की से एमओयू को लेकर बातचीत चल रही है। एमओयू को लेकर आईआईटी रुड़की और राहत आयुक्त कार्यालय के बीच सहमति बन गई है जल्दी ही दोनों के बीच एमओयू साइन किया जाएगा। यह एमओयू पांच साल के लिए मान्य होगा। इसके तहत आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के साथ इसके कारणों पर शोध करेंगे। इतना ही नहीं विशेषज्ञ उत्तर प्रदेश के जलवायु पैटर्न, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और जोखिम पर शोध करेंगे। इसके जरिये आपदाओं से निपटने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों व सटीक कार्यप्रणाली के विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

### चकबंदी संबंधी कार्यों में भी करेगा सहयोग

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन के साथ चकबंदी संबंधी मामलों में अपना सहयोग करेंगे। आईआईटी रुड़की चकबंदी के सर्वेक्षण और भूमि की नाप-जोख में तकनीकी सहयोग के माध्यम से मामलों के निपटारे में अहम भूमिका निभाएगा।

# लेखपाल ढूंढेंगे शहर के सात हजार वृद्धा पेंशनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिला समाज कल्याण अधिकारी कराएंगी सत्यापन

**अमृत विचार :** शहर में समाज कल्याण विभाग के लापता पेंशनरों का सत्यापन लेखपाल करेंगे। जो कहीं शिफ्ट हो गए या फिर पता बदलने के कारण ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने सत्यापन के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

जिले में कुल 72 हजार वृद्धा पेंशन के लाभार्थी हैं, जिन्हें समाज कल्याण की तरफ से पेंशन मिलती है। इनका हर वर्ष सत्यापन कराया जाता है। इसके बाद भी पता बदलना या फिर शिफ्ट हो जाना या अन्य कारणों से 100 प्रतिशत लाभार्थियों का सत्यापन नहीं हो पता है। इस तरह से शहर के करीब सात हजार पेंशनर ऐसे हैं, जिनका पता नहीं और पुष्टि न होने के कारण पेंशन बंद है। फरवरी अंत में इनकी तलाश कर लाभ देने के लिए लेखपालों से सत्यापन कराया जाएगा।

इसके लिए विभाग सूची देगा और सभी लाभार्थियों का सत्यापन होगा। इसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि 100 प्रतशित सत्यापन होने से लाभार्थियों की स्थिति का पता चलेगा। कोई भी योजना से वंचित नहीं रहेगा।

# लखनऊ में होगा सहकारिता सम्मेलन, आएंगे अमित शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊः** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की मंगलवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई बैठक में सहकारिता सम्मेलन आयोजित करके लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटें जीतने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि फरवरी के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होने वाले सहकारिता सम्मेलन को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता को संबोधित करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने कहा कि तैयारी बैठक में सम्मेलन के लिए जिम्मेदारियों के निर्धारण व अभूतपूर्व सम्मेलन के रोड मैप को अंतिम रूप दिया गया।



बैठक को संबोधित करते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, साथ में विधान परिषद सदस्य पवन चौहान व अन्य। अमृत विचार

- फरवरी माह के आखिरी सप्ताह में आयोजन की बनी रणनीति

बैठक को विधान परिषद सदस्य पवन चौहान, अवनीश कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डीके शर्मा ने भी संबोधित किया। बैठक में अध्यक्ष पीसीपी वाल्मीकि त्रिपाठी, अध्यक्ष सीएलडीएफ यशवीर सिंह, अध्यक्ष यूपीआरएनएसएस प्रेम सिंह शाक्य, अध्यक्ष पीसीयू सुरेश गंगवार, अध्यक्ष यूपीसीबी जितेन्द्र बहादुर सिंह सहित प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व सहकारिता के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खजूर वाली मस्जिद समिति के अध्यक्ष और सचिव पर दर्ज होगी प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बोर्ड आरसी कटवाकर करेगा नुकसान की वसूली

**अमृत विचार :** शिया वक्फ बोर्ड की जांच में अयोध्या के खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर बिना अनुमति के दुकान निर्माण कराने व आवंटन कर धन उगाही का आरोप सही पाया गया है। इस मामले में जांच अधिकारी ने एफआईआर दर्ज करने व दुकानों को सील करने की संस्तुति की है। इस पर बोर्ड ने अयोध्या के एसएसपी और विकास प्राधिकरण के वीसी को पत्र लिखा है। वहीं, बोर्ड अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ आरसी कटवाकर नुकसान की वसूली करेगा।

अयोध्या स्थित खजूर वाली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष व सचिव पर बोर्ड की अनुमति के बिना ही वक्फ संपत्ति पर दुकान का निर्माण कराने और उसका आवंटन कर धन उगाही का आरोप लगा। चेयरमैन अली जैदी ने इस मामले में निरीक्षक को जांच सौंपी थी। निरीक्षक ने अपनी जांच रिपोर्ट बोर्ड को सौंप दी। बोर्ड ने जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी अयोध्या व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर प्राथमिकी दर्ज कराने की सिफारिश की है। वहीं, अयोध्या विकास प्राधिकरण से दुकानों को सील करने को कहा है। यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मीडिया सेल से जारी पत्र के मुताबिक मस्जिद समिति के अध्यक्ष व सचिव पर सरकार से मिले मुआवजे का दुरुपयोग करने व बोर्ड के नाम पर अवैध वसूली करने की शिकायत भी सही पाई गई। कमेटी के अध्यक्ष और सचिव द्वारा संबंधियों के नाम दुकानों का आवंटन कर ख़ुद के बचत खातो में पैसा लेकर वक्फ एक्ट का उल्लंघन किया है।

# प्रधानमंत्री के दौरे से पहले चाक-चौबंद हो व्यवस्था


वाराणसी में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हो रही तैयारी का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मोदी करेंगे काशी का दौरा

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोकार्पित और शिलान्यास होने वाले विकास कार्यों को परखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को वाराणसी पहुंचे। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान योगी ने प्रस्तावित कार्यक्रम की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी जरूरी तैयारी समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने को निर्देशित किया। लोक निर्माण विभाग के कार्यों में हो रही देरी के लिए एनओसी के समय ही टेन्डर प्रक्रिया अपनाने का सुझाव दिया। अधिकारियों को मौके पर जाकर काम देखने को भी कहा।

मालूम हो कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी काशी आ रहे है जिसको लेकर संबंधित विभागों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

### मास्टर ट्रेनर्स ने दिया मतदान कराने का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र. के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों को मतदान कराने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को सभी जिलों के दो-दो मास्टर ट्रेनर्स के लिए दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षित नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर एवं उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मुख्य निर्वाचन उप्र. के नेतृत्व में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के मद्देनजर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुमार विनीत ने निर्विवाद निर्वाचन सम्पन्न कराने की अपील की।

# 13 जिलों में 15 सभाएं करेंगे राहुल गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकली भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार से प्रदेश में 16 फरवरी को चंदौली जिले के नौबतपुर के रास्ते प्रवेश करेगी। वे प्रदेश के 13 जिलों में 15 जनसभाएं करेंगे। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता डा. सीपी राय ने बताया कि यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पहली पड़ाव चंदौली में होगा। 17 फरवरी को वाराणसी के गोलगड्डा मंदिर मार्ग से विश्वेसरगंज तिराहा होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद गोदौलिया चौराहे पर जनसभा होगी। 18 को भदोही के गोपीगंज चौक हंडिया होते हुए हबूसा मोड पर जनसभा, फिर यूनिवर्सिटी चौराहा होते हुए सोरांव में जनसभा, 19 को मऊआइमा से प्रतापगढ़ के भगवान चुंगी चौराहा होते हुए लालगंज चौक में जनसभा, फिर सांगीपुर होते हुए अमेठी पहुंचेगी, जहां रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी से यात्रा शुरू होकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गौरीगंज पहुंचेगी। 20 फरवरी अमेठी के फुरसतगंज से रायबरेली के अम्बेडकर चौराहा होकर सुपर मार्केट के करीब जनसभा होगी। यहां से बछरावां होते हुए मोहनलालगंज के रास्ते में लखनऊ पहुंचेगी। यहां केकेसी, चारबाग, नाका नींबू पार्क तिराहा होते हुए घंटाघर में जनसभा होगी। 21 फरवरी को उन्नाव बाईपास, शुक्लागंज होते हुए कानपुर के घंटाघर में जनसभा होगी। यहां से रनियां होते हुए जालौन जिले में पहुंचेगी। 22 को झांसी के रानी लक्ष्मी बाई चौराहा से यात्रा शुरू होकर बीकेडी चौराहा होते हुए मां पीताम्बरा देवी (दतिया) पहुंचकर मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी।

## एक नजर

### तहसील के पास से पंचायत सचिव की बाइक चोरी

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय तहसील के निकट मोटरसाइकिल खड़ी कर चाय पीने गए पंचायत सचिव की बाइक दिनदहाड़े चोरी हो गयी। थाना क्षेत्र कोठी के नकटा सेहरिया गांव निवासी पवन कुमार विकास खंड हैदरगढ़ में ग्राम पंचायत अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह अपनी बाइक तहसील मुख्यालय के सामने पटरी पर स्थित एक होटल के निकट खड़ी करके चाय पीने चले गए। लगभग एक घंटे बाद जब वह वापस आए तो मौके पर से बाइक नदारद थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक नहीं मिली। इसके बाद पंचायत सचिव ने कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किशोरी से छेड़छाड़ के दो दोषियों को 4 साल की कैद

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** करीब सात वर्ष पहले किशोरी से छेड़छाड़ करने के दो अभियुक्तों को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी मानते हुए चार-चार साल के कठोर कारावास व साढ़े आठ-साढ़े आठ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला कोठी थाना क्षेत्र का है। यहां के एक गांव निवाी पीड़ित पिता ने 29 अप्रैल 2017 को थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबलिग बेटी से रहीमपुर मजरे सेमरावां निवासी छोटकऊ और सीबू ने छेड़छाड की। इस पर पुलिस ने छेड़खानी, पाक्सो एक्ट और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

मामले की विवेचना कर रहे सीओ हैदरगढ़ ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं साक्ष्य संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त छोटकऊ और सीबू को छेडखानी व पॉक्सो एक्ट का दोषी मानते हुए चार-चार वर्ष के कठोर कारावास और 8500-8500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। वहीं एससीएसटी एक्ट और धमकी की धाराओं से दोषमुक्त किया।

# जन्मदिन पर जलशक्ति मंत्री ने की मंदिर की सफाई

**गांव चलो अभियान**

- राित्र प्रवास के दौरान शिव मंदिर में किया सुंदर कांड का पाठ
- गांव की गलियों में भ्रमण कर जानीं ग्रामीणों की समस्याएं

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी:**


दौलतपुर गांव स्थित शिव मंदिर परिसर की सफाई करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर में गांव चलो अभियान के दौरान अपने प्रवास के दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ा गए। मंगलवार को स्वतंत्र देव सिंह ने अपने जन्मदिन की शुरुआत शिव मंदिर की सफाई करके की। सोमवार की पूर्वाह्न गांव पहुंचे जलशक्ति मंत्री दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए आम जनता से रूबरू हुए। रात्रि प्रवास के दौरान गांव के शिव मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया। आरती भी की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह देर रात तक शिवमन्दिर में ग्रामीणों के साथ भजनों में तल्लीन रहे। रात्रि विश्राम पद्मश्री एवं प्रगतिशील किसान रामशरण वर्मा के आवास पर किया। मंगलवार की भोर में गांव की गलियों में टहलने के दौरान ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनका हालचाल भी जाना। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निदान करने का निर्देश अधिकारियों को दिया और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का ग्रामीणों से समर्थन मांगा। इसके बाद वह राजधानी रवाना हो गए।

### सेवा दिवस के रूप में मना स्वतंत्रदेव का जन्मदिन

**सतरिख,बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक के करीमाबाद मलौली में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर लोगों में मिष्ठान्न और फल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि भाजयुमो के जिला महामंत्री रवि आर. वर्मा और प्रधान हर्षित पटेल ने हवन पूजन किया। महामंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने स्वतंत्र देव सिंह का महत्वपूर्ण योगदान है। इस मौके पर अशोक कुमार, आकाश श्रीवास्तव, प्रेम, शिवनारायन, निर्मल, लवकुश आदि थे।

# जेईई मेंस में बाराबंकी के मेधावियों का जलवा

## एक ही कॉलेज के 25 छात्र-छात्राओं ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर रचा इतिहास

**मना जश्न**

- सहर्ष को 99.44 तो सक्षम को 99.42 परसेंटाइल
- परिणाम की जानकारी मिलते ही खुशी से खिले छात्रों के चेहरे

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


जेईई मेंस परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद खुशी मनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा ही नहीं, प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बाराबंकी के मेधावी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर इतिहास रच रहे हैं। यूपी बोर्ड की परीक्षा देने से पहले ही मेधावियों ने जेईई मेंस में 90 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल कर अपनी योग्यता का जलवा बिखेरकर जिले के साथ कॉलेज और परिवार का नाम रोशन किया है।
मंगलवार को घोषित हुए जेईई मेंस में शहर के बडेल स्थित श्री साईं इंटर कॉलेज के दो दर्जन से अधिक छात्रों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर अपना दबदबा कायम रखा। इसमें सहर्ष श्रीवास्तव 99.44, सक्षम तिवारी 99.42 तो मुदित वर्मा 99 परसेंटाइल के साथ कॉलेज में अव्वल हैं।

परीक्षा परिणाम आने के बाद मंगलवार को कॉलेज में जश्न का माहौल रहा। कॉलेज के प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा ने बच्चों को माला पहनाने के साथ मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया तो वहीं बैंड-बाजे के साथ आतिशबाजी भी की गयी।

शहर के बड़ेल कैनाल पर स्थित साईं इंटर कॉलेज के मेधावियों ने जेईई मेंस के परीक्षा परिणाम में इतिहास रचा। बाराबंकी से कोटा में कोचिंग करने के बाद भी बच्चों ने जो मुकाम व इतिहास नहीं रचा। वह मिथक अब बाराबंकी में रहकर टूट रहा है।

यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों ने जेईई मेंस के परिणाम में ही अपनी मेधा का प्रदर्शन 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर किया। इसमें सहर्ष श्रीवास्तव ने 99.44, सक्षम तिवारी 99.42, मुदित वर्मा 99, चंदन यादव 98.60, आयुषी 98.50 , हमजा अंसारी 98.20 , आदर्श वर्मा 97.62, कुशाग्र बैसवार 97.52,अतुल सिंह 96, वैष्णवी गुप्ता 96, अंकुर भारती 96, महेंद्र सिंह यादव 95.40, पुष्कर वर्मा 95.40, सचिन कुमार 93.83, सौरभ वर्मा 93.20 , भूमि श्रीवास्तव 93.12, हर्ष श्रीवास्तव93.10, विवेक कुमार 92.60, उत्कर्ष गुप्ता 92.20,ऋषेंद कुमार यादव 91,विशेष कुमार 90.26, स्पर्श वर्मा 90.20, हर्ष यादव 90.10, अंशिका वर्मा 90.10 व आदित्य तिवारी ने 90 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया।

जेईई मेंस का परीक्षा परिणाम आने के बाद कॉलेज में पढ़ाई का माहौल जश्न में बदल गया। कॉलेज के प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा ने बैंड बाजा व आतिशबाजी के साथ मेधावियों का उत्साह वर्धन किया। वहीं माला पहनाकर मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाइ खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान कॉलेज के शिक्षक भी उत्साह से लबरेज दिखे। जेईई मेंस का परिणाम आते ही सफल छात्र-छात्राएं खुशी से उछल पड़े। उन्होंने एक-दूसरे को सफलता की बधाई दी। जेईई मेंस में सफल मेधावी छात्र और छात्राओं की सफलता पर उनके परिवारवालों ने भी खुशी जतायी।


सहर्ष श्रीवास्तव 99 .44 परसेंटाइल
सक्षम तिवारी 99 .42 परसेंटाइल
मुदित वर्मा 99 .00 परसेंटाइल
चंदन यादव 98 .60 परसेंटाइल
आयुषी 98 .50 परसेंटाइल
हमजा अंसारी 98 .20 परसेंटाइल
आदर्श वर्मा 97 .62 परसेंटाइल
कुशाग्र बैसवार 97 .52 परसेंटाइल
अतुल सिंह 96 .00 परसेंटाइल
वैष्णवी गुप्ता 96 .00 परसेंटाइल
अंकुर भारती 96 .00 परसेंटाइल
सचिन कुमार 93 .83 परसेंटाइल
महेंद्र सिंह यादव 95 .40 परसेंटाइल
पुष्कर वर्मा 95 .40 परसेंटाइल
सौरभ वर्मा 93 .20 परसेंटाइल
भूमि श्रीवास्तव 93 .12 परसेंटाइल
विशेष कुमार 90 .26 परसेंटाइल
विवेक कुमार 92 .60 परसेंटाइल
उत्कर्ष गुप्ता 92 .20 परसेंटाइल
ऋषेंद्र कुमार यादव 91 .00 परसेंटाइल
स्पर्श वर्मा 90 .20 परसेंटाइल
हर्ष यादव 90 .10 परसेंटाइल
अंशिका वर्मा 90 .10 परसेंटाइल
आदित्य तिवारी 90 .00 परसेंटाइल

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु


कथा सुनातीं गौरी किशोरी।

**मसौली,बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम गोड़वा ग्वारी स्थित आदिशक्ति दुर्गा माता मन्दिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सीतापुर से पधारी कथावाचिका गौरी किशोरी ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथावाचिका ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि कंस ने अभिमान और अनीतिपूर्वक राज करने के लिए अपने पिता उग्रसेन को बंदी बना लिया था। आकाशवाणी से अपनी भावी मृत्यु का संकेत पाकर उसने अपनी बहन देवकी और बहनोई वासुदेव को बंदी बनाकर कारागार में डाल दिया। वहां एक-एक करके उनके छह पुत्रों की हत्या कर दी। सातवें गर्भ में खुद शेषनाग के आने पर योगमाया ने उनको देवकी के गर्भ से निकालकर वासुदेव की पहली पत्नी रोहणी के घर में स्थापित कर दिया। श्रीकृष्ण ने आठवीं संतान के रूप में जन्म लिया। आयोजक पुजारी रामपाल, सन्तोष सागर, शिवकुमार, रमेश चंद्र, राजेश, जय जयराम, विश्राम आदि मौजूद रहे।

### दिलीप, विजय व दिवाकर मनोनीत किये गए उपाध्यक्ष


प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सिरौलीगौसपुर के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने पदाधिकारियों एवं शिक्षकों की बैठक में शिक्षक समस्याओं पर चर्चा करते हुए ब्लॉक संगठन का विस्तार किया। इसमें प्राथमिक विद्यालय कटका में कार्यरत दिलीप तिवारी, प्राथमिक विद्यालय महमदपुर में कार्यरत विजय सिंह एवं प्राथमिक विद्यालय कोठीडीहा में कार्यरत दिवाकर यादव को उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। समस्त मनोनीत पदाधिकारियो ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंत्री शिवाजी मिश्र, संयुक्त मंत्री पवन मिश्र, कोषाध्यक्ष आलोक वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, सौरभ वर्मा, सचिन वर्मा, नेहा शुक्ला, अपर्णा श्रीवास्तव, समरीन खान, सुनील शुक्ल, प्रतिभा वर्मा, अमरेन्द्र चतुर्वेदी, शिवम श्रीवास्तव, एकता यादव, एकता चौरसिया, जितेंद्र यादव, रोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक की लंबाई बढ़ाने की मांग




**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर कुमार पासी ने नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार से मुलाकात कर हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की लम्बाई बढ़ाने की मांग की है। श्री पासी ने मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार को बताया कि लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत आने वाले हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के छोटा होने के कारण रुकने वाली गाड़ियों के 5 से 6 स्लीपर कोच आगे निकल जाते हैं। इसकी वजह से रेल यात्रियों को अपने कोच में चढ़ने-उतरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मुख्य जनसंपर्क अधिकारी से प्लेटफार्म नंबर एक की लंबाई बढ़ाये जाने की मांग की है।

### भंडारे के साथ आज होगा रामचरितमानस पाठ का समापन

**हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार :** भटखेरा वार्ड स्थित जय महाकालेश्वर शिव मंदिर पर मंगलवार की सुबह से रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू हुआ। बुधवार को मानस पाठ के समापन पर हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के प्रबंधक योगेश द्विवेदी ने यह जानकारी दी।

# दो केंद्रों पर 327 छात्र देंगे परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**संस्कृत बोर्ड**

- कल से दो केंद्रों पर होंगी पूर्व और उत्तर मध्यमा की परीक्षाएं
- चार संस्कृत विद्यालयों के छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा गुरुवार से शुरू होगी। इस परीक्षा में चार संस्कृत विद्यालयों के पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा के 327 छात्र-छात्राओं के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए है। संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था व सीसीटीवी की निगरानी में 15 से 29 फरवरी तक होंगी।

जिले में संस्कृत बोर्ड की परीक्षा को लेकर शहर के सिटी इंटर कॉलेज और रामनगर के विद्युत परिलोधेश्वर संस्कृत महाविद्यालय महादेवा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन पर पूर्व मध्यमा द्वितीय तथा उत्तर मध्यमा प्रथम व द्वितीय के 327 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। सिटी इंटर कॉलेज को 195 छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

इस पर गुरुकुल संस्कृत विद्यालय हैदरगढ़ के 27 व सनातन धर्म संस्कृत विद्यालय नागेश्वरनाथ के 72 छात्र-छात्राएं तथा विद्युत परिलोधेश्वर संस्कृत महाविद्यालय के महादेवा के 96 छात्र परीक्षा देंगे। वहीं विद्युत परिलोधेश्वर संस्कृत महाविद्यालय को 132 छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

इस पर सच्चिदानंद गुरुकुल संस्कृत विद्यालय मुंडा गोपाल के 31 छात्र-छात्राएं व विद्युत परिलोधेश्वर की 101 छात्राएं परीक्षा देंगी। संस्कृत बोर्ड की नकलविहीन परीक्षा कराने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

गुरुवार से सीसीटीवी की निगरानी में संस्कृत बोर्ड के पूर्व मध्यमा द्वितीय और उत्तर मध्यमा प्रथम व द्वितीय की परीक्षाएं कराई जाएंगी। इस संबंध में डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने बताया कि संस्कृत बोर्ड की परीक्षा की तैयारी कर ली गई है। दो केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन होगा।

# जुआ खेलते समय 20 लोग गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 20 आरोपियों को अलग-अलग थानों की पुलिस ने मंगलवार को दबोचा। फड़ से पुलिस ने 5225 रुपये बरामद किए। मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस ने राजू, अनस, सद्दाम, शरीफ, रामचंद्र, सुशील व भ टुआमऊ निवासी हसनैन, नै मुद्दीन, मुन्ना व सत्तार को पक ड़ा। बदोसराय पुलिस ने दिलीप, हेमचंद्र, अंकित, जवाहर, लवकुश व प्रकाश को जुआ खेलते दबोचा। रामसनेहीघाट थाने की पुलिस टीम ने जुआ खेल रहे बनीको डर निवासी प्रमोद सिंह, रामकुमार, भेंदुआ ठकुरान निवासी सुनील तथा जेठवनी निवासी राजेश को दबोचा।

# बंकी-बाराबंकी को जोड़ने के लिए बनेगा अंडरपास

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**राहत**

- डीआरएम ने निरीक्षण कर दिया आश्वासन
- नहीं टूटेगा फुट ओवरब्रिज का अवशेष भाग

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के डीआरएम एके सपरा मंगलवार को यहां पहुंचे। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि अब फुट ओवरब्रिज को और नहीं तोड़ा जाएगा। बंकी-बाराबंकी को जोड़ने के लिए अंडरपास अथवा ओवरब्रिज के निर्माण का रास्ता निकाला जाएगा।

डीआरएम ने कहा कि बाराबंकी जंक्शन का चयन अमृत भारत योजना के तहत हुआ है। इस स्टेशन पर दो ओवर ब्रिज बनाये जाएंगे। एस्केलेटर लगाए जाएंगे। देवा रोड पर ओवरब्रिज है अब एक अंडर पास भी बनाया जाएगा। सांसद उपेंद्र रावत ने बताया कि उन्होंने जनाक्रोश देखते हुए रेल मंत्री से मिलकर उन्हें स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद डीआरएम यहां आए। गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने डीआरएम से मिलकर बंकी और बाराबंकी के बीच ओवर ब्रिज निर्माण के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपा।

**डेमो वोटिंग** राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी ने ईवीएम और वीवी पैट प्रदर्शन का किया निरीक्षण

# लोगों ने ईवीएम में बटन दबाकर मत देने का सीखा तरीका

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में वोट देता व्यक्ति तथा निरीक्षण करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से होने वाले मतदान पर किसी प्रकार के लगने वाले आरोप-प्रत्यारोप को दूर करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पिछले एक माह से ईवीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं लोगों को ईवीएम से मत देने का तरीका भी सिखाया जा रहा है। मतदाता ईवीएम में मतदान कर उसकी शुचिता परख रहे हैं। इसी को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार की मौजूदगी में विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने ईवीएम को परखा।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला मुख्यालय सहित सभी तहसील मुख्यालयों पर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां पर आकर मतदाता ईवीएम में वोट डालने का तरीका सीख रहे हैं और वोट देकर वीवी पैट के माध्यम से इसकी सत्यता परख रहे हैं। मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार की मौजूदगी में जिला निर्वाचन कार्यालय के बाहर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन केंद्र पर भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा के प्रतिनिधियों ने अपना वोट डाला और सभी प्रतिनिधि संतुष्ट दिखे। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि सभी तहसील मुख्यालयों पर इसी प्रकार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग वोट डालने की प्रक्रिया को समझें और उसकी सत्यता परखें। इस मौके पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय, एसडीएम विजय द्विवेदी समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# गरीबों के लिए सौगात है शिविर:गोप

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी**


हड़िया कोल आश्रम में पूर्व मंत्री गोप को स्मृति चिह्न प्रदान करते आश्रम के सेवादार।

**अमृत विचार:** हड़िया कोल आश्रम में हर वर्ष आयोजित होने वाला निःशुल्क ऑपरेशन शिविर गरीब व कमजोर वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे मरीजों का निःशुल्क उपचार हो रहा है।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने श्री राम वन कुटीर स्थित स्वामी रामदास स्मृति चिकित्सालय में उदयपुर के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. जे. के. छापरवाल की देखरेख में कई दिनों से आयोजित निःशुल्क ऑपरेशन शिविर में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों के समक्ष व्यक्त किये। उन्होंने मरीजों से मुलाकात भी की।

पूर्व मंत्री ने शिविर में हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। वरिष्ठ सर्जन छापरवाल ने बताया कि यह देश का सबसे बड़ा निःशुल्क ऑपरेशन शिविर है। इस शिविर की शुरुआत ब्रह्मलीन स्वामी रामदासजी महाराज ने की थी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन शिविर में अब तक हमारी टीम ने 3 हजार 500 से अधिक मरीजों का ऑपरेशन किया है। इसमें मोतियाबिंद, हर्निया आदि के ऑपरेशन शामिल हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, आकाश, हशमत अली, अमित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### रामनगर से नहीं हटा अतिक्रमण, लग रहा जाम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश के बावजूद कस्बे के मार्गों पर अतिक्रमण को हटवाया नहीं जा सका। 3 फरवरी को डीएम सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कस्बे के मोहल्ला लखरौरा निवासी दयाशंकर तिवारी ने कस्बे के विभिन्न मार्गों पर फैले अतिक्रमण को हटवाने की मांग करते हुए एक शिकायती पत्र दिया था। डीएम ने ईओ को 3 दिन में अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक स्थिति वैसी ही है। इससे जाम लगता है और कस्बेवासी परेशान होते हैं।

### रकम दूसरे के खाते में ट्रांसफर करने का आरोप

**बनीकोडर बाराबंकी, अमृत विचार :** आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक पर किसान सम्मन निधि की रकम निकाल लेने का आरोप लगा है। यह रकम संबंध किसान की मौत के 14 महीने बाद भी उसके खाते में आ रही थी। थाना असंद्रा तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के थमरापुर मजरे दुल्लापुर निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र स्व .रामकिशोर ने सूरजपुर स्थिति आर्यावर्त बैंक शाखा प्रबंधक पर ये आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### जालसाज गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाने की पुलिस ने धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में फरार चल रहे पखरपुर निवासी ओम प्रकाश को दबोचा। उसके बाद विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

### सीतापुर का चोर बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बड्डूपुर थाने की पुलिस ने मंगलवार को एक शातिर चोर को दबोचा। उसके बाद थाने लाए गए अभियुक्त सीतापुर जिले के महमूदाबाद थाना क्षेत्र के कडरी निवासी लक्ष्मी नारायण शुक्ला को कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा।



धरती ने ओढ़ी पीली चुनरिया : वसंत ऋतु के आने का संकेत देते दरियाबाद इलाके के खेत में खिले सरसों के फूल।

# स्कूलों में पूजी जाएंगी विद्या की देवी

**वसंत पंचमी आज**

- शिक्षण संस्थाओं में आयोजित किये जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम
- सरस्वती शिशु मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नगर सहित जिले के विभिन्न इलाकों में वसंत पंचमी का त्योहार मनाने की तैयारी मंगलवार को पूरी हो गई। बुधवार को वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिले में सभी स्कूलों में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा अर्चना होगी। वहीं आज के ही दिन वैलेंटाइन डे को लेकर युवाओं में एक अलग ही जोश व उत्साह दिख रहा है। हालांकि पुलिस इस पर नजर रखेगी।

वसंत पंचमी के संबंध में पं. अभय शास्त्री ने बताया कि यह पर्व स्वयं सिद्ध मुहूर्त है। इस दिन मंगल कार्य करने का भी विधान है। विद्या, गीत-संगीत एवं कला की देवी मां सरस्वती के पूजन में दूध, दही, मक्खन, सफेद तिल के लड्डू, गेहूं की बाली, सफेद रंग की मिठाई और सफेद व पीले फूल मां को अर्पित करना चाहिए। साथ ही पूजा के समय पीले वस्त्र पहनने चाहिए। उधर वसंत पंचमी के मौके पर जिले के अधिकांश शिक्षण संस्थाओं में सरस्वती पूजन के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूजन के बाद कई विद्यालयों में छात्र और छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। सबसे खास आयोजन जिलेभर के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

### वैलेंटाइन डे आज : गिफ्ट आइटम व फूलों की बिक्री बढ़ी

वैलेंटाइन डे के लिए बाजारों में गिफ्ट और फूलों की खूब बिक्री हो रही है। इस दिन को खास बनाने के लिए होटल, रेस्टोरेंट संचालकों ने भी खास तैयारी की है। वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर दुकानों पर गिफ्ट खरीदने के लिए युवाओं की भीड़ लगी रही। गुलाब के फूल की मांग बढ़ने के कारण इसकी कीमत दोगुनी हो गयी। 150 रुपये प्रतिकिलो बिकने वाले गुलाब के फूल का दाम 300 रुपये प्रति किलो पहुंच गया। वहीं युवाओं को आकर्षित करने के लिए बाजार की विभिन्न दुकानों में नए-नए उपहार देखने को मिल रहे हैं। हालांकि युवा वर्ग द्वारा गुलाब का फूल, शोपीस, टेडीबियर, चॉकलेट पैक, घड़ी व अन्य सामान आदि की खरीदारी जोरों पर की जा रही है। फूल माला विक्रेता उमेश कुमार ने बताया कि वैलेंटाइन डे के कारण देशी गुलाब के फूल की कीमत में बढ़ोतरी हुई है।

# किसानों की हितैषी नहीं सरकार : अलका

## जहांगीराबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुईं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष

जहांगीराबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कस्बा जहांगीराबाद में मंगलवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा ने महिलाओं किसानों, नौजवानों व महंगाई, बेराजगारी पर बोलते हुए जनता को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के अन्नदाता को दिल्ली में कुचला जा रहा है। उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। आंसू के गोले छोड़े जा रहे हैं। पीड़ित किसानों ने जिस दिन हल चलाना छोड़ा तो देश भुखमरी की कगार पर होगा। किसान न्याय के लिए भटक रहा है। डबल इंजन सरकार किसानों की हितैषी नहीं है।



महिला सम्मेलन में लोगों का अभिवादन करतीं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा। अमृत विचार

उन्होंने भाजपा सरकार को तानाशाह सरकार बताया। महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय पर बोलते हुए उन्होंने जनता को एक पोस्टर दिखाया जिसमें भाजपा के कई बड़े नेताओं के नाम शामिल थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में दुष्कर्म के दोषी सांसद, विधायक शामिल हैं। आरोप लगाया कि सरकार उन्हें सजा दिलाने के बजाए बचाने का काम कर रही है। उन्होंने बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने बेटियों को आर्थिक न्याय के तहत काम देने का वादा किया। कहा कि समूह बनाकर महिलाएं पैड बनाने की तैयारी करें।

इसके पूर्व कांग्रेस नेता तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से ही महिलाओं को सबल बनाने का काम किया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष ममता, प्रदेश सचिव प्रतिभा कलपाल समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लेखपालों ने खाली किए कमरे

**खबर का असर**

कवेन्द्र नाथ पांडेय, बाराबंकी



तहसील में लगाया गया बोर्ड।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- प्रशासन की सख्ती के बाद दिखा बदलाव, चस्पा की गई नाम और मोबाइल नंबरों की सूची

**अमृत विचार :** डीएम आवास के सामने लेखपाल वाली गली में किराए के कमरों में लेखपाल दफ्तर खोल तहसील चला रहे थे। इसके चलते आईएसओ का दर्जा हासिल करने वाली नवाबगंज तहसील में आमजनता के लिए लेखपाल आसानी से सुलभ नहीं हो पाते थे। आवंटित कमरों में सन्नाटा और चस्पा की गई नाम व मोबाइल नंबरों वाली सूची तक के न होने से लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा था। इस आशय का समाचार 8 फरवरी के अंक में 'अमृत विचार' में प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। इसके बाद हरकत में आए प्रशासन ने जहां तहसील में नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक के नाम, क्षेत्र व मोबाइल नंबर की सूची चस्पा कराई, वहीं डीएम आवास के सामने किराए पर कमरा लेकर दफ्तर चलाने वाले लेखपालों पर सख्ती की तो कमरे खाली कर लेखपाल तहसील में आवंटित कमरों में बैठने लगे।

बाराबंकी की नवाबगंज तहसील को वर्ष 2019 में आईएसओ का दर्जा हासिल हुआ। इसके लिए तत्कालीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम अजय कुमार द्विवेदी ने तहसील की सूरत बदली। यह देख यहां पहुंचे आईएसओ के प्रिंसिपल सेक्रेटरी केके गोगिया ने एसडीएम अजय द्विवेदी की सराहना की लेकिन अजय द्विवेदी के तबादले के बाद तीन वर्ष में ही आईएसओ के मानक धरासाई हो गए। यहां लगी लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के नाम व मोबाइल नंबर वाली सूची गायब हो गई। बायोमेट्रिक उपस्थित बंद हुई तो अधिकांश लेखपालों ने आवंटित कमरों में बैठना बंद कर दिया। डीएम आवास के सामने किराए के कमरों में अपना दफ्तर बनाकर लेखपाल तहसील के काम मुंशियो से करा रहे थे। खबर प्रकाशित होने के बाद लेखपालों ने कमरे खाली किए तो तहसील में उनकी सुलभता देखने को मिल रही है। नाम व मोबाइल नंबर की सूची से जनता को सहूलियम मिल रही है।

# जिले में 22 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा



कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा 17 व 18 फरवरी को जिले के 22 केंद्रों पर होगी। इसके लिए पूरे जिले को 8 सेक्टर में बांटकर 29 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर रणनीति की। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 17 व 18 फरवरी को पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा कराई जाएगी जिसमें 22 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली में 10 से 12 बजे तक व द्वितीय पाली में 3 से 5 बजे तक परीक्षा होगी। 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 29 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी समय से पहुंचकर प्रवेश लें, ताकि परीक्षा में शामिल होने पर कोई समस्या न हो। सभी अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं कर लें। उन्होंने संबंधित एजेंसी से कहा कि सीसीटीवी, फ्लेस्टिंग, परीक्षार्थियों की फोटोग्राफी आदि के लिए मैनपॉवर की व्यवस्था करें। कोषागार में डबल लॉक पर प्रश्न पत्र रखवाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र में रहकर जो पुलिस परीक्षा को संपन्न कराने के लिए निर्देशिका शासन द्वारा दी गई है, उसी के अनुसार कराया जाएं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने कहा कि सभी व्यवस्थाएं 16 फरवरी तक प्रत्येक दशा में सभी परीक्षा केंद्रों पर कर लें। गेट में प्रॉपर तरीके से चेकिंग अवश्य कराई जाएगी। कक्ष निरीक्षक लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा को संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई भी फोटोकॉपी या साइबर कैफे नहीं खुलने चाहिए। परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध वाहनों पर भी निगाहे रखें। केंद्रों के अंदर मोबाइल या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं जाएगी। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षा में 537 परीक्षार्थी रहे नदारद

कार्यालय संवाददाता बाराबंकीः

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं मंगलवार से जिले में प्रारंभ हो गई। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की देखरेख में 11 केदो पर यह परीक्षाएं कराई जा रही है। पहले दिन दो पालियों में हुई परीक्षाओं में 537 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

सुबह की पाली में सेकेंडरी अरबी और फारसी की परीक्षा में पंजीकृत 1639 में से 1265 तो दूसरी पाली में 1432 में से 1269 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिला और संख्या कल्याण अधिकारी समेत नामी



परीक्षा का निरीक्षण करते अधिकारी।

सेक्टर मजिस्ट्रेट में केदो में पहुंचकर परीक्षा की सुचिता को परखा। इस बार की मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न करने के लिए 11 परीक्षा केंद्रों बनाए गए हैं। मदरसा बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन की सुबह की पाली में सेकेंडरी अरबी और फारसी की परीक्षा कराई गई। पहली पाली में पंजीकृत 1639 में से 1265 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें सेकेंडरी अरबी के 812 तो सेकेंडरी फारसी के 827 परीक्षार्थी शामिल रहे। सेकेंडरी अरबी के 199 तो सेकेंडरी फारसी के 175 विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इस प्रकार पहली पाली में कुल 374 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में सीनियर सेकेंड्री और कामिल, फाजिल दर्जे की परीक्षाएं हुईं। इनमें सीनियर सेकेंड्री की परीक्षा में पंजीकृत 431 में 358 ने परीक्षा दी वहीं 73 लोगों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं कामिल दर्जे की परीक्षा में पंजीकृत 720 में 649 परीक्षार्थी बैठे जबकि 71 विद्यार्थी गायब रहे। इसी तरह फाजिल दर्जे के पंजीकृत 281 में 262 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। वहीं 19 ने परीक्षा नहीं दी। इस तरह पहली पाली में 374 तो दूसरी पाली में 163 विद्यार्थयों ने परीक्षा नहीं दी। परीक्षा को नकल विहीन और सूचिता पूर्ण तरीके से कराने के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बालेंदु द्विवेदी समेत नमित सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

### 107 लीटर शराब बरामद, दो महिलाओं समेत 10 गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस ने मंगलवार को दो महिलाओं समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर 107 लीटर शराब बरामद की। कोठी पुलिस ने बबक्करपुर निवासी सुरेश रावत, पडरांवा के धनीराम और इब्राहिमाबाद की भगवान देई को पकड़कर 30 लीटर शराब बरामद की। रामसनेही घाट पुलिस ने भीखरपुर निवासी रामबहादुर तथा दरियाबाद थाने के नेवली मजरे दनापुर निवासी हरिश्चंद्र रावत को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा। देवा थाने की पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ रेंदुआ पल्हरी निवासी सरवन कुमार को दबोचा। सुबेहा पुलिस ने तिलक का पुरवा मजरे कोलवा निवासी दल बहादुर उर्फ रमेशर और रामऔतार को गिरफ्तार कर 18 लीटर शराब बरामद की। फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ कटघरा निवासी नीरज को दबोचा।

# कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**मिलन समारोह**

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार को भाजपा के मिलन समारोह में हजारों लोगों ने पार्टी का दामन थाम लिया। विधानसभावार आयोजित हुए मिलन सम्मेलन में पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में लोगों को सदस्यता दिलाई।

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सभी को समाहित करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ-सबका विकास के साथ सबका विश्वास



सांसद उपेंद्र रावत का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता। फोटो : अमृत विचार

के मूल मंत्र पर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा में शामिल होने वाले लोगों का स्वागत किया। कुर्सी, जैदपुर और बाराबंकी में आयोजित हुए मिलन समारोह में 1,378 लोगों ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा के जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तेज प्रताप सिंह, सपा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सज्जन लाल गुप्ता, शुक्लाई प्रधान मनोज यादव, सभासद ताम्र ध्वजानंद, शेखर बाल्मिकी, डॉ. पूनम गुप्ता, प्रीति यादव, प्रधान राम नाथ यादव, प्रथ्वीपाल यादव, अब्दुल समद को सांसद व जिला अध्यक्ष ने माला और पटका पहनाकर सभी को सदस्यता दिलाई। संचालन संदीप गुप्ता ने किया।

## सार-संक्षेप

### ओवरलोड ट्रॉलियों से लग रहा जाम



कोटवा सड़क कस्बे में लगा जाम।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या हाईवे के कोटवासडक कस्बे में सर्विस रोड पर कोटवा धाम की तरफ से रोजाना आने वाले गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक व ट्रॉली दूसरे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। ओवरलोड इन वाहनों की चौड़ाई इतनी ज्यादा हैं कि गन्ने के ट्रॉले सर्विस रोड पर बीच में फंस जाने से आवाजाही पूरी तरह बंद हो जाती है। सन्नी निगम, हुकुम सिंह वर्मा, सौरभ वैश्य, राम गोपाल वर्मा, मनीष रावत ने बताया कि आए दिन हाईवे की सर्विस रोड पर ओवरब्रिज के पास गन्ने से ओवरलोड ट्रॉलियों की वजह से जाम लगता हैं। प्रशासन को इन ट्रॉलियों पर अंकुश लगाना चाहिए।

### पलिया मसूदपुर में बनेगा सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय



चयनित भूमि देखते जिलाधिकारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मंगलवार को विकास खंड बंकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पलिया मसूदपुर में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण को लेकर भूमि का चिन्हांकन और स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी नवाबगंज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय गायत्री महायज्ञ शुरू

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भव्य कलश यात्रा के साथ मंगलवार को 7 दिवसीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत हो गई। गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से अटौटा मोहल्ला रानी कलश यात्रा निकाली गई जो कस्बे का भ्रमण कर बुढ़वल चौराहा पहुंची। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर आरती उतारी। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने पूजा-अर्चना की। भारी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कलश यात्रा में सजी मनमोहक झांकियां लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी रही। कार्यक्रम संचालक बबलू वर्मा व विहिप के जिला मंत्री राहुल कुमार के कुशल संयोजन में निकाली गई कलश यात्रा में डीजे पर महामाई के भजनों पर भक्तों ने खूब धूम मचाई। प्रत्येक दिन सुबह पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा शाम को हरिद्वार के प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य ऋषिदेव शास्त्री द्वारा श्रीराम कथा होगी। समापन 20 फरवरी को भंडारे के साथ होगा।

**सांसद खेल स्पर्धा** ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित जमील उर रहमान किदवाई स्मॉरक स्टेडियम में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत भराया की टीम रही ओवर ऑल चैंपियन

मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित जमील उर रहमान किदवाई स्मॉरक स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत भयारा की टीम ओवर ऑल चैंपियन रहीं। जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता रामसिंह उर्फ भुल्लन वर्मा, बीडीओ डॉ. संस्कृता मिश्रा ने प्रतिभाओं को प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

सेवानिवृत्त व्यायाम प्रशिक्षक अमर बहादुर सिंह एवं शिक्षा विभाग के खेल अनुदेशक अजय, सुशील, राजकपुर, हंसराज की देखरेख में कब्बड्डी प्रतियोगिता में भयारा की



विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करतीं खंड विकास अधिकारी संस्कृता मिश्रा।

टीम विजेता रही। बालक वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में आशुतोष प्रथम, सुहेल द्वितीय, शिवम तृतीय, बालिका वर्ग में नूर बानो प्रथम, द्वितीय हिना, तृतीय गौसिया बानो रहीं। 200 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में सुहेल प्रथम, विनय द्वितीय, आशुतोष शुक्ला तृतीय तो बालिका वर्ग में नूर बी बानो प्रथम ,हिना द्वितीय, नीलम तृतीय स्थान पर रहीं। ओवर ऑल चैंपयिन में भयारा की नूर बी बानो की जमकर तारीफ हुई। इस दौरान आशीष, प्रवीण, सुशील, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास तिवारी, एडीओ आईएसबी मदन गोपाल, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी में जीडीएलबी कॉलेज की छात्राओं ने मारी बाजी

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के भुनईरुद्र स्थित जीडीएलबी इंटर कॉलेज परिसर में मंगलवार को सांसद खेल स्पर्धा के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजित हुई। इसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत व बीडीओ सिद्धौर श्रीमती पूजा सिंह ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग से वीरेंद्र प्रथम, मनीष द्वितीय व आकाश तृतीय तो बालिका वर्ग से साक्षी प्रथम, नीतू द्वितीय व सोनी तृतीय प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में राहुल प्रथम, वीरेंद्र द्वितीय व मनीष तृतीय तो बालिका वर्ग में नीतू प्रथम, मोनी द्वितीय व साक्षी तृतीया स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में



सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते विधायक दिनेश रावत। अमृत विचार

राहुल प्रथम, अवनीश द्वितीय व मनीष तृतीय स्थान मिला। इसके अलावा, कबड्डी बालिका वर्ग में जीडीएलबी इंटर कॉलेज की छात्राएं विजयी रहीं। विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण-पत्र व शील्ड देकर बीडीओ ने सम्मानित किया। इस दौरान बीईओ सिद्धौर प्रमोद उपाध्याय, एडीओ कॉपरेटिव सिद्धौर शैलेंद्र कुमार, एडीओ पंचायत सिद्धौर उमेश चंद पटेल व सचिव रेखा, उत्तम कुमार, सुषमा अवस्थी, आदर्श पांडे आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन सं0 6A KHNo 11, 62, 78 लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो कि पूर्णागिरी सहकारी आवास समिति लखनऊ द्वारा श्री रामबली कश्यप के पक्ष में किया गया जो कि खण्ड संख्या 1414 के पृष्ठ सं0 85/102 क्रम संख्या 1312 को उपनिबन्धक लखनऊ के यहाँ दिनांक 11/02/2003 पे पंजीकृत है। कहीं खो गया है जो किसी सज्जन को प्राप्त हो या कोई अपना दावा करे तो मेरे से सम्पर्क करें। अन्यथा उचित कार्यवाही की जायेगी। **श्रीमती बबीता श्रीवास्तव पता- भवन सं0-6A KH No- 11, 62, 78 नौबस्ता खुर्द मेला मैदान, जानकीपुरम, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि भूखंड संख्याः सी-167 स्थित चंद्रशेखर आजाद नगर, आवास विकास कालोनी तहसील व जिला उन्नाव का कब्जा लेटर व एलाटमेंट लेटर कहीं खो गया है। जो कि नरेंद्र जायसवाल पुत्र मेड़ीलाल जायसवाल के नाम से है। चूंकि जरिये बैनामा प्रार्थी उसका मालिक व काबिज है। प्रार्थी से उपरोक्त दोनों मूल लेटर कहीं खो गए हैं। **-रविंद्र देव गुप्ता। मो. नं.-9839234599**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम शहरेयार खां पुत्र इमरान खां है। मेरा नाम आधार कार्ड पर सिराज खां अंकित था। जिसका संशोधन करवाकर शहरेयार पुत्र इमरान खां कर लिया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अब शहरेयार खां पुत्र इमरान खां के नाम से जाना और पहचाना जाए। **-शहरेयार खां पुत्र इमरान खां, निवासी- ग्राम सतीजोर, परगना चरदा, तहसील नानापारा, बहराइच।**

# डीएम ने निरीक्षण कर खस्ताहाल सड़कों को बनवाने का दिया निर्देश

रायबरेली, संवाददाता

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत बनने वाली सड़कों का मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने डिग्री कालेज चौराहा, पुलिस लाइन चौकी के सामने से मीरा मलिक नर्सिंग होम होते हुए विकास प्राधिकरण आदि सड़कों को दुरुस्त कराये जाने के निर्देश दिए है।

ईओ नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार समझौता न किया जाए। समय से कार्य को पूरा किया जाए जिससे लोगों को जाम की समस्या और वायु प्रदूषण से मुक्ति मिले। इस अवसर पर ईओ नगरपालिका स्वर्ण सिंह, सहायक अभियंता नेहा परवीन भी उपस्थित रही।


सड़क का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर।


स्टॉलो का अवलोकन करतीं जिलाधिकारी।

## क्राफ्ट बाजार का किया भ्रमण, कामगारों को बांटे प्रमाण पत्र

**रायबरेली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) द्वारा आयोजित दो दिवसीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा मेले में कारीगरों एवं शिल्पकारों को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सोमवार देर शाम प्रमाण-पत्र वितरित किये। क्राफ्ट मेले के समापन समारोह में संस्थान के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने क्राफ्ट बाज़ार में शिल्पकारों द्वारा लगाये गये हस्तशिल्प के स्टालों का अवलोकन किया तथा निफ्ट के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यों को भी देखा व उनके इनोवेशन की तारीफ की।

## गोवंश की हत्या करने का लगाया आरोप

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के .बेहीखोर के रहने वाले रामबाबू सिंह ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है। गांव निवासी एक मुस्लिम समुदाय का युवक गोवंश को चुरा कर लाया और गोवंश को काट डाला जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। वही गांव के एक युवक द्वारा उसकी वीडियो बनाई गई थी। जिसके बाद प्रधान पुत्र ने वीडियो डिलीट करवा दिया और गोवंश को ले जाकर बिना पीएम कराये ही गांव के बाहर गड्ढे में गढ़वा दिया। जबकि गोवंश ठीक तरीके से मिट्टी से दब नहीं पाया और उसके टैग लगा था। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुछ कहने से बच रहे है। थानेदार बबिता पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 298 जोड़े

सतांव,रायबरेली

**अमृत विचार।** बसिगवाँ खेल मैदान में मंगलवार को 298 जोड़े मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत वैवाहिक बन्धन में बंध गये। मुख्यअतिथि निवर्तमान विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सभी नवविवाहित युगलों को शुभाशीष देते हुए उनके मंगलमय दाम्पत्य जीवन की कामना की।

नवविवाहित जोड़ो को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सुशासन के साथ गरीबों, किसानों और असहायों हेतु विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाऐं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह जिस धूमधाम से हो रहा है वैसा पहले की सरकारों के कार्यकाल में कभी देखने को नही मिला। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. वैभव त्रिपाठी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हरचन्दपुर विधानसभा, सरेनी विधानसभा, बछरावां विधानसभा के कुल 331 जोड़ो का विवाह हेतु पंजीकरण हुआ था। कार्यक्रम में कुल 298 जोड़ो ने उपस्थित होकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। योग्य आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जब 298 दूल्हों ने एक साथ अपनी होने वाली जीवन संगिनियों के गले में वरमाला डाली तो समूचा मण्डप पुष्प वर्षा के साथ तालियों की आवाज से गूँज गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ० वैभव त्रिपाठी सभी ब्लॉकों के खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारियो समेत हजारों की संख्या में वर-वधू पक्ष के लोग मौजूद रहे।


वर-वधू को आशीर्वाद देते पूर्व विधायक राकेश सिंह।

## पिटाई का आरोप

**नसीराबाद, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बरगदी मजरे लखापुर के रहने वाले रामसमझ पासी पुत्र स्वर्गीय राधेलाल पासी ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह ग्राम कुकहा से तालाब पर पुवाल का भूसा भरवा रहा था। इसी दौरान इश्तियाक पुत्र अज्ञात, जो युवराज सिंह पुत्र स्वर्गीय शीतला प्रसाद सिंह, निवासी ग्राम बिरनावा के यहां रहता है, अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ पहुंचा और जाति सूचक गालियां देते हुए उसे जमकर मारा पीटा।

## दुकान में महिला ने पर्स किया चोरी, सीसी टीवी में कैद

ऊंचाहार,रायबरेली।

**अमृत विचार।** नगर के खरौली रोड पर स्थित एक कपड़े की दुकान में बैग से पर्स चोरी करते महिला का सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस वायरल फुटेज के आधार पर जांच में जुटी हुई है, कोतवाली में मामले की लिखित तहरीर दी गई है।

बसिया का बाग मजरे पट्टी रहस कैथवल निवासी ममता देवी सोमवार को नगर के खरौली रोड पर एक कपड़े की दुकान पर कपड़ा खरीदने आई थी। इसी दौरान दुकान में मौजूद एक महिला ने उसके बैग से पर्स को चोरी कर लिया और वहां से रफूचक्कर हो गई लेकिन महिला की ये करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसके पर्स में दस हजार रुपये की नकदी समेत जेवरात मौजूद थे। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, फुटेज के आधार पर महिला की तलाश की जा रही है।

# निजी कंपनी के खिलाफ कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, लगाया शोषण का आरोप

लालगंज,रायबरेली

**मॉर्डन कोच फैक्ट्री का है पूरा मामला, जिम्मेदार रहते है अनजान**

**अमृत विचार।** रेलकोच फैक्ट्री में काम कर रही किंग कंपनी के द्वारा कर्मचारियों के शोषण की बात सामने आ है। वैसे किंग कंपनी पहले से ही कर्मचारियों के शोषण के नाम पर बुरी तरह बदनाम है लेकिन कर्मचारी रोजी-रोटी के चक्कर में मुंह खोलने के लिए तैयार नहीं होते है। किंग कंपनी के शोषण से परेशान होकर आशीष सिंह ने डिप्टी सीएमई को शिकायती पत्र देकर पूरी सैलरी दिलाए जाने और कंपनी के शोषण से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

वह कारखाने के बोगी शाप प्रेस ब्रेक में किंग सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज कंपनी में काम करते हैं। एसडब्ल्यू फिटर के पद पर कार्यरत हैं। खाते में 17 हजार रुपए सैलरी भेजी जाती है लेकिन कंपनी के सुपरवाइजर आधी सैलरी वापस करा लेते हैं। सैलरी वापस न करने पर नौकरी से निकलने की धमकी सहित उत्पीड़न भी किया जाता है।

किंग कंपनी में कई सैकड़ा वर्कर काम करते हैं जिन्हें आधुनिक रेल कोच कारखाना मैनेजमेंट पूरा पेमेंट करती है लेकिन किंग कंपनी के कर्ताधर्ता लगातार वर्करो का शोषण करने में लगे हुए हैं और भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का किसी भी प्रकार का भय नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर कोई सही प्लेटफॉर्म मिलेगा तो वह खुलकर किंग कंपनी के शोषण के खिलाफ बात करेंगे।

**आयोजन** | समारोह में महाप्रबंधक ने एनटीपीसी का ध्वज फहराया तथा केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया

# एनटीपीसी ने 32 वर्षों में पार किए कई मील के पत्थर

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी में सम्मिलित होने के बाद ऊंचाहार परियोजना की 32 वर्षो की गौरव गाथा न केवल ऐतिहासिक दस्तावेज है बल्कि पुराने विद्युत ग्रह को नवीनीकृत करके आधुनिकतम तकनीक के प्रयोग से गुणवत्तापूर्ण सतत विद्युत उत्पादन करके अन्य विद्युत ग्रहों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी गाथा है।

उक्त विचार परियोजना के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अतुल कमलाकर देसाई ने स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 13 फरवरी 1992 को एनटीपीसी परिवार में शामिल होने के बाद ऊंचाहार परियोजना ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 32 वर्षों के सफर में एनटीपीसी ने कई मील के पत्थर पार किए हैं। विद्युत उत्पादन के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन, पर्यावरण संरक्षण, राख-सदुपयोग, नैगम सामाजिक दायित्व एवं अन्य क्षेत्रों में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए एनटीपीसी कंपनी के श्रेष्ठतम विद्युत परियोजनाओं में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही है। समारोह में महाप्रबंधक ने एनटीपीसी का ध्वज फहराया तथा केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया।

इसके साथ ही हिंदी के प्रचार-प्रसार में योगदान देने वाले प्रतिभागियों को भी राजभाषा सहयोग सम्मान व विश्व हिंदी दिवस प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा सहित एनटीपीसी के अन्य विभागाध्यक्ष, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण तथा कर्मचारी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


एनटीपीसी में केक काटते महाप्रबंधक। अमृत विचार



## केतनापुर ने करकसा को हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** रविवार को श्री गोविंद सिंह इंटर कॉलेज रौतापुर में वार्षिक वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वालीवाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरचंदपुर राकेश सिंह ने फीता काटकर किया। फाइनल में केतनापुर और करकसा की टीम पहुंची, जिसमें विजेता केतनापुर और उपविजेता करकसा की टीम रही। प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण प्रबंधक तारकदत्त सिंह, अवनीश प्रताप सिंह, प्रभाकर सिंह, राम प्रताप सिंह, अवनेंद्र बहादुर सिंह, धर्मेंद्र सिंह (प्रधान) आदि के द्वारा किया गया। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चंद्र प्रताप एवं अरविंद सिंह कमेंटेटर की भूमिका में नजर आए। कार्यक्रम की व्यवस्था



विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देते अतिथि।

की जिम्मेदारी दुर्गेंद्र सिंह, अनुराग सिंह, अरुण गिरि, गौरव राजपूत, सुनील सिंह आदि सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने संभाली। इस अवसर पर शशि शंकर पाण्डेय, देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, देवेंद्र कुमार मौर्या, कौशल श्रीवास्तव, रामचंद्र, राकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, शैलेंद्र कुमार, मुन्नू प्रसाद दीक्षित, सुरेश यादव, तेज प्रताप सिंह (लाला), विष्णु प्रताप सिंह (खिन्नी सिंह), ज्ञान शंकर शुक्ला, शिवकरण सिंह कल्लू उर्फ कल्लू, जीतेन्द्र सिंह एवं गंगा दयाल आदि रहे।

# अवैध शराब कारोबार पर नहीं लग पा रही रोक

▸▸ खीरो क्षेत्र में चल रहा है अवैध शराब का कारोबार

धर्मेन्द्र प्रधान।

**रायबरेली :** जिले में अवैध शराब की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग होता। जिस पर जिले में हो रहे शराब से संबंधित गतिविधियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी होती है। लेकिन अवैध शराब कारोबारियों से गठजोड़ के कारण आबाकारी विभाग की चाल सुस्त है। जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर अवैध शराब का धंधा जोर पकड़े हुए है। जिससे राजस्व की भी क्षति हो रही है।

> आबकारी विभाग द्वारा भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम कार्य करती है।
>
> –आरपी सिंह जिला आबकारी अधिकारी, रायबरेली

वही जिम्मेदार अवैध शराब के कारोबार पर नकेल लगाने में फेल साबित हो रहे है। जनपद में अवैध शराब का धंधा कुटीर उद्योग के रूप में फल फूल रहा है। जब किसी त्यौहार व प्रदेश में बड़ी घटना होती है तो उस समय जरूर आबकारी विभाग फुर्ती दिखाता है, लेकिन चंद दिनों में ही उसकी रफ्तार मंद हो जाती है। अधिकतर थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस व आबकारी की मिलीभगत से इन पर कोई कार्यवाई नही होती है।

अगर अधिकारियों का दबाव बनता है तो कुछ लोगो को चंद लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तारी दिखा कर विभाग इतिश्री कर लेती है। एक ओर आबकारी विभाग जिले में अवैध शराब बन्द होने की बात कहती है तो वही खीरो थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस ने 1 फरवरी से अब तक लगभग 28 मुकदमे अवैध शराब के दर्ज किए गए। जब बारह दिनों में पुलिस ने शराब के इतने मुकदमे दर्ज कर रही है तो सोचना लाजिमी है।

### बारह दिनों में 28 मुकदमा

**रायबरेली।** खीरो पुलिस ने अवैध शराब पर नकेल लगाने का प्रयास किया है लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस कारोबार पर अंकुश क्यों नही लग पा रहा है। आबकारी विभाग भी इस तरफ कोई ठोस कार्रवाई नही कर रही है। इसीलिए केवल स्थानीय स्तर पर पुलिस ही थोड़ा बहुत कार्रवाई करती है। चार फरवरी को खीरो पुलिस ने 8, 5 फरवरी को पांच, 6 फरवरी को चार, 7 फरवरी को दो, 8 फरवरी को चार, 9 फरवरी चार व 10 फरवरी को एक मुकदमा दर्ज किया है। दिलचस्प यह भी है कि पुलिस भी बनाने वालों पर कम बेचने वालों पर ही कार्रवाई करती है।

### अधिकतर मामलों में 20 लीटर ही शराब की बरामदगी क्यों ?

**रायबरेली।** अवैध शराब को लेकर होने कार्रवाई में आखिर पुलिस बीस लीटर ही अवैध शराब क्यों बरामद करती है। सबसे बड़ा सवाल यह है आखिर अगर पुलिस बेचने वालों पर कार्रवाई करती है तो बनाने वालों पर कार्रवाई करने से क्यों बचती है।

# चार अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत, 3 घायल

बछरावां,रायबरेली।

**अमृत विचार।** बांदा बहराइच राजमार्ग बछरावां कस्बे के अंतर्गत कूटी चौराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन होने के कारण सड़क पर जाम लगा रहता है। जिसके ही कारण मंगलवार को एक अज्ञात ट्रक ने वृद्ध महिला व एक युवक को कुचल दिया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। शिवगढ़ की ओर से आ रहे ट्रक ने रामकली पत्नी साहबदीन निवासी राती निगोंहा व रूपेश पुत्र कल्लू निवासी ग्राम रसूलपुर को कुचल दिया। जिससे दोनों की मौके पर की मौत हो गई।




इस भीषण मार्ग दुर्घटना की जानकारी राहगीरों ने बछरावां पुलिस को दी। बछरावां पुलिस में एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक गणनायक पांडे ने मृत घोषित कर दिया। वही सोमवार देर रात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महराजगंज मार्ग पर हरदोई गाँव के पास शारदा नहर के पुल पर मोटरसाइकिल सवार शिवशंकर को एक अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित पीठन गांव के पास की है, जहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, लेकिन उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

वही तीसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत देर रात बछरावां मौरावा मार्ग पर छोटकवा खेड़ा गांव के पास की है जहां दिहाड़ी मजदूरी कर स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मदारखेड़ा मजरे नीवा गांव निवासी रामसनेही देर रात अपने घर वापस आ रहा था कि उसे एक अज्ञात डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पारिवारिक जनों को दे दी गई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी ।

# पंचायत की जमीन पर कब्जा करने का आरोप

जगतपुर,रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मेल्खा साहब गांव के रहने वाले गोलू पासी ने डीएम व एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है, कि ग्राम समाज की जमीन पर गांव के ही दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा था। समाधान दिवस के दिन लेखपाल व दो सिपाही मौके पर पहुंचे थे और पैमाइश शुरू कराई थी। इसी दौरान बिना लोगों को सूचना दिए ही जेसीबी के माध्यम से खुदाई शुरू हो गई।

बिना किसी आदेश के खुदाई करने का गांव वालों ने विरोध भी किया। जिसको लेकर नाराज स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जिसके बाद सिपाहियों द्वारा वीडियो बना रहे हैं युवक की पिटाई कर दी और उसके मोबाइल से उसका वीडियो डिलीट करा दिया। गांव के ही दबंगों द्वारा सड़क किनारे बेस कीमती जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से लगातार लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। फिर भी हासिल न होने पर पुलिस को मोटी रकम देकर जमीन कब्जा में लगे हुए हैं।

लेकिन भारी विरोध देखते हुए पुलिस के भी हाथ पांव फूल गए। और मौके से हल्का लेखपाल भी गायब हो गए इसके बाद ग्रामीणों ने जमकर तांडव किया। नाराज ग्रामीणों ने डीएम और एसपी से मामले की शिकायत की जिसमें गांव निवासी गोलू पासी ने लिखित शिकायती पत्र देकर दबंगो पर कार्यवाही की मांग की है। जगतपुर की थानेदार व दो सिपाहियों को भी नामजद किया है। आरोप लगाया है कि इन्ही लोगों द्वारा मोटी रकम लेकर जबरन भूमि पर कब्जा करवाया जा रहा है।

जब इस बाबत का अरुण नौहवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है। पूरे मामले में दोनों पक्षों को बुलाया गया है। थानेदार व सिपाहियों पर लगे आरोप के मामले पर कहा है कि लगाए गए आरोप फर्जी है। फिर भी मामले की जांच कराई जाएगी।

## मुआवजे की मांग को लेकर डीएम से मिले ग्रामीण

**रायबरेली, अमृत विचार।** लखनऊ प्रयागराज मार्ग के चौदीकरण के तहत मुंशीगंज के पास मोहम्मदपुर कुचरिया गांव में सड़क के किनारे बने मकान पर सोमवार को एनएचआई द्वारा मकानों को गिराने की कार्रवाई हुई। जिसके बाद ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया था। और मांग की उन्हे मुआवजा दिया जाए। मंगलवार को इसी मामले को लेकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच ज्ञापन देते हुए प्रदर्शन कर प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि एनएचआई ने बिना सूचना दिए ही घरों को खाली करने व गिराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि एक पहले तो बिना सूचना के मकान को गिराया गया वह बदले में उन लोगों को मुआवजा भी नहीं मिला है।

## लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत का उठाया बीड़ा

**रायबरेली, संवाददाता, अमृत विचार।** मंगलवार को भाजपा कार्यालय अटल भवन में विधानसभा मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसके तहत जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी व ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष पूर्व जिला महामंत्री विशाल पांडेय के नेतृत्व में पूर्व सभासद, रिटायर्ड कर्मचारी व समाजसेवियो के साथ सैकडों लोगों ने भाजपा का दामन थामा। समारोह के मुख्य अतिथि ज़िला प्रभारी पीयूष मिश्रा रहे। उन्होने कहा कि होने वाले लोकसभा चुनाव ने हम सब मिलकर प्रदेश की सभी सीटो पर कमल खिलायेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने कहा कि सामाजिक एकता के मिशाल भारतीय जनता पार्टी में आज प्रत्येक वर्ग के प्रत्येक समाज के व्यक्तियों ने अपना समर्थन जताया है। विश्वास क्लब सर्व समाज उत्थान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश द्विवेदी सहित हरिहर प्रसाद शर्मा अध्यक्ष भट्ट ब्राह्मण महासभा, गौरव जैन, राजेंद्र त्रिवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप मिश्रा, समाज सेविका वंदना चौधरी, अंजू द्विवेदी, अग्रसेन यादव एवं स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष के पुष्पेंद्र वर्मा ने सदस्यता ली।

## सार-संक्षेप

### उमेश सिंह बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



**लालगंज,रायबरेली, अमृत विचार।** खरगपुर सौताना निवासी पूर्व ग्राम प्रधान उमेश सिंह को भारतीय जनता पार्टी के जिला नेतृत्व ने किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया है। उमेश सिंह अभी तक मंडल अध्यक्ष के पद पर थे। उनके द्वारा किसानों के हित में किये जा रहे कार्यों को देखते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी के संस्तुति पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश चौधरी ने उनकी पदोन्नति करते हुए उन्हें जिले में किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व प्रधान उमेश सिंह ने कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी में जिले स्तर पर कार्य करने का अवसर मिला है। निश्चित रूप से वे किसानों के हित में और बढ़ चढ़कर काम करेंगे ।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को किसानों का हितैषी बताया। मनोनयन पर भाजपा नेता जेपी सिंह, सुशील शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री जन्मेजय सिंह, जिला महामंत्री शरद सिंह, जिला मंत्री विवेक शुक्ला, जिला मंत्री विजय सिंह टप्पू, वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र सिंह आदि ने बधाई दी।

### शिक्षक ने तलवार से काटा केक, वीडियो वायरल

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र में निजी विद्यालय के शिक्षक का तलवार से केक काटते हुए वीडियो वायरल हुआ है। थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी विद्यालय में शिक्षक का जन्मदिन था। शिक्षक का जन्मदिन मनाने के लिए विद्यालय में ही सात केक की व्यस्वथा की गई थी। केक काटने के लिए शिक्षक ने तलवार का प्रयोग किया जिसका वहां पर मौजूद बच्चों ने वीडियो बना लिया और उसे अपने वॉट्स ऐप स्टेटस पर लगा दिया। वहां से किसी ने डाउनलोड कर वायरल कर दिया। चौकी प्रभारी सुनील वर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो में निजी विद्यालय के शिक्षक संदीप द्वारा तलवार से केक काटने की जानकारी मिली है। कार्यवाही की जायेगी।

### भाजपा नेता सीपी पांडे ने किया जनसंपर्क

**लालगंज रायबरेली, अमृत विचार।** लोकसभा चुनावों की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार के विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाएं को लेकर मतदाताओं से सीधे संवाद कर रही है। गांव चलो अभियान में भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता गांव–गांव प्रवास कर चौपाल, बैठके आयोजित कर आगामी लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने की अपील कर रहे है। इसी अभियान के तहत भाजपा नेता प्रवासी कार्यकर्ता चन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने ग्राम पंचायत शाहपुर में प्रवास कर गांव में चौपाल एवं बैठके आयोजित की। जिसमें ग्राम प्रधान अनिल कुमार मिश्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

# इसरान और वंदना ने लगाई सबसे तेज दौड़

ऊंचाहार, रायबरेली

▸▸ राजकीय पीजी कालेज में वार्षिक खेल समारोह

**अमृत विचार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 46 वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. जय शंकर, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, निहस्था द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर (डॉ) अर्चना व डॉ सुषमा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत-अभिनंदन पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर एवं बैज लगाकर किया गया।

डॉ दीक्षा शर्मा के निर्देशन में सभी क्रीड़ा सदनों द्वारा सलामी मार्च कराया गया। पूर्व चैंपियन मो. खालिद व कुंकुम् मोदनवाल ने जलती मशाल लेकर ट्रैक की परिक्रमा की। कार्यक्रम का संचालन समारोहक द्वय डॉ लेखा मिर्जा व डॉ नीता सोनकर तथा संयोजन क्रीड़ा प्रभारी डॉ बालेन्द्र यादव ने किया।

100 मी०छात्र दौड़ में खालिद प्रथम , अहमद नूर दूसरे और सत्यम कुमार तीसरे स्थान पर रहे ।100 मी०छात्रा दौड़ में कुंकुम् मोदन वाल प्रथम ,रूपम मोदनवाल द्वतीय, कांति तृतीय स्थान पर रहे । 800 मी०छात्र दौड़ में इसरान प्रथम, सत्यम कुमार द्वातीय , प्रमोद कुमार तृतीय स्थान पर थे।

800 मी.छात्रा दौड़ में वंदना प्रथम, शिल्पी दूसरे और संध्या तीसरे स्थान पर थी ।गोला (शॉटपुट) छात्र में सैफ रज़ा खां प्रथम , अभिषेक सरोज द्वातीय, सलिल मिश्रा तृतीय। गोला (शॉटपुट) छात्रा में रुचि विश्वकर्मा प्रथम, आरुषि साहू द्वतीय, गुंजा और प्रीति सयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। चक्र पक्षेपण छात्र में क्रमशःअभिषेक सरोज, सैफ रज़ा खां, सलिल मिश्रा का स्थान रहा । चक्र पक्षेपण छात्रा में क्रमशःरुचि विश्वकर्मा, 48 फीट, गुंजा, सकीना हसन और शिरीन बानो पर रही।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्षिक क्रीडा समारोह शेष प्रतियोगिताएं व समापन बुधवार को महाविद्यालय प्रांगण में होगा। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समस्त प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया जायेगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ विकास द्वारा प्रदान की गई।

## आपदा से निपटने के लिए छात्रों को किया गया प्रशिक्षित

**महाराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन सलेथू में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर देवेंद्र वाजपेई ने आपदा प्रबंधन पर चर्चा करते हुए कहा कि हम कई प्राकृतिक खतरों को आने से नहीं रोक सकते। लेकिन जीवन व संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन द्वारा उनके प्रभावों को कम किया जा सकता है। आपदा के समय स्वयं की रक्षा कर अन्य व्यक्तियों प्राणियों की सुरक्षा के प्रयास करने चाहिए। बाढ़ बचाव, भूकम्प, आग, आंधी, तूफान ओलावृष्टि से बचाव आदि प्राकृतिक आपदाओं के अलावा सड़क सुरक्षा, बिजली सुरक्षा, दुर्घटनाओं से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आने वाली प्राकृतिक आपदाओं के संकेतों से भी अवगत करवाया। इस दौरान महाविद्यालय के छात्रों ने राहत एवं बचाव कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## वृद्धा को सरकारी सुविधाएं मिलना बन्द अधिकारियों के लगा रही चक्कर

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** विकासखंड के ग्राम पंचायत गेगासो की रहने वाली बुजुर्ग कलावती को सात वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री आवास मिला था। लेकिन लापरवाह सिस्टम के चलते आज तक इस मकान पर छत नही पड़ पाई। क्योंकि अब उसे सरकारी जमीन पर निर्माण कराए जाने की बात बताई जा रही है। महिला को जब इस बात की जानकारी हुई तो वह अवाक रह गई। वृद्ध महिला तब से ब्लॉक और जिले के चक्कर काट रही है लेकिन मामला जस का तस पड़ा हुआ है ।आज भी आवास मे छत नही पड़ सकी है। महिला ने बताया कि हमें जो अन्य योजनाएं राशन कार्ड, पेंशन मिलती थी। वह भी बंद कर दिया गया। पीड़िता ने कई बार अधिकारियों से फरियाद की लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। इस बाबत एडीओ सहकारिता जितेन्द्र सिंह ने बताया कि बीडीओ मैडम छुट्टी पर है। ग्राम विकास अधिकारी से उक्त मामले की जानकारी कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।


# कार्यालय नगर पंचायत महराजगंज– रायबरेली

पत्रांकः 305 न0प0मह0/ई–टे0/रा0वि0आ0/2023–24 दिनांकः 13 फरवरी, 2024

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत महराजगंज जनपद रायबरेली के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासनादेश संख्या–3/2017/1067/78–2–2017–42 आई टी/2017 अनुभाग–2 दिनांक 12–05–2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्ट्रैक्टर्स / वेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ई–टेण्डर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है:–

**टेण्डर शेड्यूल (https://e-tender.up.nic.in पर)**

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 14.02. 2024 (10.00AM) | |
| 2 | Tender Download | 14.02. 2024 (10.00AM) | 27.02. 2024 (05.00PM) |
| 3 | Bid Submission | 14.02. 2024 (10.00AM) | 27-02-2024 05:00PM |
| 4 | Bid Opening | 28.02. 2024 (02.00PM) | |
| | Bid Opening Place | | Office of the nagar Panchayat Maharajganj-Raebareli |

निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि खाता संख्याः 7855000100032601/ IFSC CODE PUNB0785500 पंजाब नेशनल बैंक शाखा अतरेहटा महराजगंज, रायबरेली में जमा किया जायेगा। उक्त वेबसाइट पर निविदा सम्बंधी विस्तृत नियम, शर्ते व विवरण उपलब्ध है। निविदादाताओं हेतु निविदा संशोधन सूचना www.e-tender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा, पृथक से प्रकाशन नही किया जायेगा। ई–निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में की जा सकती है।

(अपर्णा मिश्रा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत महराजगंज,
रायबरेली

(सरला साहू)
अध्यक्ष
नगर पंचायत महराजगंज,
रायबरेली


**दुर्दशा** सरेनी के सरकारी अस्पताल में चारों तरफ अव्यवस्था, जगतपुर की महिला चिकित्सक रहती हैं गायब

# अस्पतालों में गंदगी और सुविधाओं का अभाव

**हाल-ए-स्वास्थ्य महकमा**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** चिकित्सा विभाग को हाईटेक करने का सरकार का दावा जिले के सरेनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फुस्स नजर आता है। आलम यह है कि अगर किसी को सरकारी अस्पताल में गंदगी देखनी है तो वह सीएचसी सरेनी में देख सकता है। जिससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार करोड़ो रुपये स्वास्थ्य महकमे में खर्च कर रही है। बावजूद इसके इस अस्पताल की हालत में कोई सुधार नही हो रहा है। जैसे ही इस अस्पताल के अंदर दाखिल होंगे वैसे ही पान के पीक व ढेर में लगी गंदगी दिख जाएगी।

रैंप के माध्यम से ऊपर जाने वाले रास्ते पर भी हर जगह गुटखा के निशान मिल जाएगे, लेकिन धन्य है ऐसे अधीक्षक को जिन्हें यह सब नही दिखता है। प्रदेश की योगी सरकार चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए प्रयास कर रहे है। सूबे के डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक घूम घूम कर अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे है, लेकिन इन सबके बाद भी यहां पर तैनात जिम्मेदारों पर इसका कोई असर नही दिख रहा है।

> जिले के अधिकतर अस्पतालो में बेहतर हालत है, कही अगर कमी मिलती है तो उसे सही कराने के निर्देश दिए जाते है। जिन अस्पतालों में समस्याए है उन्हें जल्द दुरुस्त कराया जाएगा। सफाई को लेकर अधीक्षक से कहा जाएगा, लापरवाही पर कार्रवाई भी होंगी।
>
> –डा. बीरेंद्र सिंह, सीएमओ रायबरेली

### महिला चिकित्सक के गायब रहने से होती है असुविधा

**जगतपुर।** सीएचसी की स्थिति बद से बदतर है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति व डॉक्टर भी समय पर नही बैठते है। जिससे मरीजों को इधर–उधर भटकना पड़ता है। सीएचसी के पर मरीजों को ज्यादातर बाहर की दवाइयां लिखी जा रही है। लापरवाही का आलम यह रहता है कि बेड पर कभी कभी चददर ही गायब रहती है। वही अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक ज्यादातर गायब रहती है। जिसकी वजह से महिला मरीजों को जिला अस्पताल आना पड़ता है।

### सुविधाएं नगण्य , केवल नाम का है अस्पताल

**ऊंचाहार।** ग्रामीण स्वास्थ सेवाओं की बड़ी बदहाल दशा है। सरकारी दावों के इतर अस्पताल में सुविधाएं नगण्य है। मरीजों को जांच और बेहतर इलाज के लिए अस्पताल से बाहर जाना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाऊंड व एक्सरे सहित लीवर, किडनी संबंधित महंगी जांच कराने के लिए मरीजों को प्राइवेट पैथोलाजी में जाना पड़ता है। सीएचसी में लगभग बीस साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आज तक एक्सरे मशीन नही बन पाई है ।जिससे मरीजों को प्राइवेट पैथोलजी में जाकर एक्सरा करना पड़ रहा है। सीएचसी में मंगलवार को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ महमूद अख्तर ने विभिन्न रोगों के 232 मरीजों का उपचार करके दवा का वितरण किया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए रोजमर्रा की दवाएं उपलब्ध है। मरीजों की नार्मल जांच भी अस्पताल में हो जाती है। एक्सरे मशीन के लिए शासन को लिखा पढ़ी की गई है।

### सीएचसी में नही लग पाई एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीन

**राही।** राही विकास खंड की इकलौती बेलाभेला सीएचसी है। जहां पर तकरीबन एक सैकड़ा मरीजों का इलाज होता है। कुछ महीनों से चिकित्सक संग चिकित्सा विशेषज्ञों की भी तैनाती हो चुकी है, जिसमें डाक्टर अजीत सिंह, ईएनटी डॉक्टर जितेन्द्र कुमार सर्जन हैं। सीएचसी में एक्सरे मशीन व अल्ट्रासाउंड मशीन न होने से यहां आने वाले मरीजों को निजी चिकित्सालय अथवा जिला मुख्यालय की ओर रुख करना पड़ता है। यहां पर एक्स–रे मशीन न होने के बावजूद भी पांच साल पहले एक्स–रे तकनीशियन अनिल गुप्ता की तैनाती हुई थी। लंबे समय सीएचसी में सेवाएं देने के बाद उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया। तैनात चिकित्सक डा. चंद्रिका प्रसाद का कहना है कि विभागीय उच्च अधिकारियों ने सीएचसी में एक्स–रे और अल्ट्रासाउंड मशीन जल्द उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन नतीजा सिफर ही रहा है।

एक नजर

### ट्रेन से कटकर सफाई कर्मचारी की हुई मौत

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। ड्यूटी करने के बाद लौट रहा सफाईकर्मी पुरानी दिल्ली जंक्शन से भटिंडा जंक्शन जा रही किसान एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। सण्डीला कस्बे के मोहल्ला मण्डई चौधरी हाता निवासी मुकेश (50) नगर पालिका परिषद सण्डीला में संविदा पर सफाईकर्मी था और वहीं के वार्ड नंबर-17 में उसकी ड्यूटी थी। मंगलवार की सुबह वह ड्यूटी कर वापस लौट रहा था। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, उसी बीच डाउन लाइन पर जा रही किसान एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे उसकी वहीं पर ट्रेन से कट कर मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां पहुंची आरपीएफ टीम ने सारी छानबीन करने के बाद सफाईकर्मी के घर वालों को सूचना दी। सफाईकर्मी मुकेश के परिवार में दो बेटे व एक बेटी है।

### चाइल्ड लाइन पहुंचाए गए लावारिस मिले बच्चे

हरदोई, अमृत विचार। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि 5 फरवरी की रात्रि में जागरूक कालर द्वारा सूचना मिली कि दो बच्चे



जिनमें बालक की उम्र लगभग दो वर्ष व बालिका की उम्र लगभग तीन वर्ष है, वह थाना पिहानी क्षेत्र के तहत खटेली बाजार में लावारिस हालत में बैठे रो रहे थे। तभी ग्रामीणों को पता चला तो दोनों बच्चों को मो. उमर ग्राम प्रधान के पास ले गए। जिन्होंने बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु बच्चों के लिए आवशयक प्रबंध किया और ग्रामीणों से बच्चों के परिजनों के बारे में जानकारी की, लेकिन कोई जानकारी ना मिल सकी, जिसके पश्चात प्रधान ने पिहानी थाना पुलिस व चाइल्ड हेल्प लाइन के टोल फ्री -1098 पर जानकारी दी।

### लोहे की राड से किया हमला

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के मोहल्ला गिगियानी के युवक को रुपए के लेन देन में दबंग ने लोहे की राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। मोहल्ला गिगियानी निवासी सुनील ने बताया कि सोमवार की रात वह अपने दरवाजे पर बैठा था। उसी समय मोहल्ले का रितेश ने नशे में आकर गाली गलौज किया। मना करने पर लोहे की रॉड से बुरी तरह हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल करवाया है।

# उपभोक्ताओं को बांटा जा रहा घटिया मिर्च-मसाला व साबुन

हरदोई

▸▸ प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद को भेजा गया शिकायती पत्र

अमृत विचार। सरकारी राशन की दुकानों पर दबाव बनाते हुए राशन के साथ दी जा रही घटिया चाय की पत्ती, मिर्च-मसाला और कपड़े धोने वाले साबुन की सप्लाई में खेल करते हुए जीएसटी की चोरी तो की जा रही है। साथ ही राशन उपभोक्ता का आर्थिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है। इसकी रोकथाम के लिए प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद को चिट्ठी भेजी गई है।

कोतवाली शहर के 157- रफी अहमद किदवई चौराहा निवासी वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने शिकायत में कहा है कि राशन की दुकानों पर उपभोक्ताओं 50-50 रुपये लेकर जो मिर्च-मसाला, चाय की पत्ती और कपड़े धोने का साबुन थमाया, वह काफी घटिया दर्जे का है। जिस पैकेट के 10 रुपये वसूले जा रहे हैं, उसकी कीमत पांच रुपये है। वीरेंद्र कुमार मिश्रा का कहना है कि इस गोरखधंधे में बाहरी लोग शामिल हैं और डीएसओ और उनके मातहतों की सांठ-गांठ से उपभोक्ताओं का आर्थिक और शारीरिक शोषण किए जाने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर जीएसटी की चोरी की जा रही है। उन्होंने इस मामले की गहराई से छानबीन कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### नुमाइश मैदान में लगे मेले में विशाल झूला बना आकर्षण का केन्द्र

हरदोई, अमृत विचार। नुमाइश मैदान में लगे मेला में जहां कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है वहीं मेला परिसर में लगा विशाल झूला बच्चों व बड़ों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। हर दिन दर्जनों लोग झूला का आनंद उठा रहे हैं। वहीं मंगलवार को वृन्दावन धाम के गोविंद गोपाल लीला संस्थान से आए कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। दर्शाया गया कि सुमंत अयोध्या के लिये वापसी आते है और राम, लक्ष्मण, सीता लौट कर नहीं आते हैं तो महाराज दशरथ दुखी हो जाते हैं और तड़प-तड़प कर प्राण निकल जाते हैं। जब यह बात वशिष्ठ को पता चलती है तो गुरु जी एक धावक भरत शत्रुघ्न को लेने कैकय देश के लिए भेजते है। वह धावक भरत से कहता है गुरु ने शीघ्र अयोध्या बुलाया है। यह सुनकर बड़े चकित होते है और अयोध्या के लिए निकल पड़ते हैं और अयोध्या पहुंच जाते हैं और सारी अयोध्या को भयानक रूप में देखते है तो बड़े घबरा जाते हैं और फिर कैकई मां के पास जाते हैं और पूछते हैं कि पिता जी कहां है प्रभु श्री राम लक्ष्मण कहां है तो मां बतलाती है कि तेरे पिता जी पर दो वरदान रखे थे तो पहले वरदान में तेरे लिए इस अयोध्या का राज्य और दूसरे वरदान में राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास। यह बात सुनते ही भरत को क्रोध आया इधर पिता जी के निधन की भी बात कह दी तो भरत जी अपनी मां से बुरा भला कहने लगे और कह कर माता कौशल्या के पास गए वहां जाकर माता के चरणों में लिपट कर खूब रोये। गुरु वशिष्ट ने आकर भी समझाया और सभा लगाई गई। यह दृश्य देख कर भक्त बड़े भावुक हुए।




### रासलीला में हनुमान जन्म लीला का मंचन

हरदोई, अमृत विचार। रात्रि की रासलीला में हनुमान जन्म लीला का मंचन दिखाया गया। जिसमें की एक वृन्ताशुर नाम का दैत्य हुआ जिसने भोले नाथ की तपस्या करके उनसे भस्म करने का वरदान प्राप्त कर लेता है फिर भोले नाथ को ही भस्म करने के लिए ही दौड़ता है और माता पार्वती से विवाह करने के लिए कहता है तो भोलेनाथ और माता भागने लगते हैं तो विष्णु भगवान माता पार्वती का रूप बना कर वृन्ताशुर को भस्म करते है तो भोलेनाथ उनका वह रूप देखते है तो विष्णु भगवान का वह रूप देख भोलेनाथ का तेज नष्ट हो जाता है तो सभी देवता मिलकर उस तेज को माता अंजना के कान द्वारा पेट में पहुंचा देते हैं तो हनुमान जी का जन्म होता है।

# कान्वेंट स्कूल से बेहतर मुजाहिदपुर का परिषदीय स्कूल

## पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में पहुंचे जिलाधिकारी, बच्चों का उत्साह देख रह गए दंग

हरदोई

अमृत विचार। पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर के वार्षिकोत्सव में पहुंचे डीएम मंगला प्रसाद सिंह वहां के बच्चों का एनर्जी लेवल देख कर दंग रह गए। बच्चे भी डीएम अंकल को अपने बीच पाकर खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीप प्रज्ज्वलन के बाद बच्चों के टीएलएम का प्रदर्शन और उनकी प्रस्तुति देख डीएम ने काफी प्रशंसा की।

डीएम श्री सिंह ने बच्चों की मेहनत को खूब सराहा और उनके एनर्जी लेवल को देखकर दंग रह गए। वे छात्रा दीपाली यादव से बहुत प्रभावित हुए और उसके नन्हे-नन्हे हाथों से बनाए गए गिफ्ट को काफी पसंद किया। उन्होंने अपना स्मृति चिन्ह भी दीपाली यादव को भेंट कर दिया। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेह सिंह, शिक्षिका विनीता सिंह, श्रद्धा अग्रवाल, शिक्षामित्र पूनम सिंह व जावित्री देवी की प्रशंसा की। वार्षिकोत्सव में बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें लघु नाटिका के माध्यम से पेड़ो के महत्व को दर्शाया गया। बच्चो ने अद्भुत प्रस्तुति करते हुए 30 सेकेंड में राज्यों की राजधानी के नाम बताए। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र श्रीवास्तव ने किया। इस बीच डीएम ने विद्यालय के शिक्षको व शिक्षामित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के बीएसए विजय प्रताप सिंह ने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का शैक्षिक माहौल उत्कृष्ट अवस्था में है। विद्यालय के सभी शिक्षक पूरी लगन और मेहनत के साथ अपना कार्य करते हैं। कार्यक्रम में डायट प्राचार्य योगेंद्र सिंह ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यालय में बने किचन गार्डन देखा।

डायट प्राचार्य ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले नन्हे-मुन्हे बच्चो को उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। डायट प्रवक्ता चुतुर्भुज कुमार, एआरपी गिरजा शंकर सिंह, निरुपमा सिंह, दीप्ति त्रिवेदी, संगीता बाजपेई, मोनिका, सत्येंद्र श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, सुनील सिंह, श्याम जी गुप्ता, अमित पाण्डेय, मोहित त्रिपाठी, अंशुमान सिंह, राजीव वर्मा, पूर्णिमा सिंह, मनीष चौहान, भानुप्रताप सिंह, मीना सिंह, विद्यानिधि मिश्रा, अंशुल मिश्र, अनूप सिंह, अरुण शर्मा व प्रधान शरद सिंह के अलावा काफी तमाम अभिभावक भी मौजूद रहे।




पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर में बच्चों के टीएलएम का प्रदर्शन देखते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

### शेडों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल के संबंध में मंडी अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मंडी परिसर में निर्माणाधीन शेडों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। स्ट्रांग रूम बनाये जाने कक्षों में आवश्यक मरम्मत का कार्य ससमय करा लिया जाए। मंडी की सड़कों की मरम्मत का कार्य करा लिया जाए। मंडी में साफ-सफाई का कार्य समय से करा लिया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक मंडी राजीव शर्मा, मंडी सचिव एपी सिंह व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने की ऋण आधारित योजनाओं की समीक्षा

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की ऋण आधारित योजनाओं के संबंध में बैंक प्रातिनिधियों व संबंधित विभागों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं में लोगों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण प्रदान किये जायें। स्वयं सहायता समूहों के ऋण आवेदनों को अनावश्यक लम्बित न रखा जाए। योजनाओं की प्रगति को ससमय विभागीय पोर्टल पर फीड किया जाए। अपेक्षित सहयोग न करने वाली बैंकों के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।

### जीबीसी के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आगामी जिला स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के सफल आयोजन हेतु गठित समितियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल जेके लॉन में राज्यस्तरीय कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जाए। नगर पालिका द्वारा स्थल के आस-पास साफ-सफाई करा ली जाए। विभिन्न विभागों के स्टॉल लगवाए जाएं। बैंकों का स्टॉल भी कार्यक्रम स्थल पर लगवाया जाए। एक स्वागत केन्द्र स्थापित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नए-पुराने निवेशकों औद्योगिकों व संगठनों को भेजा जाएगा न्यौता

हरदोई, अमृत विचार। ज़िला मुख्यालय पर 19 फरवरी को होने वाले ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम की तैयारियों ने ज़ोर पकड़ लिया है। डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए टिप्स दिए। डीएम ने उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली जाए। साथ ही माननीयों को कार्यक्रम में आने के लिए उन्हें पहले से ही बुलावा पत्र भेजा जाए। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में नए व पुराने निवेशकों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को न्यौता दिया जाए। डीएम श्री सिंह ने आगे कहा कि कार्यक्रम में सरकारी विभागों के स्टॉल लगवाए जाएं और इसके प्रचार-प्रसार के लिए नगर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगवाएं जाए। कार्यक्रम में विभिन्न दायित्वों को निभाने के लिए 5 समितियों का गठन किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर सीएमओ के माध्यम से एक एम्बुलेंस की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि कहीं से भी कोई लापरवाही नहीं बरती जाना चाहिए, अगर ऐसा हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



जीआईसी में उत्तर पुस्तिकाओं की गिनती करते शिक्षक। अमृत विचार

### केंद्रों पर पहुंचीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं

हरदोई, अमृत विचार। बोर्ड परीक्षा की तैयारियां को लेकर मंगलवार को भी विभिन्न केंद्रों से आए कर्मचारियों ने जीआईसी में उत्तर पुस्तिकाएं व प्रवेश पत्र प्राप्त किए। बताते चलें कि जिले में 138 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होगी। हाईस्कूल के लिए 54, 214 तथा इंटरमीडिएट के 41,162 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# बच्चों व माताओं को खिलाया जा रहा खराब बेसन, घटिया दालें

हरदोई

मनमानी

▸▸ सीडीओ के निरीक्षण में पोषण एवं पुर्नवास केन्द्र की खुली पोल

▸▸ प्रभारी, एसीएमओ व न्यूट्रीशियन को जारी होगा नोटिस

अमृत विचार। सीडीओ सौम्या गुरूरानी ने मंगलवार को जिला महिला अस्पताल के तृतीय तल पर पोषण एवं पुर्नवास केन्द्र (एनआरसी) का निरीक्षण किया। जहां घटिया खाद्य सामग्री पाए जाने पर नाराज़गी जाहिर करते हुए सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। निरीक्षण के दौरान 6 बच्चे भर्ती थे।

सीडीओ ने बच्चों की माताओं से बात करके उन्हें प्राप्त हो रहे आहार के बारे में जानकारी ली गयी, आहार के बारे में माताओं द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। सीडीओ ने डा. शिवम गुप्ता एवं न्यूट्रीशिएन शालिनी मिश्रा से बच्चों के केस फाइल देखी और बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। वहां के कार्यालय में टीवी आलमारी के ऊपर कपड़े में बांधकर रखा गया था, जिसे वार्ड में लगा होना चाहिए। इस बारे में सीडीओ के पूछे जाने पर कोई सही जवाब नहीं दिया गया। वही आलमारियों के ऊपर अन्य निष्प्रयोज्य सामग्री पंखा आदि रखे हुए थे। अव्यवस्था के बारे में सीडीओ के पूछने पर सीएमएस ने बताया कि ऐसा कार्य मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल के अंडर में आता है। कार्यालय एवं वार्ड में डाइट चार्ट, एसओपी एवं ट्रीटमेन्ट चार्ट नहीं लगा हुआ था, जिसे लगाए जाने के निर्देश दिये। सीडीओ सौम्या गुरुरानी ने शौचालय का निरीक्षण किया और वहां सफाई का अभाव पाया। उसके बाद किचन का निरीक्षण किया गया तथा प्रयुक्त होने वाली खाद्य सामग्री को देखा गया। वेसन का पैकेट एक्स्पयारी डेट का था तथा सामग्री व दाल चीनी आदि ब्राण्डेड उपयोग नहीं किया जा रहा था। सीडीओ को बताया गया कि पहले एनआरसी अलग भवन में स्थापित था और शौचालय किचन एवं पोषण वाटिका की व्यवस्था थी, लेकिन मार्च 2023 में एनआरसी सेन्टर महिला अस्पताल में स्थानान्तरित कर दिया गया है। सीडीओ ने सेन्टर में पाई गई अव्यवस्था के लिए प्रभारी डा. अनिल पंकज, डिप्टी सीएमओ डा. शिवम् गुप्ता, न्यूट्रीशियन शालिनी मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय सीएमएस (महिला) डा. सुबोध कुमार, सीएमएस (पुरूष) डा. जेके वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज सिहं एवं एसीएमओ डा. पंकज मिश्रा उपस्थित रहे।



बच्चे की माता से जानकारी लेतीं सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

# जीएसटी टीम के छापे की खबर पर बंद हो गया बाजार

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। जनपद में जीएसटी छापेमारी की वजह से दुकानदारों में दहशत व्याप्त है। मंगलवार को जीएसटी छापेमारी की खबर पर शहर के सभी बाजार लगभग दो घंटे तक बंद रहे। व्यापारी दुकानों के आसपास से जीएसटी टीम की टोह लेते रहे। जीएसटी टीम की छापेमारी की खबर जैसे ही आम हुई वैसे ही नगर क्षेत्र के समस्त बाजारों में दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिरने लगे और पूरी तरह से खबर आम हो गई कि जीएसटी की टीम शहर में प्रवेश कर चुकी है। किराना, मिष्ठान, जनरल स्टोर, इलेक्ट्रिक, कपड़ा विक्रेता कुल मिलाकर जीएसटी के भय से समस्त दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिरा दिए। चंद मिनटों में पूरा शहर बंदी में तब्दील हो गया। अधिकांश व्यापारी अपनी दुकानों के आसपास टहल कर जीएसटी टीम की टोह लेते रहे। जबकि तमाम व्यापारी पूरे शहर में बाइक से घूम कर जीएसटी टीम का पता लगाते रहे परंतु पूरे शहर में कहीं भी जीएसटी टीम की खबर नहीं लगी। अंततः तकरीबन दो घंटे बाद दुकानों के शटर व्यापारियों द्वारा उठाए गए।

पिछले दो दिनों से जीएसटी टीम द्वारा व्यापारियों के यहां औचक पर छापेमारी करके कार्रवाई की जा रही है जिससे व्यापारी दहशतजदां है। इसी दहशत के चलते जैसे ही व्यापारियों को शहर में जीएसटी टीम के प्रवेश करने की खबर मिली। वैसे ही दुकानों के शटर गिरने लगे। तकरीबन दो घंटे तक सारे बाजार में बंदी का माहौल रहा। लेकिन दो घंटे बाद चौकन्नी अवस्था में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर उठाएं। दुकानदार दुकानों पर तो बैठे देखे गए लेकिन पूरी तरह से उनकी आंखें आती-जाती गाड़ियों पर नजर रखे रही।

### पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन

हरदोई, अमृत विचार। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए उनकी पांचवीं पुण्य तिथि पर नर सेवा नारायण सेवा के प्रति आस्था दिखाते हुए शहर के मौनी बाबा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में राहगीरों को पूड़ी-सब्जी का भोजन कराया गया। प्रोफेसर रामाधार दीक्षित की पत्नी रुकमणि दीक्षित की पांचवीं पुण्य तिथि पर मंगलवार को उनके पुत्रों सलिल दीक्षित, अमोल दीक्षित, पुत्र वधू शोभना दीक्षित, प्रतिमा दीक्षित व निशांत दीक्षित ने मौनी बाबा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया। प्रोफेसर डा. दीक्षित के परिजनों ने नर सेवा नारायण में आस्था जताते हुए भंडारे में शामिल हुए राहगीरों को पूड़ी-सब्जी का भोजन कराया। इस दौरान काफी भीड़ मौजूद रही।



पुण्यतिथि पर मौनी बाबा मंदिर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेते लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम

नगर पालिका परिषद सभागार में शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत विधायक ने महिलाओं को किया सम्मानित

# महिलाओं के सपनों को लग रहे हैं पंख : श्याम प्रकाश

पिहानी, हरदोई

अमृत विचार। केन्द्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त समृद्धिशाली व आत्मनिर्भर बनाया है। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। यह बातें भाजपा के विधायक श्याम प्रकाश ने नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित शक्ति संवाद (चाय पर चर्चा) के दौरान व्यक्त की।

इस मौके पर विधायक श्याम प्रकाश ने अन्य दलों के समर्थकों को भाजपा में सम्मिलित कर माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा, विपिन मिश्रा, नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, आदर्श सिंह, नीरज सिंह, नागेंद्र सिंह, गिरीश बाजपेई सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। संडीला संवाददाता के अनुसार। जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि सभी महिलाओं को अपने घरों मे रहकर छोटे मोटे व्यवसाय अवश्य करने चाहिए, जिससे वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष महेंद्र कुमार सोनी, छाया पांडे, ऋषभ खन्ना, अंगूरी शंकर सिन्हा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

साण्डी संवाददाता के अनुसार जिला नगरीय विकास अभिकरण हरदोई ने आयोजित शक्ति वंदन अभियान महिलाओ का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका के प्रांगण मे आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रभाष कुमार ने स्वयं सहायता समूह चला रही दर्जनों महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार ने तमाम लाभ कारी योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम का संचालन ईओ जय प्रकाश सिंह ने किया।



लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते विधायक श्याम प्रकाश। अमृत विचार

### बच्चों में कंप्यूटर शिक्षा की जलाई अलख

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। एक फाउंडेशन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं को डिजिटल कम्यूनिकेशन शिक्षा के प्रति जागरूक किया। संस्था के डायरेक्टर व सीईओ ने मंगलवार को विद्यालय में डिजिटल कम्यूनिकेशन व कम्प्यूटर शिक्षा के बारे में छात्राओं से ज्ञानवर्धक संवाद किया। साथ ही बेहतर भविष्य निर्माण के लिए कम्प्यूटर शिक्षा से जुड़ने की अनिवार्यता बताई, जिसे उपस्थित छात्राओं ने बेहद गम्भीरता से सुना। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी वार्डन सुमन कश्यप, निशा, सीमा, साधना, इमरान, आकृति व मुजीब सहित समस्त विद्यालय स्टाफ़ मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सण्डीला (हरदोई)**

पत्रांक: 835 / न0पा0 / ई-टे0 - नि0वि0/23-24 दिनांक 12-2-2024

**सूचना**

नगर पालिका परिषद सण्डीला में रजिस्टर्ड ठेकेदारों/ फर्मो से शासनादेश संख्या-3890/नौ-5 -19-149सा / 2019 नगर विकास अनुभाग - 5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के क्रम में ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग के अधीन हेतु ई-टेण्डर की वेबसाइड प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य सम्पन्न कराये जाने https//etender.up.nic.in पर दिनांक 26.12.2023 को प्रात: 11:00 बजे से 15.01.2024 को सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी। जिनका विस्तृत प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र 'अमर उजाला व अमृत विचार' में दिनांक 23.12.2023 को कराया गया था। जिसमें से क्रमांक सं0- 7, 8, 9, 10, 12 पर वर्णित कार्यो के टेण्डरों को किन्ही अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। क्रम सं0 7, 8, 9, 10, 12 पर वर्णित कार्यो की निविदाएं पुन: दिनांक 14.02. 2024 से 23.02.2024 तक सायं 5: 00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। निविदा के साथ समस्त प्रपत्र दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 1:00बजे तक बन्द लिफाफों में व्यक्तिगत रुप से कार्यालय में उपलब्ध करायें। निविदाएं उसी दिन अथवा अन्य किसी दिन निविदादाताओं की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में सन्निहित होगा। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

(विजेता गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सण्डीला,
हरदोई

(मो0 रईस अन्सारी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सण्डीला,
हरदोई

## एक नजर

### घर-घर पहुंच कर सरकारी योजनाओं का बताया सच

हरदोई, अमृत विचार। भाजपा ने परिक्रमा कार्यक्रम शुरू करते हुए सरकारी योजनाओं का सच बताने के लिए घर-घर परिक्रमा की जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा विधायक प्रभाष कुमार ने साण्डी विधानसभा के सुरसा मण्डल के सुरसा गांव में घर-घर पहुंच कर लोगों को भाजपा की नीतियों और भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में बताया साथ ही हाल-चाल पूछा। इस दौरान वहां चौपाल भी लगाई गई। भाजपा विधायक श्री कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार 'सबका साथ सबका विकास' थीम पर काम कर रही है। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के मंत्री अमित कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक सुमित सिंह, मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा प्रवेन्द्र कुमार सिंह, महामंत्री अमर प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान संजय सिंह भेरिया, अमरीश सिंह, मीडिया प्रभारी रविन्द्र पाल, महेश, विनोद वर्मा, जितेन्द्र कुशवाहा व धीरज समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### जान-माल की धमकी देने का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई। कस्बे के एक पत्रकार ने एक बाजार संचालक पर जान माल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला महुआटोला निवासी गुलफाम के अनुसार वह एक चैनल का पत्रकार है। कस्बे के वाजिद खेल मोहल्ले में एक साप्ताहिक बाजार संचालित होती थी जिसकी खबर चैनल पर चलाई थी। इसी से नाराज बाजार संचालक ने ब्लॉक चौराहे पर आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है।

### स्टेट बैंक ने लोनी मिल में लगाया कृषक शिविर

शाहाबाद, हरदोई। क्षेत्र के डीसीएम श्री राम लिमिटेड की शुगर यूनिट लोनी में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कृषक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषकों को बैंक द्वारा दिए जाने वाले लोन व अन्य सुविधाओं से अवगत कराया गया। लोनी मिल में आयोजित कृषक शिविर को संबोधित करते हुए इकाई प्रमुख राजा श्रीवास्तव ने कहा वर्तमान पेराई सत्र में 125 लाख कुंतल गन्ना मिल द्वारा लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्ष 22-23 में गन्ना किसानों को 433.5 करोड़ का भुगतान किया गया।

# भाजपा में शामिल किए गए राजनीतिक दलों के सैकड़ों जनप्रतिनिधि

## पार्टी के जिला मुख्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने दिलाई सदस्यता

हरदोई



विभिन्न राजनीतिक दलों से आए जनप्रतिनिधियों को पार्टी की सदस्यता दिलाते भाजपा जिलाध्यक्ष व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनावों की आहट से पहले भाजपा देश से लेकर ग्रामीण स्तर तक हर कांटे को दुरुस्त करने में लग गई है। पार्टी जिला मुख्यालय पर संपन्न हुए कार्यक्रम 'विधानसभा मिलन समारोह' में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नितिन अग्रवाल की उपस्थिति में जनपद के विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक पार्टी से आए लगभग 500 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर भाजपा को लोकसभा में प्रचंड बहुमत से जिताने का प्रण लिया।

कार्यक्रम में मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जिसके मूल में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक और सामाजिक विकास से जोड़ने का लक्ष्य है। देश आज जिस रफ्तार से आर्थिक विकास की यात्रा कर रहा है, वह दिन दूर नहीं जब विश्व बिरादरी की अगुवाई भारत के हाथ में होगी। उन्होंने कहा कि जिस रफ्तार से कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर जा रहे है, उससे लगता है पार्टी को अब जहाज़ की जगह नाव की जरूरत पड़ेगी और नाव का पतवार अपनी नांव डूबने से बचा ले इसमें भी संशय है। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भाजपा परिवार में शामिल हुए सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि अब आप सभी लोग भाजपा परिवार के अहम सदस्य बन गए है, और अब सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रचंड बहुमत से दिल्ली की सत्ता पर बैठने का कार्य करें। अबकी बार 400 पार का को लक्ष्य है वह तभी सार्थक होगा जब सभी लोग दोनों लोकसभा सीटों को जिताने का संकल्प लेकर अपने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक अविनाश मिश्र ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, ओम वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता आदि लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।



### सांसद और विधायक के सामने थामा कमल

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। नगर के हरदोई रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में बने मिश्रिख लोकसभा कार्यालय पर मंगलवार को सदस्यता अभियान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मिश्रिख सांसद अशोक रावत व क्षेत्रीय विधायक संडीला अलका सिंह अर्कवंशी मौजूद रही। सांसद व विधायक द्वारा सबसे पहले बसपा कार्यकर्ता व अंगूरी शंकर सिन्हा सेवा समिति के अध्यक्ष अंगूरी शंकर सिन्हा को सदस्यता दिलाकर शुरुआत की। अंगूरी सिन्हा एक समाजसेवी भी हैं। होली मिलन समारोह का कार्यक्रम भी निरंतर कई वर्षों से करा रहे हैं। उसके बाद नगर पालिका के निर्दलीय सभासद बबलू कुमार, मोहम्मद कलाम, अजय द्विवेदी, राहुल कुमार, प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्यों, बसपा कार्यकर्ता सहित 375 लोगों ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता विशुन दयाल शुक्ल, प्रेम बाबा, सिद्ध प्रताप मौर्य, जीवन सिंह अर्कवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 36 प्रधानाध्यापकों के वेतन पर रोक

## नेट परीक्षा-2023 में ई-ग्रेड वाले स्कूलों पर सीडीओ ने की कार्रवाई

हरदोई

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन (गुणवत्ता शिक्षा) की नेट परीक्षा-2023 में ई-ग्रेड वाले स्कूलों के पहले चरण की समीक्षा में जिले के 36 स्कूलों की खराब छवि देख कर सीडीओ सौम्या गुरुरानी काफी नाराज़ हैं। उन्होंने उन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों, इंचार्ज अध्यापकों का फरवरी माह का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है।

यह जानकारी देते हुए बीएसए विजय प्रताप सिंह ने बताया कि सीडीओ ने शैक्षिक स्तर में सुधार होने तक ज़िले के 36 संविलियन, प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज अध्यापकों का फरवरी माह का वेतन रोकने का आदेश दिया है।

बीएसए ने बताया कि बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय गुलरी पोखरी, प्राथमिक विद्यालय सारंगापुर, हरपालपुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय डिडवन सुजानपुर, प्राथमिक विद्यालय जीवनपुरवा, हरियावां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय हरसिंहपुर, प्राथमिक विद्यालय महोलिया, माधोगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय देवीपुरवा, प्राथमिक विद्यालय शुक्लापुर, अहिरोरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय करीमनगर सैदापुर, प्राथमिक विद्यालय नीर, मल्लावां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय लकड़हा, प्राथमिक विद्यालय हरीगंज, भरखनी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय उमरापुर, कछौना ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटियामऊ, प्राथमिक विद्यालय महरी, कोथावां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बेलवारखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय तेरियां, सुरसा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बहरैया, प्राथमिक विद्यालय कैरमैर, साण्डी ब्लाक के भौराजपुर, प्राथमिक विद्यालय उल्लामऊ, सण्डीला ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय महामऊ, प्राथमिक विद्यालय गढ़ी, बेहंदर ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय असही आज़मपुर, बिलग्राम ब्लाक के संविलियन विद्यालय कराना, प्राथमिक विद्यालय परसापुर, भरावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय कोरौंध, प्राथमिक विद्यालय भिखनीखेड़ा, टोंडरपुर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय भूपापुरवा, प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर, टड़ियावां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बरबटापुर, प्राथमिक विद्यालय शिवरी, शाहाबाद ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय हंसुआ, प्राथमिक विद्यालय बैजूपुर, पिहानी ब्लाक के संविलियन विद्यालय कुंवरपुर, बसीठ और नगर क्षेत्र के संविलियन विद्यालय कन्या वैटगंज के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज अध्यापकों के वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।



### उपकरण पाते ही खिल उठे दिव्यांगों के चेहरे

हरदोई, अमृत विचार। नि:शक्त जन सेवा संस्थान व वीरांगना सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ चुंगी स्थित श्री महावीर राइस मिल पर दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी आदि उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन व विशिष्ट अतिथि हरदोई के सीएमओ रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष व सीएमओ ने आए हुए दिव्यांगों को उपकरण आदि वितरित किए। कार्यक्रम के समापन पर समिति के अध्यक्ष सुमत प्रसाद जैन व सुहाना जैन ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक के अगवा होने की दी फर्जी सूचना

हरदोई

- करीब पांच घंटे हलकान रही पुलिस, एसपी भी लेते रहे अपडेट
- बाग में टहलता मिला शिक्षक

**अमृत विचार।** बहन ने शिक्षक को अगवा कर फिरौती मांगे जाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस तत्काल शिक्षक की खोज खबर शुरू कर दी। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी भी जानकारी लेते रहे। तकरीबन 5 घंटे जूझने के बाद पता चला कि शिक्षक बाग़ में टहल रहा है। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। एसएचओ साण्डी छोटेलाल का कहना है कि मामले में शिक्षक से पूछताछ की जाएगी।

साण्डी कस्बे के मोहल्ला नवाबगंज निवासी हर्षित शर्मा उर्फ लकी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। जबकि उसकी पत्नी और बहन भी शिक्षिका हैं।

जानकारी के अनुसार हर्षित शर्मा उर्फ लकी की बहन समीक्षा शर्मा ने पुलिस को फोन पर बताया कि काफी रात होने के बाद भी उसका भाई हर्षित वापस घर नहीं लौटा और उसी बीच किसी अंजान ने फोन पर फिरौती की मांग करते हुए पुलिस को कुछ बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। समीक्षा के इस फोन ने पुलिस महकमें में खलबली मचा कर रख दी। शिक्षक को ढूंढने में जुटी पुलिस को भौराजपुर तिराहे पर एक मुर्गा फ़ार्म के पास से उसकी बाइक मिली। इसका पता होते ही एसपी श्री गोस्वामी भी वहां पहुंच गए और शिक्षक के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन खोजबीन में शामिल हुए। उन्होंने पुलिस टीम को ज़रूरी दिशा-निर्देश देते हुए इलाके की घेराबंदी करने और चप्पे-चप्पे पर तलाशी अभियान चलाने को कहा। नतीजतन 5 घंटे से जूझ रही पुलिस को पता चला कि शिक्षक हर्षित शर्मा उर्फ लकी लाहौरी पुरवा के एक बाग़ में टहल रहा है। इसका पता होते ही पुलिस भी वहां पहुंच गई। एसएचओ साण्डी छोटेलाल का कहना है कि शिक्षक से हर एक पहलू से पूछताछ की जा रही है।

पैग लड़ते गए, नशा चढ़ता गया

शिक्षक हर्षित शर्मा उर्फ लकी के मामले में मंगलवार देर शाम तक पुलिस ने जो भी जानकारी जुटाई है, उसके मुताबिक भौराजपुर तिराहे पर मुर्गा फ़ार्म पर शिक्षक साथियों के साथ दारू पार्टी कर रहा था। नशा जब अधिक हो गया तो हर्षित होश गंवा बैठा और बाइक वहीं छूट गई, खुद कहीं और चला गया। सुबह जब नशा उतरा तो वह एक बाग़ में था और वहीं टहल-घूम रहा था।

# धोखाधड़ी कर हड़पे गए करीब चार लाख लौटाए

हरदोई

**अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी और एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार की गाइडलाइन पर चलते हुए एक्शन में आई साइबर सिक्योरिटी सेल की टीम ने साइबर क्रिमिनल्स के खाते को ब्लाक कर धोखाधड़ी कर हड़पे गए 3 लाख 80 हज़ार रुपये वापस कराए हैं।

एसपी ज़िले में साइबर क्राइम कंट्रोल करने के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने सीओ सिटी अंकित मिश्रा की अगुवाई में साइबर क्राइम कंट्रोल करने में जुटी साइबर सिक्योरिटी सेल पूरी तरह से एक्शन मोड में है। साइबर सिक्योरिटी सेल को जन-सुनवाई के दौरान पता चला कि यूपीआई की मार्फत साइबर क्रिमिनल्स ने बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 3 लाख 80 हज़ार रुपये हड़प लिए। इस पर तुरंत एक्टिव हुई साइबर सिक्योरिटी सेल की टीम ने छानबीन शुरू करते हुए बैंक की मदद से साइबर क्रिमिनल्स के खाते ब्लाक करते हुए हड़पी गई रकम वापस खाते में वापस कराई।



### बलवा से निपटने के लिए पुलिस ने की मॉकड्रिल

हरदोई, अमृत विचार। बलवा या बवाल जैसी हरकतें करने वालों को सबक सिखाने के लिए मंगलवार को पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल कराया गया। पुलिस जवानों को बताया गया है जब ऐसा लगे कि बलवाइयों या बवाल करने वालो से लॉ एंड आर्डर को नुक़सान पहुंच सकता है, अपना बचाव करते हुए इससे कैसे निपटा जाए। इसका एक्शन करते हुए दिखाया गया। पुलिस जवानों की 'अ' टीम को पुलिस फोर्स और 'ब' टीम को बलवाई दिखाते हुए दोनों को एक्शन मोड में आमने-सामने खड़ा कर दिखाया गया।

# हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर लाइनमैन की मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** नलकूप के लाइन दुरुस्त कर रहे लाइनमैन की हाइटेंशन करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घर वाले बिजली विभाग के कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

मंगलवार बेहटा गोकुल थाने के हसनापुर गांव निवासी गौरी शंकर मिश्रा आउट सोर्सिंग संविदा पर बिजली विभाग में लाइनमैन था। मंगलवार को सब स्टेशन बावन के लोनार फीडर की लाइन पर सैतियापुर गांव के पास वकील अहमद के नलकूप की लाइन दुरुस्त कर रहा था। जिसके लिए एसएसओ से लाइनमैन ने शट-डाउन लिया था। आरोप है कि दूसरी लाइन का शट-डाउन दे दिया। जिसके चलते गौरीशंकर की करंट लगने से मौत हो गई।

### जरूरतमंदों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ

पाली, हरदोई, अमृत विचार। प्रदेश के पूर्व अपर मुख्य सचिव चंद्र प्रकाश ने पाली नगर आगमन पर वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार जनता के हित में बहुत सी योजनाएं चला रही है जिसका सीधा लाभ जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों ने सबका साथ सबका विकास करने के लिए पूरी मजबूती से कार्य कर रही हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार बनते ही अपराधियों पर मुख्यमंत्री योगी ने अपना हंटर चलाया तो अपराधी घटनाओं को करने से पहले सौ बार सोचता है।

## सार-संक्षेप

### आर्थिक सहायता देकर बढ़ाया मान

हरदोई, अमृत विचार। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने शहर की रुचि त्रिवेदी को आर्थिक सहायता के तौर पर एक लाख रुपए की धनराशि की चेक भेंट की और उसका हौसला अफजाई किया। दरअसल रुचि त्रिवेदी का चयन पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन में हुआ है। जिसके लिए उसे आर्थिक रूप से एक लाख अस्सी हजार रूपए की जरूरत थी। यह प्रतियोगिता 20 से 25 फरवरी के दौरान थाईलैंड में पटाया बैंकाग में होनी है। प्रतियोगिता में रुचि शिरकत करके जिले का मान बढ़ा सके इसको लेकर श्री अग्रवाल ने सौगात दी है। इसके अलावा आर्थिक सहायता करने वालों में जिले के पूर्व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी जो इन दिनों रामपुर में तैनात हैं ने 80 हजार की धनराशि दी है। इसके अलावा सहायता करने वालों में अनिल महिंद्रा, राम प्रकाश शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष आरके गुप्ता, बिसी सरदार व मनीष चतुर्वेदी भी शामिल हैं।

### सम्मान से नहीं होगा समझौता : प्रदेश सचिव

हरदोई, अमृत विचार। राष्ट्रीय लोकदल किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के अधूरे सपने को साकार करने के लिए काम कर रहा है। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश सचिव रामदास दीक्षित ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव श्री दीक्षित ने मंगलवार को पत्रकारों के बीच पार्टी की नीतियां गिनाई और कहा कि जिले में पार्टी को और मजबूत करने का अभियान चलाया जाएगा। पार्टी के मुखिया जयंत चौधरी ने किसानों के अधिकारों की लड़ाई का जो बीड़ा उठाया है उसे पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, जिलाध्यक्ष महेश सिंह, शिव कुमार तिवारी, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### शराब दुकान के सेल्समैन को पीट कर नकदी लूटी

हरदोई, अमृत विचार। ठेका देशी शराब की सरकारी दुकान पर कार्यरत सेल्समैन संतोष कुमार से मारपीट कर ग्राम सेमरा कलां निवासी तीन आरोपी 17,500 रुपये गल्ले से लूट ले गए। सेल्समैन ने मंगलवार की सुबह बघौली थाने में तहरीर दी है। पुलिस छानबीन शुरू कर दी है। बघौली थाने के सेमरा कलां मार्ग पर ठेका देशी शराब की दुकान है। जिसके सेल्समैन संतोष कुमार ने बघौली पुलिस को तहरीर दी हैं कि वह ठेका देशी शराब की दुकान पर बतौर सेल्समैन कार्य करता है। सोमवार की रात में ग्राम सेमरा कलां निवासी भानू, रजनीश व मुनीम ठेके में आये, इस दौरान रजनीश ने जरूरी कार्य बताकर बाहर आने को कहा, रजनीश की बात मानकर सेल्समैन जैसे ही बाहर निकला, इसी बीच भानू व मुनीम ने मिलकर डंडे से हमला कर दिया। आरोपी गल्ले से करीब 17,500 रुपये निकाल कर ले गए। सेल्समैन की नाक में जोट लगने से काफी खून निकल गया। पीड़ित ने बघौली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ली गई शपथ

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पंचायत कछौना पतसेनी में आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने बताया कि भारत सरकार की साफ नीयत के चलते शहरों की तस्वीर बदल रही है। पहले शहरों की नियमित रूप से सफाई व्यवस्था न होने के कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते थे। आवास विहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देकर उन्हें शहरों में घर देने का कार्य किया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, उज्ज्वला योजना, आदि विभागों के स्टाल लगाए गए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ (पंकज), वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रहम कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, महामंत्री शिवम मिश्रा, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष क्रांतिवीर सिंह उर्फ रैना, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि गुप्ता, सर्व वैश्य समाज के अध्यक्ष तुलसी गुप्ता, सभासद गण सहित प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

### बहनोई के घर आए साले की हादसे में हुई मौत

पाली, हरदोई, अमृत विचार। बहनोईं के घर आया उसका साली अपने दोस्त के साथ मोपेड से जा रहा था, उसी बीच पाली-भरखनी रोड पर रानीखेड़ा के पास उसे दूध ले कर जा रहे पिकअप ने ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों मोपेड सवार ज़ख्मी हो गए। जिन्हें आनन-फानन में सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पहुंचने से पहले ही एक की मौत हो गई और उसके दोस्त को मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया है। सवायजपुर कोतवाली के नगरा मजरा बरसोइयां निवासी 20 निवासी रावेंद्र का बहनोई प्रदीप पाली कस्बे में रहता है और उसकी भरखनी रोड पर मिठाई की दुकान है। रावेंद्र अपने दोस्त 21 वर्षीय विनोद के साथ बहनोई के घर आया और उसकी दुकान पर काम करता था। बताते हैं कि मंगलवार की सुबह रावेंद्र और उसका दोस्त विनोद दोनों मोपेड से पाली-भरखनी रोड पर जा रहे थे, उसी बीच रानीखेड़ा के पास दूध ले कर जा रही पिकअप ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी, जिससे रावेंद्र और विनोद दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। सीएचसी पहुंचने से पहले ही रावेंद्र की मौत हो गई।

# एसपी ने कोतवाली पहुंच चेक किए अभिलेख

मल्लावां, हरदोई




अभिलेखों का निरीक्षण करते एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली का पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने जन सुनवाई पोर्टल, सीसीटीएनएस, महिला डेस्क, बैरक, कंडम वाहनों और साफ सफाई का निरीक्षण कर कोतवाल निर्भय सिंह को अवश्य निर्देश दिए।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्री गोस्वामी के आने की भनक लगते ही कोतवाली में विशेष साफ सफाई चाक चौबंध व्यवस्था देखी गई। शाम साढ़े चार बजे पुलिस अधीक्षक केशव गोस्वामी ने महिला डेस्क पर तैनात अंकिता से रजिस्टर आदि देखा, तो उन्होंने कहा कि महिला डेस्क पर सिर्फ महिला संबंधी मामलों को ही दर्ज करना चाहिए न कि जमीन संबंधी मामले, आइजीआरएस, सीसीटीएनएस पर शिकायतों को लेकर गंभीरता दिखाते हुए उन्होंने कम्प्यूटर चालकों को तत्काल समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। मलखाने में मौजूद रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। असलहों और कारतूस, बेरैक, और कार्यालय में टूटे दरवाज़े देख उन्होंने तत्काल बदलने के निर्देश जारी किये।

कोतवाली में कंडम वाहनों का निस्तारण कर उन्हें नीलाम आदि करने के निर्देश कोतवाल निर्भय सिंह को दिया। कोतवाली की बाउंड्री वाल का स्टीमेट बनवाकर भेजनें को कहा ताकि बाउंड्री आदि का काम कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक केशव गोस्वामी ने चौकीदारों से बात कर गांव में ऐसे लोगों पर नजर रखने को कहा जो गलत गतिविधियों में रहते है ऐसे शराब, गांजा बेचने वालों की गुप्त शिकायत देने का निर्देश देकर उन्हें वर्दी प्रदान की। करीब 45 मिनट तक उन्होंने कोतवाली में मेस और सिपाहियों के बैरक को बारी की से निरिक्षण किया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज संजय राय, वीरेंद्र पासवान, सरोज पाल, हेड मुंशी धीरेन्द्र कुमार सहित पुलिस फोर्स मौजूद रहा।



ध्वज लेकर राजस्थान के लिए रवाना होते युवक। अमृत विचार

### भक्तों का फूलमालाओं के साथ हुआ स्वागत

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। कस्बा निवासी रोहित गुप्ता व अपूर्व तिवारी ने पैदल यात्रा से पूर्व मोहल्ला आजाद नगर स्थित तौला कमेटी मंदिर में आचार्य द्वारा पूजन अर्चन किया। माता-पिता व बुजुर्गो का आशीर्वाद लेकर मन में खाटू श्याम के प्रति श्रद्धा व भक्ति की ज्योति जलाकर हाथों में ध्वज लेकर घर से राजस्थान के लिए रवाना हो लिए। बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने पहुंचकर दोनों भक्तों का फूलमालाओं ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। पद यात्रा में शामिल होकर नगर के मंदिरों पर पहुंचकर जयकारे लगाए। श्याम भक्तों ने बताया कि नगर की पहली पैदल यात्रा है जिसके लिए दोनों ने बड़ा निर्णय लिया है। मंडी से होते चार किलोमीटर दूर स्थित सेलापुर गांव तक छोड़ने गए। इस मौके पर किशोर तिवारी, श्रीकांत गुप्ता, मुकेश गुप्ता, धीरू गुप्ता, नीरज गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, नन्दकिशोर गुप्ता, चेतन गुप्ता, सुभाष, रामऔतार त्रिवेदी, गौरव गुप्ता, सुमन देवी, मधुलिका, रश्मि, दिव्या, ज्योति गुप्ता आदि भक्ति मौजूद रहे हैं।

## एक नजर

### 15 मार्च से शुरू होगी गेहूं खरीद : जिलाधिकारी

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि जनपद में 15 मार्च से गेहूं क्रय आरम्भ होगा। उन्होंने बताया कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन रू. 2275 प्रति कु. है। कृषकों का गेहूं कृषक पंजीयन के उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। कृषक पंजीयन स्वयं, जनसेवा केन्द्रों के अतिरिक्त वर्तमान में संचालित किसी भी धान क्रय केन्द्र पर जाकर नि:शुल्क करा सकते हैं।

### आग से जली गन्ने की फसल

**थानगांव।** राजकुमार निवासी सरैयां आज शाम करीब साढ़े पांच बजे खरसोता गांव के पास गन्ने की पराली जला रहे थे, तभी अचानक आग की लपटें तेज हो गईं। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, जब तक पाते इन्द्रशेन का एक बीघा कीमत 15 हजार, कृष्णाकान्त का एक बीघा कीमत 15 हजार, प्रदीप कुमार निवासी रडहापुरवा का एक बीघा कीमत 15 हजार, पवन कुमार निवासी दुंदपुर का ढाई बीघा गन्ना कीमत 55 हजार का गन्ना जलकर नष्ट हो गया। पीड़ितों ने क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दी है।

### विनीता बनीं जिला महासचिव



**सीतापुर, अमृत विचार।** उप्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर अनिल यादव महासचिव संगठन ने क्षेत्र के ग्राम खैरुल्लापुर निवासिनी कांग्रेस नेत्री विनीता राजवंशी को जिला महासचिव बनाए जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसियों में हर्ष की लहर है। विनीता राजवंशी को जिला महासचिव मनोनीत किए जाने पर विनीत दीक्षित, बनवारी लाल कनौजिया, ध्रुव राजवंशी, कन्हैया जी मल्होत्रा, नूतन भारती, अनुपमा द्विवेदी, डॉ विनोद दीक्षित, सुधाकर मिश्रा, हाजी सिराज अहमद, लल्लू राम शुक्ला, विनय त्रिपाठी, राधेश्याम चैधरी, शीलू शुक्ला आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### वतन के रखवाले नाटक का किया मंचन

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत मीरा नगर में आयोजित श्री राम लीला के अंतर्गत रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला के अंतर्गत वतन के रखवाले नाटक का मंचन किया गया। संचालन सत्यवान पटेल ने किया। देशभक्ति से परिपूर्ण वतन के रखवाले नाटक में अंग्रेजो हरिक्ष एवम टोप्पा के क्रूर क्रियाकलापों द्वारा भारतीयों की जबरन भूमि हड़पी जाती है। सुभाष और मंगल नामके दो भारतीय भारत माता की जय के नारे लगाते हुए एकजुट होकर अंग्रेजो का विरोध करते है। अंत में देश आजाद हो जाता है। इस अवसर पर श्रवण विश्वकर्मा, शिवम पटेल, दिलीप शर्मा, शिवम विश्वकर्मा, आशीष वर्मा, कपिल वर्मा जयचंद वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** स्थित वैदिक अकादमी में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत अग्रिम परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया गया।संस्थान के डॉक्टर हरनाम यादव व नरेंद्र यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सदस्य विधान परिषद इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह के साथ महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर रमेश वाजपेई विरल, चंद्र भूषण शुक्ला, भाजपा नेता सुधीर सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, आनंद सिंह, राम प्रवेश प्रजापति, सीपी तिवारी, आनंद श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, रवि अवस्थी, अजय वर्मा, विजय सिंह तोमर सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# जेल में बेटे अदीब से मिलकर भावुक हुए आजम

संवाददाता, सीतापुर

- रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित तीन लोगों ने जाना सपा नेता आजम खां का हाल
- जेल में एक घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात

**अमृत विचार।** जेल में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मंगलवार को बेटे अदीब ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान आजम बेटे को पाकर भावुक नजर आये। रामपुर से आये बेटे अदीब के साथ रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान सहित एक सपा नेता ने भी जेल में आजम से मुलाकात करते हुए उनका हाल जाना। बेटे ने मुलाकात के दौरान आजम को जेल में कुछ जरूरी चीजें भी दीं। जेल में मुलाकात के दौरान आजम खां ने बेटे से रामपुर जेल में बंद पत्नी तंजीम और बेटे अब्दुल्ला का हाल भी जाना। अदीब ने पिता से स्वास्थ्य की जानकारी ली और वापस जेल से रामपुर रवाना हो गये।

बताते चलें कि रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम और पत्नी तंजीम सहित बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई थी। रामपुर प्रशासन ने आजम को सीतापुर और बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट कर दिया था। 22 अक्टूबर की सुबह आजम को सीतापुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। सजा मिलने के बाद आजम से जेल में मुलाकात का मैनुअल बदलते ही मुलाकातों पर विराम लग चुका है। बीते समय में आजम से पूर्व सपा विधायक अनूप गुप्ता और रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष सहित पूर्व नगर पालिका चेयरमैन ने मुलाकात कर आजम का हाल जाना है।



आजम से मुलाकात के बाद बाहर निकलते बेटे अदीब आजम और अन्य सपा नेता।

बीते सप्ताह में हरदोई से चलकर आजम के साढ़ू और साली ने आजम से मुलाकात की थी। प्रत्येक माह में होने वाली 4 मुलाकातों में फरवरी माह में अब महज 2 मुलाकतें ही शेष बची हैं। मंगलवार को मुलाकात करने पहुंचे बेटे अदीब सहित अन्य तीन लोगों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया और दोपहर करीब 12 बजे जेल में दाखिल हुए। एक घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के दौरान आजम बेटे को पाकर भावुक भी नजर आये। इस मुलाकात के दौरान राजनीतिक गलियारों पर गहनता से चर्चा हुई और उसके बाद बेटा अदीब अन्य लोगों के साथ जेल से बाहर आ गये।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

## ग्रामीणों ने लहरपुर-भदफर मार्ग किया जाम

भदफर, सीतापुर

**अमृत विचार।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में एक अज्ञात ट्रक ने साइकिल से खेत जा रहे किसान को टक्कर मार दी। जिससे घायल किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिससे नाराज ग्रामीणों ने लहरपुर-भदफर मार्ग पर जाम लगा दिया। ऐसे में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी किसान मेवालाल मौर्य 68 वर्ष पुत्र महानंद घर से साइकिल से गांव में ही अपने गन्ने के खेत को देखने जा रहे थे, तभी भदफर की तरफ से आ रहे हैं एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया, ट्रक का पहिया उसके सर से निकल जाने घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

किसान की मौत से नाराज भारी संख्या में ग्रामीणों ने लहरपुर-भदफर मार्ग पर जाम लगा दिया। जिससे उक्त मार्ग पर आवा गमन ठप हो गया, जाम की सूचना पर क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा, भदफर चैकी प्रभारी धर्मेंद्र बहादुर सिंह तंबौर थाने से मणिकांत श्रीवास्तव व अन्य थानो की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझने बुझाने का प्रयास किया, काफी प्रयास के बाद, ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे बाद जाम को हटा लिया और पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



लहरपुर-भदफर मार्ग जाम करते ग्रामीण व मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**पिसावां।** थानाक्षेत्र के कप्सा कला निवासी ब्रजेश पुत्र प्रेमपाल उम्र बीस वर्ष अपने साथी राहुल पुत्र राधेश्याम निवासी औलियापुर उम्र अठारह वर्ष के साथ मंगलवार दोपहर बाद बाइक द्वारा पिसावां से अपने गाँव जा रहा था उसी दौरान नेरी मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमे दोनो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया जहां हालत गम्भीर होने पर डॉक्टरों ने ब्रजेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया थाना प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया वाहन का पता लगाया जा रहा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**झरेखापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के निगोहा गांव निवासी अशोक (40) किसी काम से हरगांव की ओर जा रहा था।सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर सरैंया राह गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे अशोक की सर मे चोट आने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।मृतक ने हेलमेट नही लगा रखा था। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वाहन की तलाश जारी है।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**झरेखापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के खेदरापुर गांव निवासी वीरेन्द्र (32) गांव के तपेश्वर दीक्षित के साथ सीतापुर गये थे, वापस आते समय झरेखापुर चैराहे पर सड़क पार करते समय लखीमपुर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वीरेन्द्र उसी बस के नीचे फंस गए और बस चालक ने बस नहीं रोका। जिससे वह घसीटते हुये कोतवाली देहात थाना क्षेत्र मे उल्जापुर गांव के पास पहुंच गए, जहां पर उनकी दर्दनाक मौत हो गयी और दूसरे बाइकसवार तपेश्वर दीक्षित गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल तपेश्वर दीक्षित को इलाज के लिये एम्बुलेन्स से पीएचसी हरगांव भेज दिया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरगांव थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि बस चालक मौके से फरार हो गया था, बस को कब्जे मे ले लिया गया है।

# मैराथन स्पर्धा में दौड़ीं सिधौली क्षेत्र की महिलाएं



साड़ी बांधकर पांच किमी की मैराथन में दौड़तीं महिलाएं। अमृत विचार

**तोड़ीं रस्में**

- गोंदलामऊ की सविता प्रथम व सिधौली की कोमल दूसरे स्थान पर

**सिधौली, अमृत विचार।** तोड़कर रस्म का बुत बंदे कदामत से निकल, अपनी तारीख का उन्वान बदलना है तुझे। कैफी आजमी के इस शेर के अंदाज में सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत मंगलवार को सिधौली में साड़ी युक्त पोशाक में महिलाओं ने पांच किमी. लंबी मैराथन दौड़ में हिस्सेदारी ली। स्पर्धा आयोजक मुख्य अतिथि सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। इस मौके पर मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र के सिधौली विधानसभा की महिलाओं ने साड़ी पहनकर दौड़ लगाई।

आजं साड़ी युक्त महिलाओं की सेमी क्वार्टर मैराथन 5 किमी. दौड़ सिधौली विधानसभा क्षेत्र में की गई है। भारी संख्या में महिलाओं ने इसमें प्रतिभाग किया और वे अलादादपुर से महमूदाबाद चौराहा, जीटी रोड, बिसवां चौराहा, मिश्रिख रोड होते हुए अलादादपुर कार्यक्रम स्थल तक दौड़ लगाई। साड़ी युक्त महिला सेमी क्वार्टर मैराथन में गोंदलामऊ ब्लॉक के ग्राम कुर्सी की सविता देवी ने प्रथम, सिधौली ब्लॉक की कोमल निवासी नई गढ़ी ने द्वितीय व सोनी निवासी धरौली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार की विजेता को 31 हजार, द्वितीय विजेता को 21 हजार तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए की धनराशि दी गई।

# कई सभासदों ने भाजपा का थामा दामन

**सीतापुर, अमृत विचार।** खैराबाद नगर पालिका के कई सभासदों ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ली। पालिकाध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में इन सभासदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व विशिष्ठ अतिथि ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने सभासदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

मंगलवार को खैराबाद विकास खंड कार्यालय के सभाकक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व विशिष्ट अतिथि खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा रहे। इस मौके पर खैराबाद नगर पालिकाध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता सभासदों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां पालिकाध्यक्ष बेबी गुप्ता के नेतृत्व में सभासद बसपा के प्रभु जी, सपा के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष सभासद मुर्सलीन, सभासद मोहम्मद नसीम उर्फ हुस्ना, सभासद हसीन खॉ, सपा नेता रफीक गाजी, शराफत पूर्व सभासद बुद्ध नगर निवासी डॉ. प्रमोद शुक्ल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि भाजपा की नीतियों से हर कोई प्रभावित है। इस मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू, भाजयुमो जिला महामंत्री विधानसभा संयोजक जया सिंह, भाजपा नेता श्रवण शुक्ला, संदीप अवस्थी, अंशू मिश्रा, उमेश जायसवाल, दिलीप जोशी, नीरज आदि मौजूद रहे।



राज्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट करते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व मौजूद सभासद।

### सैकड़ों लोग भाजपा में हुए शामिल

**महमूदाबाद।** महमूदाबाद नगर स्थित भाजपा विधायक आशा मौर्य के आवास पर विधानसभा मिलन समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक चंद्रभूषण शुक्ला और विधानसभा प्रभारी सुधीर सिंह की अध्यक्षता में चार सैकड़ा से अधिक लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रहीं महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का पटका और टोपी देकर सम्मानित करने के साथ-साथ सदस्यता भी ग्रहण करवाई। बताते चलें की चार सैकड़ा लोगों में से एक सैकड़ा से अधिक लोग जो कि वर्तमान में प्रधान थे और अन्य राजनैतिक दलों में पदाधिकारी भी थे। समारोह का संचालन विधानसभा प्रभारी सुधीर सिंह ने किया। मिलन समारोह की तैयारी जिला लोकसभा समिति के सदस्य और विधानसभा संयोजक चंद्रभूषण शुक्ला ने की।

## सार-संक्षेप

### नहर में कूदा युवक, गोताखोरों ने पांच घंटे की तलाश



शारदा सहायक नहर के जल में युवक की तलाश करते एसडीआरएफ की टीम।

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक नहर में कूद गया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और एसडीआरएफ टीम को जानकारी दी। ऐसे में एसडीआरएफ टीम के गोताखोरों ने लगभग पांच घंटे तक युवक की तलाश की, लेकिन शाम तक तक अज्ञात युवक की कोई जानकारी नहीं हो सकी। महमूदाबाद मार्ग पर एक युवक के नहर में कूदने की जानकारी मिलते ही पैंतेपुर चैकी इंचार्ज घटना स्थल पर अपने हमराहियों के साथ पंहूचे। आसपास एकत्रित लोगो से जानकारी के पश्चात कोतवाली महमूदाबाद के माध्यम से एसडीआरएफ लखनऊ को सूचित किया। एसडीआरएफ लखनऊ की स्पेशल गोताखोरों की टीम लगभग पांच घंटे तक शारदा सहायक नहर के जल में अज्ञात युवक की तलाश करती रही, लेकिन अज्ञात युवक नहीं मिल सका। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक महमूदाबाद दिनेश शुक्ल ने बताया कि अज्ञात युवक की तलाश एसडीआरएफ लखनऊ द्वारा की जा रही है। हम लोग भी लगातार प्रयासरत है।

### ड्रग इंस्पेक्टर बताकर टप्पेबाजों ने बैग से पार किए 50 हजार

**सीतापुर,अमृत विचार।** कोतवाली नगर इलाके में टप्पेबाजों ने ड्रग इंस्पेक्टर बनकर एक मेडिकल स्टोर कर्मचारी के बैग में रखी 50 हजार की नकदी पार कर दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, तामसेनगंज स्थित मेडिकल स्टोर संचालक शिवांश अग्रवाल ने तहरीर देकर अवगत कराया कि मेडिकल स्टोर संचालक का कर्मचारी संतोष मंगलवार दोपहर अपनी दुकान से बैग में 50 हजार रुपये लेकर लखनऊ के लिए जा रहा था। आरोप है कि दुकान से कुछ दूरी पर दो अज्ञात लोगों ने बाइक रोककर स्वयं को ड्रग इंस्पेक्टर बताकर जमा तलाशी ली। आरोप है कि इस दौरान टप्पेबाजों ने बड़ी ही सफाई में बैग में रखे रुपये निकालकर मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित कर्मचारी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि टप्पेबाजी के दौरान 50 रूपये निकालने की बात सामने आई है। तहरीर के आधार पर कोतवाली में केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### प्रदीप सिंह अध्यक्ष व शिवशंकर यादव महामंत्री पद पर निर्वाचित



बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य। अमृत विचार

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** बार एसोसिएशन सिधौली के वार्षिक चुनाव में एडवोकेट प्रदीप कुमार सिंह अध्यक्ष तथा एडवोकेट शिवशंकर यादव महामंत्री निर्वाचित हुए। बार के शत प्रतिशत 163 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई वर्षो से कोषाध्यक्ष के पद पर हार का सामना करने वाले मिथलेश यादव ने भी अपने प्रतिद्वंद्वी मधुशंकर मिश्र को पराजित कर इस बार जीत हासिल की। अध्यक्ष पद पर एडवोकेट प्रदीप सिंह ने कुल 93 मत हासिल कर 24 मतों से जीत दर्ज की वहीं पूर्व में कई बार अध्यक्ष रहे एडवोकेट रामप्रसाद गौतम को करारी शिकस्त का सामना करना पडा। उन्हें कुल 69 मत पर ही संतोष करना पड़ा। महामंत्री पद के लिए तीन दावेदारों में से शिव शंकर यादव ने 72 मत प्राप्त किये। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एडवोकेट नीलकमल मिश्रा 67 मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे तथा एडवोकेट मेवालाल को कुल 23 मत ही प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर दावेदारी कर रहे दो दावेदारों में से एडवोकेट मिथलेश कुमार ने 84 मत पाकर 6 मतों की बढ़त से जीत दर्ज की वहीं दूसरे नंबर पर मधुशंकर मिश्रा को कुल 78 मत मिले। तीनों पदों पर एक मत अवैध पाया गया। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद एडवोकट प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि मैं अपने सभी मतदाताओं का आभारी हूं जिन्होंने मुझे इस लायक समझा।

### नवागत बीडीओ ने अस्थाई गोआश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**कमलापुर।** नवागत खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा प्रशान्त कुमार शुक्ला ने मंगलवार को कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोली की नन्दिनी अस्थाई गोआश्रय स्थल, ग्राम पंचायत रेवरी की अस्थाई गोआश्रय स्थल व ग्राम पंचायत बहिरीमऊ की अस्थाई गोआश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। जब निरीक्षण के विषय पर बीडीओ कसमण्डा से जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि ग्रामपंचायत महोली की नन्दिनी अस्थाई गोआश्रय स्थल में साफ-सफाई के साथ सारी व्यवस्थाएं दुरूस्त मिलीं। वहीं ग्राम पंचायत रेवरी की अस्थाई गोआश्रय स्थल में कम भूसा, गन्दा पानी जैसी कुछ कमियां मिलीं। जिसके लिए सम्बंधित सचिव व प्रधान को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वही बहिरीमऊ की अस्थाई गोआश्रय स्थल में व्यवस्थाएं सामान्य मिलीं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरौराकलां- कसमंडा, सीतापुर**

पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023-2024 दिनांक 13/02/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना-अल्पकालीन**

कार्यालय ग्राम पंचायत सरौराकलां विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 16/02/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 14/02/2024 से दिनांक 16/02/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सरौराकलां से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत सरौराकलां के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मदिहा में गुड्डू के घर से पहलवान के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 510858.00 | सीमेंट 176 बैग, सरिया 4.51 क्विंटल बालू 14.17 घनमी0, ईट 10415 संख्या मौरंग 9.86 घनमी0, इंटरलाकिंग ब्रिक 3788 वर्ग मी0 गिट्टी 6 घनमी0, रोड़ा 29.52 घनमी0 मिट्टी गर्द 61.50 घनमी0 | 407831.00 | 200.00 |
| 2 | प्रमोद के मकान से तालाब तक नाली कार्य | 187736.00 | सीमेंट 78 बैग, रोड़ा 5.44 घनमी0 बालू 2.61 घनमी0, सरिया 3.42 क्विंटल मौरंग 6.60 घनमी0, ईट 5959 संख्या गिट्टी 4.97 घनमी0 | 153878.00 | - |
| 3 | खानपुर में मेन डामर रोड से गुड्डू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 138846.00 | सीमेंट 32 बैग, रोड़ा 6.70 घनमी0 बालू 3.22 घनमी0, मौरंग 1.61 घनमी0 ईट 2337 संख्या, गिट्टी 0.50 घनमी0 इंटरलाकिंग ब्रिक 29 वर्ग मी0 | 115012.00 | - |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत सरौराकलां के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

प्रधान- ग्राम पंचायत सरौराकलां, कसमण्डा-सीतापुर
सचिव- ग्राम पंचायत सरौराकलां, कसमण्डा-सीतापुर

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

## 30 केंद्रों पर होगी परीक्षा, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 32 स्टेटिक मजिस्ट्रेट किये गये तैनात

# बायोमैट्रिक व फेस फोटो लेने वाले कर्मचारियों के पास भी हो पहचान पत्र



पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से बात करते डीएम।

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी। यह परीक्षा 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में सम्पन्न होगी। परीक्षा के लिए जनपद में 30 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 32 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पुलिस परीक्षा भर्ती में जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुये पूर्ण शुचिता के साथ परीक्षा सम्पन्न करायी जाये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जायें। सम्पूर्ण गतिविधियों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर लगातार सक्रिय रहें तथा नियमानुसार वीडियो रिकार्डिंग कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। अनुमन्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों के अतिरिक्त कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति परीक्षा केन्द्र में न आ सके, यह भी सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर उपस्थित सभी कार्मिक वैध परिचय पत्र को प्रदर्शित रखें एवं अपने साथ एक पहचान पत्र अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में दिये गये निर्देशों को भलीभांति अध्ययन अवश्य करें, क्योंकि इस भर्ती में डिजिटल लॉक का प्रयोग किया गया है क्योंकि एक बार लॉक हो जाने पर दोबारा अनलॉक नही किया जा सकेगा, इस पर विशेष ध्यान रखा जाये कि रखे जाने वाले गोपनीय दस्तावेजों को निर्देशानुसार ही लॉक किया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अभ्यर्थियों की ठीक प्रकार से चेकिंग अवश्य की जाये। सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य सभी अधिकारी निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर समय से पहुंचकर दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी बायोमैट्रिक व फेस फोटो लेने आयें, उनके कर्मचारियों के पास भी पहचान पत्र हो, परन्तु मोबाइल न हो। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी बीमार हो जाता है तो उसे चिकित्सालय ले जाते समय परीक्षा संबंधी कोई भी दस्तावेज साथ न हो और न ही अन्य गैजेट साथ हो। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, नगर क्षेत्राधिकारी, डिप्टी कलेक्टर पंकज सक्सेना, जिला विकास अधिकारी हरिशचन्द्र प्रजापति, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित समस्त केन्द्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवितव्यो महावृक्ष: फ़लच्छाया समन्वित:।
यदि देवाद फलं नास्ति, छाया केन निवार्यते।।

विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए क्योंकि वो फल और छाया दोनो से युक्त होता है। यदि दुर्भाग्य से फल नहीं हैं तो छाया को भला कौन रोक सकता है।

## संपादकीय

# गहरे हुए बहुआयामी संबंध

पिछले नौ वर्षों में व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का सहयोग कई गुना बढ़ा है। इसी तरह भारत और कतर के बहुआयामी संबंध सभी क्षेत्रों में गहरे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूएई और कतर की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत है। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की सातवीं और कतर की दूसरी यात्रा होगी। वे बुधवार को दुबई में वैश्विक शासन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे एवं बहुमुखी संबंधों को रेखांकित करती है। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। संयुक्त अरब अमीरात में 3.3 मिलियन से अधिक प्रवासी भारतीय हैं। हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच आर्थिक साझेदारी फली-फूली है। जहां वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। यूएई के साथ भारत का संबंध इसके सबसे प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में से एक के रूप में उभरा है। यूएई न केवल एक रणनीतिक साझेदार है, बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की संलग्नता में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों देशों के प्रमुख नेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध को भी उजागर करता है। अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करने और सेवा व्यापार को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

चूंकि भारत और यूएई अपनी असाधारण रणनीतिक साझेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वे अभिसरण और पारस्परिक सम्मान के एक मॉडल का संकेत देते हैं जिसका भविष्य में और सुदृढ़ होना तय है। फिर भी ईरान और अरब देशों (विशेषकर यूएई) के बीच चल रहे संघर्ष के कारण भारत स्वयं को एक नाजुक राजनयिक स्थिति में पाता है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ने ईरान से तेल आयात करना जारी रखा। यह भारत की ईरान और अरब दुनिया दोनों के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करता है। इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध ने भी चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। क्योंकि इससे प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा संकट में पड़ गया है। अमेरिका और रूस जैसे देशों के साथ भारत की टू प्लस टू वार्ता की तरह संयुक्त अरब अमीरात के साथ समान उच्च स्तरीय वार्ता की शुरुआत लाभप्रद सिद्ध होगी।

# क्या सुलझ पाएगा असम और मिजोरम का अंतर्राज्यीय सीमा विवाद



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

> मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164 .6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मिजोरम और असम 9 फरवरी को लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमत हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वास सरमा ने 9 फरवरी की सुबह अपने मिजोरम समकक्ष लालडुहोमा को भोजन पर आमंत्रित किया, जो इस समय गुवाहाटी में हैं और दोनों नेताओं ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। बैठक के दौरान लालडुहोमा और सरमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेता तब तक सीमाओं पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए जब तक दोनों पड़ोसी राज्य सीमा वार्ता करते रहेंगे। सरमा ने लालडुहोमा से कहा कि असम विधानसभा का चालू बजट सत्र समाप्त होने पर वह सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे।

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उसके क्षेत्र में आता है। दूसरी ओर असम ने 1933 में भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपनी संवैधानिक सीमा माना है। इनर लाइन आरक्षित वन के भीतर के विशाल क्षेत्र अब असम के अंतर्गत आते हैं। इसी तरह 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा अब मिजोरम की तरफ है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है।

मिजोरम और असम के बीच सीमा विवाद ने जुलाई 2021 में एक बदसूरत मोड़ ले लिया था जब दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा पर गोलीबारी हुई, जिसमें

> असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है।

छह पुलिसकर्मियों और असम के एक नागरिक की मौत हो गई। हालांकि, यह पहली बार नहीं था कि राज्यों के बीच टकराव हुआ। अक्टूबर-नवंबर 2020 में दोनों राज्यों के स्थानीय लोग एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ गए थे। असम की ओर से स्थानीय लोगों ने मिज़ोरम की ओर माल ले जाने वाले ट्रकों को रोक दिया। दूसरी ओर मिज़ोरम सुरक्षा बल सीमाओं पर खाइयां खोदते और बंकर बनाते देखे गए। 17 अक्टूबर को स्थिति तब ख़राब हो गई जब 20 दुकानें जला दी गईं और दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

दोनों राज्यों के बीच विवाद ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से चला आ रहा है। अगस्त 1875 में अंग्रेजों ने लुशाई पहाड़ियों (अब मिजोरम) और कछार के मैदानों (अब असम का जिला) के बीच एक सीमा खींची थी। मिज़ो लोगों का मानना है कि यह एक मात्र मौका था जब ऐसा उनके प्रमुखों के परामर्श से किया गया था। बाद में 1933 में लुशाई हिल्स और तत्कालीन मणिपुर रियासत के बीच सीमा का सीमांकन किया गया। यह सीमांकन विवाद की असली जड़ बन गया है क्योंकि मिज़ो लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं और 1875 के सीमांकन की ओर इशारा करते हैं, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) अधिनियम, 1873 (जिसे इनर लाइन रेगुलेशन के रूप में भी जाना जाता है) से लिया गया है।

मिजोरम, जिसे 'लुशाई हिल्स' के नाम से भी जाना जाता है, असम का हिस्सा था और 1972 में केंद्र शासित प्रदेश बन गया और बाद में 1987 में पूर्ण राज्य बन गया। यह असम के साथ 164 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। असम के कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले की सीमा कोलासिब, ममित और मिजोरम के आइजोल जिले से लगती है। दोनों राज्यों ने एक दूसरे पर जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। मिजोरम के गठन के सात साल बाद 1994 में पहली झड़प हुई। केंद्र सरकार की ओर से दोनों राज्यों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद तनाव बरकरार रहा।

दोनों राज्यों के बीच टकराव ने देश के भीतर राज्य की सीमाओं के निर्धारण में दोष को रेखांकित किया है। झड़प की तीव्रता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि दोनों राज्यों की राज्य सरकारों ने आधिकारिक तौर पर असम के मुख्यमंत्री सहित प्रत्येक पक्ष के अधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले को और बदतर बनाते हुए, असम सरकार ने लोगों को मिजोरम की यात्रा न करने की सलाह भी जारी की और मिजोरम में रहने वाले अपने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा। दूसरी ओर मिजोरम लगातार असम के उपद्रवियों पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने और रेलवे ट्रैक को हटाने का आरोप लगाता रहा, जिससे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी हो रही थी। एनएच-306 को मिजोरम की जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।

बाद में यथास्थिति बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय ने राज्य बलों के बीच आगे की झड़पों से बचने के लिए एक तटस्थ बल यानी सीआरपीएफ को तैनात किया। इसके बाद दोनों राज्यों ने एक संयुक्त बयान जारी किया और चर्चा के माध्यम से चल रहे अंतर-राज्य सीमा तनाव को कम करने की इच्छा जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि-'दोनों राज्य अपने संबंधित वन और पुलिस बलों को गश्त, प्रभुत्व, प्रवर्तन या किसी भी ऐसे क्षेत्र में नई तैनाती के लिए नहीं भेजेंगे जहां हाल ही में दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच टकराव और संघर्ष हुआ हो।'

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है। असम की अरुणाचल प्रदेश के साथ 804.1 किमी लंबी सीमा लगती है और दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है।

इसी तरह स्थानीय लोगों की सहमति के बिना असम राज्य के पुनर्गठन का नतीजा असम-मेघालय सीमा पर भी देखा जा सकता है। मेघालय 1970 में असम से अलग होकर बना और 1972 में पूर्ण राज्य बन गया। हालांकि, मेघालय ने जैंतिया पहाड़ियों के ब्लॉक I और ब्लॉक II को मिकिर पहाड़ियों (असम में) और गारो पहाड़ियों के क्षेत्रों को असम के गोवालपारा जिले में स्थानांतरित करने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। इस प्रकार इन झड़पों का मुख्य कारण लोगों की पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमता है। पूर्वोत्तर के लोगों के मन में अलग-थलग होने का डर बहुत गहरा बैठ गया है। वे ढांचागत विकास परियोजनाओं की लालसा से अधिक अपनी पहचान, संस्कृति और पैतृक भूमि की रक्षा के लिए अपनी ऊर्जा लगाते हैं।

## प्रसंगवश

# यहां हर रंग वासंती निराला ही निराला है

> वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है।



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

वसंत ऋतुराज है। प्रकृति के सौंदर्य का चरमोत्कर्ष। जिस ओर दृष्टि जाती है उस ओर धरा का आंचल अनूठे रंगों से हरा-भरा दिखाई देता है। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन पृथ्वी की अग्नि सृजन की ओर दिशा करती है जिसके कारण शरद ऋतु में शिथिल पड़ चुके पेड़-पौधे, जीव-जंतु अपनी आंतरिक अग्नि को प्रज्ज्वलित कर नवीन सृजन की ओर उन्मुख हो जाते हैं। सृजन का यह स्वर समूची सृष्टि में व्याप्त हो वसंत का उद्घोष करता है। यह उद्घोष समस्त प्राणियों में उल्लास का संचार करता है।

वसंत आध्यात्मिक भावों के सहज आगमन का समय है। मां वीणा वादिनी की आराधना का महोत्सव। मां सरस्वती, जो हमें अज्ञान के अंधेरों से ज्ञान के आलोक में ले जाती हैं, जो असत्य में सत्य का बोध कराती हैं, जो मृत्यु से अमरत्व का मार्ग सुझाती हैं। जो हमारी चेतना को सजीवता प्रदान करती हैं। मांगलिक कार्यों में शुभफल दायी वसंत पंचमी मां वाग्देवी का आशीर्वाद और वरदान है ।

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है। वसंत प्रकृति में नव गति, नव लय और ताल का अनुपम संगीत है। प्रकृति और परिवेश में नवोन्मेष का समय। प्रकृति की हर लय में वसंत अनुपम सौंदर्य और मोद बनकर उतरता है। हताश- निराश मन-प्राणों में आशा और प्रेम की पुलक भर देता है। वसंत वसुधा का सौंदर्य है। उल्लास का महापर्व है। चहूं दिश पसरी हरीतिमा और खेतों में लहराती पीली सरसों बरबस ही मन को आकर्षित करती है। शुभता का प्रतीक पीला रंग मन में असीम आनंद की अनुभूति जगाता है। वसंत मन की मौज का मौसम है। जीवन में सकारात्मकता का सशक्त संदेश है ।

वसंत कामदेव का मित्र है और प्रेम का पर्व। कामदेव पुष्पों का धनुष धारण करते हैं और 'अनंग' के रूप में प्राणियों में बसते हैं। सुकुमार अनंग को 'मार' भी कहा जाता है क्योंकि इनके बाणों से बचने का कोई रास्ता नहीं है। वसंत अपने मित्र कामदेव को नव कुसुमों से सज्जित् धनुष बाण उपलब्ध कराता है जिसकी मार से कोई भी बच नहीं पाता और प्रेममय हो जाता है।

गुनगुनाती धूप, सरस परस करती मोदमयी वायु, नव कुसुमों-पल्लवों का संस्पर्श, वृक्षों पर झूलते-फूलते पलाश, बौर की सुगंध, कोयल की मनमोहिनी कूक, तनभावन तापमान ये सब वासंती उपकरण हैं जो वसंत को महज मौसम नहीं बल्कि प्रेम का महापर्व बना देते हैं।

वसंत और साहित्य का गहरा नाता है। साहित्याकाश के जाज्वल्यमान नक्षत्र महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला 'वसंत के अग्रदूत' कहे जाते हैं । यह अद्भुत संयोग ही है कि हिंदी की डाल के इस निराले पुष्प के अवतरण हेतु प्रकृति ने वसंत को चुना। वसंत सर्द मौसम के थपेड़ों के बाद आता है। यह भी संयोग ही है कि निराला जी का जीवन तमाम संघर्षों से घिरा रहा लेकिन वासंती उल्लास इन तमाम जीवन संघर्षों पर भारी रहा। उनका जीवन अभावों से घिरा रहा लेकिन मन-प्राण में वसंत चहकता महकता रहा। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की यही विशेषता उन्हें 'महाप्राण' बनाए रही। वसंत पंचमी के साथ महाकवि निराला की याद वैसे ही जुड़ी हुई है, जैसे वे दोनों दो शरीर एक आत्मा हों। निराला ने 'हिंदी के सुमनों' को संबोधित करते हुए जो कविता लिखी है, उसमें अपने को 'वसंत दूत' ही कहा है। उन्होंने हिंदी में वसंत पर सर्वश्रेष्ठ रचनाओं द्वारा इस कथन को सिद्ध भी किया। निराला जी कहना था कि 'मैं बाहर से खाली कर दिया गया हूं लेकिन भीतर से भर दिया गया हूं'। निस्संदेह यह निराला जी के जीवन का जटिल यथार्थ था जिसे वसंत जीवंत बनाए रहा। तब ही तो वे आवाहन करते रहे-मेरे बसन्त की परी-छवि-विभावरी;सिहरो, स्वर से भर भर, अम्बर की सुन्दरी-छबि-विभावरी' वसंत निराला है और निराला वसंत।

# फिर कुत्ते कहां जाएं



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

देश के हर ऐसे इलाके में जहां आबादी का विस्तार हो रहा है लेकिन जमीन काम पड़ रही है वहां कुतों को खाना खिलाने वाले और कुत्तों से डरने वालों में टकराव साल-दर साल बढ़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर कुत्ते जाएं कहां? युगीन से तो वे इंसान के साथ, बस्ती में ही रहते रहे हैं। यदि पौराणिक ग्रंथों और अतीत में झांकें तो जानकारी मिलती है कि इंसान और कुत्ते का साथ कोई बारह हज़ार साल से है। मनुष्य ने अपने धरती पर पैदा होने के बाद सबसे पहले कुत्ता पालना शुरू किया था। हमें पाषाण काल (नव पाषाण काल लगभग 4000 ईसा पूर्व से 2500 ईसा पूर्व) के मानव कंकाल के साथ कुत्ता दफनाने के साक्ष्य बुर्जहोम (जम्मू कश्मीर) से प्राप्त हुआ है। आदि काल में कुत्ता इंसान को शिकार करने में मदद करता था, फिर वह घर व फसल की सुरक्षा भी करता था, सबसे बड़ी बात कम भोजन में भी वफादार बने रहने के उसके गुण ने आज कुत्ते को इंसान द्वारा पाले जाने वाले सबसे विश्वस्त और सर्वाधिक संख्या का जानवर बना दिया।

ऐसा भी नहीं है कि शहरों में कुछ कुत्ते हिंसक नहीं हो रहे हैं, लेकिन विचार करना ही होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है शहर में जमीन का संकट तो है ही फिर बहुमंजिला इमामतों ने कुत्तों से वह देहरी छीन ली जिस अपर बैठ कर वह बगैर पालतू बने ही चौकीदारी किया करता था। कथित सोसायटी में बगीचा, घूमने के स्थान, आदि को संकुचित किया जा रहा है और यदि वह बचे इंसान में कोई कुत्ता आ जाता है तो इंसान को लगता है कि यह उसकी जगह पर कब्जा कर रहा है। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) दुनिया में 36 प्रतिशत कुत्ते के काटने से होने वाले रैबीज़ से मौत के मामले भारत में होते हैं। जो कि 18,000 से 20,000 है। रेबीज़ से मौतों में से 30 से 60 प्रतिशत मामलों में पीड़ित की उम्र 15 साल से कम होती है। हालांकि कुत्ता इंसान पर निर्भर रहने वाला जानवर है लेकिन समझना होगा कि कुत्तों में पीछा करने की आदत होती है। ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

शहरीकरण के चलते शोर, ट्रेफिक, प्रदूषण, बेतरतीब पड़े कचरे से मांसाहारी खाना और फिर उसका चस्का लग जाना, वाहन और परिसरों में रोशनी की चकाचौंध भी ऐसे कारण हैं जो कुत्ते को हिंसक बना रहे हैं।

सोशल मीडिया पर यदा कदा ऐसे वीडियो दिख जाते हैं जिनमें कुत्ते किसी बच्चे या बुजुर्ग पर हमला करते दिख जाते हैं। इसके बाद बहुत से लोग आशंका में ही आवारा कुत्तों पर चिल्लाते हैं, उन्हें लात मारते हैं, उन पर पत्थर फेंकते हैं, उन पर गर्म पानी या तेजाब फेंकते हैं, उन्हें जहर देते हैं या उन्हें अन्य तरीकों से दुर्व्यवहार करते हैं, तो कुत्ते खुद को या अपने पिल्लों की रक्षा करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। समझना होगा कि शहर में बंदर या कस्बों में आवारा सांड अधिक नुकसान और इंसान की मौत का कारक बन रहे हैं, इसके बावजूद उनके प्रति इतना रोष या नफरत दिखती नहीं।

आवारा कुत्तों की संख्या न बढ़े, उन्हें एंटीरेबीज, एंटी डिस्टेम्पर टीके सही समय पर ल-इसके लिए स्थानीय निकाय लापरवाह हैं, वहीं समाज में बहुत से लोगों के लिए ऊंची नस्ल का कुत्ता स्टेट्स सिम्बल है लेकिन वे उससे एक फीसदी कम खर्चे में पलने वाले देशी कुत्तों को पालने को राजी नहीं हैं। विदित हो केंद्र सरकार ने देशी नस्ल के कुत्तों को सुरक्षा बलों में स्थान दे कर संदेश भी दिया है कि हमारे कुत्ते किसी से कम नहीं हैं।

इंसान की कुत्तों के प्रति बढ़ रही नफरत के मद्देनज़र उत्तराखंड हाई कोर्ट का जुलाई-2018 में दिया गया वह आदेश महत्वपूर्ण है जिसमें लिखा था-'जानवरों को भी इंसान की ही तरह जीने का हक है। वे भी सुरक्षा, स्वास्थ्य और क्रूरता के विरूद्ध इंसान जैसे ही अधिकार रखते हैं।' वैसे जब तक समाज के सभी वर्गों तक यह संदेश नहीं जाता कि प्रकृति ने धरती पर इंसान, वनस्पति और जीव जंतुओं को जीने का समान अधिकार दिया, तब तक उनके संरक्षण को इंसान अपना कर्तव्य नहीं मानेगा। यह सही है कि जीव-जंतु या वनस्पति अपने साथ हुए अन्याय का ना तो प्रतिरोध कर सकते हैं और ना ही अपना दर्द कह पाते है। कुत्ता भी इंसान और प्रकृति के बीच के चक्र का अनिवार्य अंग है। उसे नए तरह के शहर और इन्संके अनुरूप ढलने में समय लगेगा लेकिन तब तक इंसान को ही उसके प्रति संवेदनशीलता दिखानी होगी।

## सोशल फोरम

# मंझलों के दुख



संजय वर्मा
इंदौर

जब पहलौटे (पहला बच्चा) दुनिया में आते हैं, तो शहनाइयां बजती हैं। मिठाई बांटी जाती है। उनकी हर किलकार हर अदा पर मां-बाप बलिहारी जाते हैं। उन्होंने पहला शब्द क्या बोला, पहली बार वे कौन सी तारीख को पैंया पैयां चले। दसियों श्रृंगार, सैकड़ो फोटो, हजारों चुंबन! वे राजकुमार होते हैं, जिन पर प्यार दुलार ही नहीं सारे साधन भी लुटाए जाते हैं। फिर एक दिन दूसरा बच्चा आता है। मंझला! अब तक सब कुछ एक बार हो चुका है। अब सब बासी है। महफिल में आ ही गए हो तो बैठ जाओ। मंझलों की जंग शुरू होती है। प्यार के लिए, ध्यान के लिए, साधनों के लिए। उनका मुकाबला उस बड़े भाई से है जो आकार में, दिमाग में, हुनर में बहुत बड़ा है। वे उससे जीत नहीं सकते। वे क्या करें? वे कैसे बताएं कि इस ज़मीं और आसमां के दरम्यां हम भी हैं।

फिर वे तिकड़मी हो जाते हैं। या एक अलग दुनिया बसाते हैं। मोहल्ले में अपने जैसे बच्चों के साथ एक समानांतर परिवार बसा लेते हैं। जो प्यार और सम्मान घर पर नहीं मिला, वे इस नई दुनिया में ढूंढ लेते हैं। पर यह ब्लेसिंग इन डिसगाइज़ है.., आपदा में अवसर है। वे जीना, प्यार करना और देना सीखते है। उनके पास बड़कों के मुकाबले बेहतर और ज्यादा दोस्त होते हैं। पहलौटे बेशक तेज दिमाग, ज्यादा महत्वाकांक्षी, नियम अनुशासन वाले और बेहतर नेतृत्व करने वाले होते हैं। इसलिए अमेरिका के 44 राष्ट्रपतियों में से 28 पहलौटे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले पहले 23 यात्रियों में से 21 पहलौटे थे। मंझले अंतरिक्ष नहीं गए। उन्होंने यहीं अपनी दुनिया बसाई। अपनी तिकड़मों, जुगाड़ों से अच्छे व्यापारी बने। जुगाड़ के लिए अगर कोई नोबल पुरस्कार होता तो वह किसी मंझले को ही मिलता। मगर दुनियावी सफलताओं के बावजूद मंझलों के मन में टीस उठती है। क्यों ऐसा हुआ कि बड़कों को सम्मान और छुटकों को सारा लाड़ मिला? उनके दर्द की कहानी अब कोई क्या ही लिखेगा? वैसे भी वे पृथ्वी पर कुछ आखिरी लोग बचे है। हम दो हमारे दो के बाद हम एक और हमारा एक राजकुमार की दुनिया में मंझले एक विलुप्त प्राय प्रजाति के सदस्य हैं। इसीलिए अब क्या ही फर्क पड़ता है।

-फेसबुक वॉल से

# कोई तो है



डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

किसने बनाया यह अद्भुत मानव शरीर। दी ऐसी सुगठित काया। बेजोड़ नर तन जिसमें अहर्निश कार्य करने वाला, कभी न थकने वाला हृदय -संचरण तंत्र है, सोचने-बूझने वाला सुपर संगणक मस्तिष्क है, आपाद मस्तक नाड़ी समूह सुषुम्ना है, निरंतर सांस लेने लिए के लिए अप्रतिम श्वसन तंत्र और खान-पान पाचन के लिए अतुलनीय पाचन तंत्र तथा उत्सर्जन के लिए अद्भुत उत्सर्जन अंग-प्रत्यंग वृक्क तंत्र हैं सब कुछ ऐसा व्यवस्थित और सुनियोजित कि उसका कोई तोड़ नहीं। प्रजनन शक्ति प्रदान करता है। त्वचा जैसी सुविस्तृत, सांगोपांग सुरक्षा देता है। ऐसी अद्भुत नैसर्गिक मानव मशीन किसकी संरचना है? देखने को आंखें, सुनने को कान, सूंघने को नाक, और स्वाद के लिए जिह्वा जो वाणी का भी काम करें। महाकवि सूरदास और स्वामी रामभद्राचार्य जैसे ज्ञानी पुरुषों को जिन्हें बहिर्चक्षु नहीं थे उन्हें अन्तर्चक्षु किसने प्रदान किए? गूंगे को वाचाल किसने बनाया? दिव्यांग अरुणिमा सिन्हा एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने की अदम्य शक्ति कौन देता है। निषाद पुत्र महर्षि वेदव्यास को महाभारत जैसा महाकाव्य लिखने की प्रेरणा किसने दी? कौन मछुआरे की संतान एपीजे कलाम को महान वैज्ञानिक और मिसाइल पुरुष बना देता है। आज से पांच-छह सौ वर्ष पूर्व निर्धन गिरमिटिया मजदूरों को स्वदेश से सुदूर फ़िजी, मारीशस, सूरीनाम, दक्षिणी अफ्रीका आदि स्थानों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में गीता और रामायण के सहारे जीवन यापन किया। अपनी जड़ें जमाईं। किस लीला -शक्ति के सहारे उनकी आज की पीढ़ियां बिमान प्रसाद, उप प्रधानमंत्री फ़िजी, प्रवीन जगन्नाथ, प्रधानमंत्री, मारीशस तथा चंद्रिका प्रसाद संतोखी, राष्ट्रपति सूरीनाम के रूप में प्रतिष्ठित-सुशोभित हैं। आखिर किस अदृश्य शक्ति के बल पर?

प्रश्न यह है कि किसने निर्माण किया ऐसे अद्वतीय प्राणि जगत की। किसने रचना की इस अखिल ब्रह्मांड की। अनंत उर्जा का स्रोत सूर्य, सुधाकर, पुथ्वीपुत्र मंगल, सौंदर्य का प्रतीक बुध, गुरू बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु का रचयिता आखिर कौन सी वह शक्ति है? कौन है वह अदृश्य सृष्टि का निर्माता? दिखता तो नहीं पर उसका प्रभाव सर्वत्र विद्यमान है। असंख्य प्राणी, अनगिनत योनियां, इतनी सारी वनस्पतियां, आकाश गंगा, अंतरिक्ष पिंड, अगाध तारे, पर्वत श्रेणियां, जल प्रपात और महासागर इन सबका नियंता वह कौन सत्ता है? सबके सब अतिविशिष्ट और अनूठे। कौन सी वह अलौकिक शक्ति है? आस्तिक उसे ईश्वर कहता है। नास्तिक उसे प्रकृति का नाम देता है। कोई उस निर्माता को साकार स्वरूप मानता है और विविध नाम देता है तो कुछ दूसरे उसे निराकार, अव्यक्त, अलिखित, अकल्पनीय और निरपेक्ष विराट शक्ति। आखिर कौन है वह महिमामयी शक्तिपुंज जिसने यह सब निर्मित किया? कोई तो है। संभवतः उस असीम शक्ति का साक्षात दर्शन करने वाले और छहत्तर वर्ष की अवस्था में रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले महाकवि तुलसी ने मेरी इस जिज्ञासा का समाधान इन शब्दों में व्यक्त कर दिया जब वह लिखते हैं- 'सब कर परम प्रकासक जोई, राम अनादि अवधपति सोई'। पद बिनु चलहिं सुनहिं बिनु काना। कर बिनु करम करही विधि नाना।।' आनन रहित सकल रस भोगी। बानी बिनु बकता बड़ जोगी।।' 'तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहहि घ्राण बिनु बास बिसेखा 'अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा अमित जाहि नहीं बरनी।।' इन कालजयी, शास्वत पंक्तियों को पढ़ने के पश्चात् अब किसी संदेह की संभावना ही कहां रह गई थी कि 'कोई तो है'?

# अर्थ संचय और धर्म की मर्यादा



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

'बजाओ ढोल स्वागत' वाला रामधुन अभी परवान चढ़ ही रहा है कि कुरूक्षेत्र वाले हुंकार और शंखनाद की आवाजें आने लगी हैं। भगवान राम, हम सभी के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप मे पूजनीय हैं। मर्यादा की रक्षा एवं लोकहित के लिए उन्होने न केवल राज्यसुख व वैभव का परित्याग किया, बल्कि अपनी अभिन्न प्रियतमा सीता का भी वियोग सहा। महाभारत मे लोकलाज व मर्यादा का कोई स्थान नही था। येन केन प्रकारेण स्वार्थ एवं राज्य लिप्सा की सिद्धि।

साध्य ही सर्वोपरि रहा, एक से एक घटिया साधन अपनाए गए। परिणाम क्या रहा? गौरवशाली कुरूवंश, जिसमें कौरव और पांडव दोनों आते हैं, का लगभग समूल विनाश। एक एक करके सभी मर्यादाएं तार तार। पांचाली की बदजुबानी 'अंधे का पुत्र अंधा होता है' ने चीरहरण व महाभारत की नींव रखी। दुःशासन के रक्त से बेणी का श्रृंगार हुआ। नर व नारायण दोनों के लाडले अभिमन्यु के प्राणों की रक्षा न हो सकी। भगवान श्रीकृष्ण की, स्वयं की ही नारायणी सेना युद्धक्षेत्र में गुमनामी के अंधेरे मे खो गई। सभी पांडव पुत्र निद्रावस्था मे प्रतिशोध की हिंसा के शिकार हुए और मणिविहीन अश्वत्थामा लांछित होकर सदा के लिए दर दर भटकने को विवश हुआ। स्वर्गारोहण के समय सभी पांडव एक एक करके काल के ग्रास बने और धर्मराज युधिष्ठिर जब अकेले जीवित स्वर्ग पहुंचे तो सबसे पहले क्षण भर के लिए ही सही, नरक ही भोगना पड़ा। द्वापर का पलायन हुआ और कलिकाल का आधिपत्य। भगवान राम का जीवन हमें सीख लेने व उनका अनुकरण करने को प्रेरित करता है, महाभारत परोक्ष रूप से यह बताता है कि सर्वनाश से बचने के लिए हमें किन दोषों से दूर रहना चाहिए। काम और अर्थ का संचय धर्म की मर्यादा के अनुसार ही स्थायी और आनंददायी होता है।

# पहली बार अपने महल में अबीर-गुलाल खेलेंगे रामलला

अयोध्या कार्यालय



▶▶ अयोध्या धाम के पांच हजार मंदिरों में भी आज से शुरू होगा रंगोत्सव

▶▶ हनुमानगढ़ी पर भी पारंपरिक ढंग से रंगोत्सव का विशेष कार्यक्रम होगा

मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला।

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में मनाए जा रहे रामोत्सव का रंग पवित्र पावन बसंत पंचमी के अवसर पर और गहरा होने जा रहा है। 500 वर्षों के बाद पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रंगोत्सव में अबीर और गुलाल खेलेंगे। इसे लेकर ट्रस्ट की ओर से व्यापक तैयारियां भी की गईं हैं। रामलला द्वारा पहली बार अपने महल में रंगोत्सव मनाए जाने को लेकर यहां आने श्रद्धालु भी आह्लादित हैं।

बसंत पंचमी पर अयोध्या धाम के मठ-मंदिरों में रंगोत्सव का परंपरागत आयोजित होता आ रहा है। 22 जनवरी को हुई प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह पहला मौका होगा जब टेंट और अस्थाई मंदिर से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हुए रामलला अपने खुद के भव्य महल में रंगोत्सव की परंपरा के तहत अबीर और गुलाल खेलेंगे। इसके अलावा सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी समेत अयोध्या धाम के पाचं हजार मंदिरों में भी रंगोत्सव का बुधवार से प्रारंभ हो जाएगा, जो होली उत्सव तक अनवरत जारी रहेगा। बसंत पंचमी से अयोध्या के मंदिरों में भगवान व भक्तों के बीच अबीर-गुलाल के साथ जमकर होली खेलने की परंपरा शुरू होती है। 40 दिन तक मठ-मंदिरों में आरती पूजन के बाद भगवान को अबीर और गुलाल लगाते हैं। पुजारी भगवान के इस गुलाल का प्रसाद रंगोत्सव में शामिल भक्तों को देते हैं। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार इस दिन रामलला को प्रातः स्नान के बाद सुंदर वस्त्र और आकर्षक विशेष वस्त्र धारण कराए जाएंगे। आरती पूजन के बाद उन्हें अबीर गुलाल भी लगाए जाने के साथ विशेष व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा। जिसमें प्रमुख तौर पर खीर, पूड़ी, मेवा, फल और अन्य व्यंजन शामिल होंगे।

### मंगला आरती के साथ प्रारंभ होगा रंगोत्सव

अयोध्या धाम में रामलला के भव्य मंदिर के साथ बसंत पंचमी पर शुरू हो रहे रंगोत्सव में इस बार खास दृश्य रहेंगे। एक ओर जहां बड़ी संख्या में रामनगरी में मौजूद श्रद्धालु रामलला रंगोत्सव के साक्षी बनेंगे। वहीं हनुमानगढ़ी पर भी पारंपरिक ढंग से रंगोत्सव का विशेष कार्यक्रम होगा। बुधवार भोर में चार बजे मंगला आरती होगी। उसके बाद रामलला के शृंगार पूजन और अबीर गुलाल लगाए जाने के साथ रंगोत्सव विधिवत रूप से होली तक के लिए प्रारंभ हो जाएगा।

# राक्षसों का वध कर प्रभु श्रीराम ने की मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा

**पैंतेपुर, सीतापुर।** ग्राम पंचायत मीरानगर में डिजिटल विलेज फाउंडेशन के आयोजन में संचालित धनुष यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन भगवान श्री राम के नाम करण संस्कार से लेकर ताड़का वध की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। संचालन सत्यवान पटेल ने किया।

आयोजित रामलीला का शुभारंभ भगवान श्री राम की आरती से हुई। लीला का। शुभारंभ करवाते हुए मंच संचालक ने बताया चार पुत्रों की जन्म की खुशी से राजा दशरथ बहुत प्रसन्न थे। वशिष्ठ के द्वारा उनका नाम करण हुआ।

श्री राम अपने छोटे भाइयों के साथ हिरण का शिकार करना सहित अन्य बाल लीलाएं भी करने लगे। एक दिन राजा दशरथ दरबार में बैठे प्रजा की समस्याएं सुन रहे थे कि तभी मुनि विश्वामित्र का आगमन हुआ। मुनि विश्वामित्र ने राजन से अपने यज्ञ की रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण को मांगा। पहले तो राजा दशरथ तैयार नहीं हुए बाद में गुरु वशिष्ठ के समझाने पर उन्होंने राम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए भेजा। जैसे ही मुनि विश्वामित्र दोनो राजकुमारों को लेकर आगे चले मुनि ने राम से पूछा मेरे आश्रम को जाने के लिए दो मार्ग है। पहला एक दिन का और दूसरा तीन दिनों का है। कम समय वाले रास्ते में ताड़का रहती है जो ऋषि मुनियों को मारकर खा जाती है। दूसरे मार्ग में कोई समस्या नहीं है। राम ने पहले मार्ग पर ही चलने का अनुरोध किया। जैसे ही आगे बढ़ी ताड़का क्रोधित होकर उन सभी पर झपटी। भगवान श्री राम ने एक ही बाण में उसके प्राण हर लिए।

# बदसलूकी पर आर-पार की लड़ाई करेगा लेखपाल संघ

सिधौली, सीतापुर



प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते लेखपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लहरपुर तहसील में कार्यरत लेखपाल के साथ हुई बदसलूकी प्रकरण में स्थानीय लेखपालों ने आर-पार की लड़ाई लड़े जाना का ऐलान किया। मंगलवार को लेखपाल संघ सीतापुर के जिला महामंत्री राधेश्याम यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी ओमकार तिवारी के नेतृत्व में लेखपालों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और स्थानीय प्रशासन को एक सूत्री ज्ञापन दिया। तहसील परिसर में लेखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद दूबे ने अपने साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व विभाग में लेखपाल की हैसियत रीढ़ की हडडी की तरह होती हैं। यदि रीढ़ की हडडी प्रभावित होगी तो राजस्व का पूरा सिस्टम फेल हो जाएगा। उन्होनें लेखपालों के संग दमनकारी कार्यशैली अख्तियार किये जाने पर लहरपुर एसडीएम की कड़े शब्दों में निन्दा की। जिला महामंत्री राधेश्याम यादव ने कहा कि हमारा अहिंसात्मक सत्याग्रह तब तक जारी रहेगा जब तक एसडीएम के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो जाती। इस अवसर पर अनूप कुमार, प्रदीप यादव, विवेक शुक्ल, श्वेता सिंह, कंचन तिवारी, एरम खातून, मनमोहन कटियार, कृपाशंकर अवस्थी, दीपक स्वरूप मिश्र, अमियकांत शुक्ल पवन राय तहसील मंत्री आदि ने नारेबाजी की।

# 31 परीक्षार्थियों ने छोड़ा इम्तिहान

**सदरपुर, सीतापुर।** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के तहत होने वाली मुंशी, मौलवी, आलिम,कामिल, व फाजिल की परीक्षाओं की मंगलवार से शुरु हो गईं। यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं के लिए मदरसा इस्लामिया स्कूल सदरपुर को दूसरी बार परीक्षा सेंटर बनाया गया है। 116 परीक्षार्थियों में केवल 85 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सेकेंड्री फारसी के 57 परीक्षार्थियों में से 41 जबकि सेकेंड्री अरबी के 59 परीक्षार्थियों में केवल 41 परीक्षार्थीयों ने परीक्षा में भाग लिया। केंद्र व्यस्थापक गुलरेज हसन खान ने बताया है कि नकलविहीन परीक्षा के लिए शासन ने सख्त निर्देश दिया है और परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों के आईडी और पासवर्ड ले लिया है। जिससे कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखी जा सके।

# बच्चों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, सीतापुर



वार्षिकोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय भंवरपुर कंपोजिट कंपोजिट विकासखंड हरगांव में वार्षिकोत्सव एवं शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव का प्रारंभ अवध शुगर मिल हरगांव के केन प्रबंधक शरद सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह व विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग, राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत एवं जनमानस को सही दिशा दिखाने वाले वाले एकांकी- नाटक प्रस्तुत किए गए जिन्हें उपस्थित अतिथिगण एवम अभिभावकों ने बहुत ही सराहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अपूर्व दीक्षित ने बच्चों के कार्यक्रमों पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की करते हुए विद्यालय के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता मनीष पांडे, जिला अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, ब्लाक खैराबाद अध्यक्ष नरेश मिश्रा, ब्लॉक हरगांव के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, आरपी पंकज गिरी , बलबीर सिंह, ब्लॉक एरिया के अध्यक्ष कुलदीप बाजपेई ने भी बच्चो को आशीर्वाद प्रदान किया गया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा ने भी बच्चो के कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर रामशंकर अवस्थी, प्रदीप पांडे, संतराम आनंद अवस्थी, कश्मीर रियाज, सफी अहमद, सलीम अहमद, कुलदीप राठौर, विनीत बदर, एकलाख खान, गुफरान अहमद, शैलेंद्र राज, बृज बिहारी त्रिवेदी, रामशरण तिवारी, अंशुल भार्गव, आलोक कुमार, विद्यालय के शिक्षक सरोज कुमार, सोनम सिंह, जय प्रकाश निगम, प्रवीण कुमार, सुखदेव सिंह, अभिषेक वर्मा, नमिता गुप्ता, वीरेश कुमार, सर्वेश कुमार, सगीर अहमद,स्मृति सिंह, धीरेंद्र राठौर, गोविन्द प्रसाद , हेमलता सिंह,सरिता मौर्य, शशि देवी सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ के समस्त क्षेत्र का गांव के सैकड़ों अभिभावक वह अच्छा छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रभु विमलनाथ के जन्मदिवस पर निकली शोभायात्रा

सिधौली, सीतापुर




जैन मंदिर से शोभायात्रा निकालते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जैन समाज के तेरहवें तीर्थकर भगवान विमलनाथ के जन्म दिवस पर श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सिधौली में मंगलवार को जैन मंदिर से नगर के मुख्य मार्ग पर एक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में महिला पुरूष व बच्चे एकत्र रहे। शोभायात्रा में जैन धर्म के पाँच सिद्धांत की तख्तियां लिए बच्चे आकर्षण के केन्द्र बिन्दु रहे। अहिंसा -जीव को चोट न पहुँचाना, सत्य-झूठ न बोलना, अस्तेय-चोरी न करना, अपरिग्रह-संपत्ति का संचय न करना और ब्रह्मचर्य आदि पर बच्चों की तख्तियां प्रेरणाप्रद रही। शोभायात्रा में महावीर जैन, राजकुमार जैन, अभय जैन, आशुतोष जैन, अरविंद जैन, सुदीप जैन, गगन जैन व भारी संख्या में महिलाएं एकत्र थी।

# अधिवक्ताओं से चुनाव में सहयोग करने की अपील

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को बार काउसिंल उप्र के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य अखिलेश कुमार अवस्थी सिविल कोर्ट परिसर में भ्रमण कर अधिवक्ताओं से आगामी बार काउसिंल के चुनाव में सहयोग प्रदान करने की अपील की। तदोपरान्त बार एसोसिएशन में आकर अपने विचार रखें। बार एसोसिएशन में माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। जिसकी सूचना राजेन्द्र प्रसाद तिवारी एडेवोकेट पूर्व को-आप्टेड मेम्बर बार काउसिंल ऑफ उप्र ने दी। इस अवसर पर सम्मानित अधिवक्तागण बुद्वि प्रकाश मिश्र महासचिव, राम मोहन पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवेन्द्र मिश्र, राजेन्द्र भट्ट, इशरत अली, दिनेश कुमार त्रिपाठी, अरूण कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

# ऊंचाइयों की ओर बढ़ता जा रहा है उत्तर प्रदेशः सुनील

**तालगांव, सीतापुर।** मंगलवार को परसेंडी ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी की ओर से विधानसभा वार जन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने की, क्षेत्र से आए अधिक से अधिक प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित विशेष समुदाय के लोगों ने अन्य दलों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सुनील वर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार से पूर्व की सरकारों ने जो भी कार्य किया। वह कहीं न कहीं व्यक्ति विशेष या अपने लोगों के प्रति प्रदेश में हर वर्ष दंगे होते थे। जबसे केंद्र में मोदी सरकार व राज्य में योगी सरकार बनी है, तबसे सभी को बराबर सम्मान व सभी के बराबर काम हो रहे हैं और प्रदेश लगातार ऊंचाइयों की तरफ बढ़ता जा रहा है। वही मोदी जी के नेतृत्व में देश का झंडा भी विदेश में बुलंद हो रहा है। हम सभी लोग मिलकर मोदी जी को पुनः 2024 में प्रधानमंत्री बनाएंगे और अपने सांसद को ज्यादा से ज्यादा वोटो से जीत कर लोकसभा में भेजने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर उदित वाजपेई जिला मंत्री भाजपा, सुरेश गुप्ता जिला व्यापार प्रकोष्ठ, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र राजवंशी, मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, प्रधान मंजीत सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, चेतराम, ज्ञानेंद्र चैधरी, राजाराम, आनंद सिंह, प्रमोद भार्गव, दिलेराम, देशराज यादव, राजकिशोर भार्गव, सेतुबंधु यादव, छोटेलाल चैहान, राजेश वर्मा, गुरमेल सिंह, देवेंद्र सिंह, इरफान आदि मौजूद रहे।

# भूकंप को लेकर किया जागरूक

**सीतापुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम से सम्बन्धित संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को सीएमओ कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सम्बन्धित विभागों-शिक्षा विभाग, मलेरिया विभाग, क्षय रोग, आयुष विभाग, सूचना विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, नगर विकास विभाग आदि के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य, कृषि उत्पादन, मानसिक स्वास्थ्य आदि पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दीपेन्द्र वर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में मानव स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक के बारे में बताया।

रहस्य गहराया | अभिनेत्री मलिका राजपूत का घर में फंदे से लटका मिला शव, यूट्यूबर, ब्लॉगर के रूप में थी पहचान

# फिल्म 'रिवाल्वर रानी' में कंगना के साथ किया था काम

संवाददाता, सुलतानपुर



अनूप जलोटा और पार्श्व गायक शान के साथ मलिका राजपूत। (फेसबुक पेज से ली गई फोटो)

**अमृत विचार।** फिल्म रिवाल्वर रानी में फेमस फिल्म अभिनेत्री कंगना राणावत के साथ स्वाति भारद्वाज के नाम से काम कर चर्चा में आई मलिका राजपूत की गजल और गीतों के लेखन में भी अपना भाग्य आजमाया। उनकी गजलों को मशहूर भजन गायक अनूप जलोटा, हंसराज हंस और शान ने स्वर दिया है। इंदौर के मशहूर भैय्यू जी महाराज के आत्महत्या कांड में भी उनका नाम प्रकाश में आया था। मलिका का राजनीति, धर्म एवं कला-संस्कृति से जुड़े अति प्रभावशाली चेहरों से करीबी संबंधों के चलते लंबे समय तक चर्चा में बनी रही। उन्होंने भाजपा यूथ विंग में काम किया मगर, कुछ ही दिनों में उनका पार्टी से मोहभंग हो गया। फिर कांग्रेस से जुड़ कर काम किया।

सुलतानपुर में माध्यम शीर्षक नाम से आयोजित कार्यक्रम संगीत संध्या में पीएम नरेन्द्र मोदी के संघर्षों पर आधारित पुस्तक नमों शासक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम की घोषणा कर भी वह चर्चा में आई थी। उसके फेसबुक वाल पर फिल्मी कलाकारों के साथ राजनीतिक हस्तियों के साफ फोटो भी चस्पा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से उनके संबंध बताए जाते हैं। भाजपा दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी से भी उनकी खासी जान पहचान थी।


## कार्यालय नगर पंचायत मान्धाता बाजार, प्रतापगढ़

पत्रांक: 156/न0पं0मा0बा0/2023–24 दिनांक: 13/02/2024

**अल्पकालिक ई–निविदा/सामान्य निविदा सूचना**

नगर पंचायत मान्धाता बाजार में शासन से विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि से निम्नवत् विवरण के अनुसार निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 15/02/2024 को समय 12:00 बजे से वेबसाइट http//etendar.up.nic.in ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा के समस्त अभिलेख एवं शर्ते उक्त वेबसाइट पर दिनांक 15/02/2024 समय 12:00 बजे से दिनांक 25/02/2024 को समय 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता दिनांक 25/02/2024 को समय 12:00 बजे तक http//etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा डाल सकते हैं। ई–निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सामने अंकित धरोहर धनराशि बैंक सावधि जमा रसीद/के0वी0पी0/एन0एस0सी0 आदि के रूप में, जो अधिशासी अधिकारी मान्धाता बाजार के पक्ष में बन्धक हो अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदादाता को निविदा मूल्य नगद/आरटीजीएस के माध्यम से बडौदा यू0पी0 बैंक शाखा मान्धाता बाजार में खुले खाता संख्या 57940100005087आईएफसी कोड BARB0BUPGBX में जमा कर जमा रसीद के साथ–साथ वांछित अन्य प्रमाणपत्र, जिनका विवरण नियम व शर्तो में उल्लिखित है, अपलोड करना अनिवार्य होगा। वेबसाइट पर अपलोड किये गये अभिलेखों की मूल प्रति एक लिफाफे में बन्द करके दिनांक 26/02/2024 को समय 2:00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 26/02/2024 को समय 3:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति जैसी भी स्थिति होगी में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। कार्य के सम्बन्ध में कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय, पटल सहायक से प्राप्त की जा सकती है।

**ई–निविदा**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि जी0एस0टी सहित | आगणन धनराशि जी0एस0टी रहित | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **नगरीय तालाब/झील / पोखर संरक्षण योजना** वार्ड सराय मेदीराय महाबली तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 38,58,000.00 | 32,69,492.00 | 3,27,000.00 | 3,894.00 | 3 माह |
| 2 | **कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना** नगर पंचायत मान्धाता बाजार में सराय हर नरायण में कान्हा गौशाला /पशु शैल्टर होमस निर्माण कार्य। | 1,65,89,000.00 | 1,40,58,475.00 | 14,10,000.00 | 16,520.00 | 3 माह |

**नियम व शर्ते–**

1. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।
2. निविदा के साथ धरोहर धनराशि का एफ0डी0आर/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मान्धाता बाजार के पक्ष में बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदादाता को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महोदय द्वारा जारी अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (टी 4, टी5) जीएसटी पंजियन, आयकर में पंजियन विगत 3 वर्षो का आयकर रिटर्रन का प्रमाण पत्र, श्रम विभाग में पंजियन, सरकारी विभाग में समान श्रेणी के कार्य हेतु ठेकेदार के रूप में पंजियन तथा समाज श्रेणी के कार्य में विगत 2 वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को किसी भी सरकारी संस्था द्वारा काली सूची में न होने का शपथपत्र देना अनिवार्य होगा।
6. उक्त के अतिरिक्त रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ पत्र टी6 संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र श्रम विभाग में पंजियन प्रमाण पत्र सरकारी विभाग में समान श्रेणी के कार्य में पंजियन के प्रमाणपत्र की वैधता वांछित सीमा में ही मान्य होगी अन्यथा निविदा न्यूनतम दरें प्राप्त होने पर भी अस्वीकृत कर दी जायेंगी।
8. ससमय बिन्दु संख्या 02,04,05,06 में उल्लिखि प्रपत्रों की मूल प्रति उपल्बध न कराने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 1 सप्ताह के उपरान्त निविदादाता को नियमानुसार जनरल स्टाम्प पेपर पर अपने खर्चे से नगर पंचायत के साथ अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
10. निविदा में नगर विकास अनुभाग 5 लखनऊ के शासनादेश सं0–3890/नौ–5–19–149स/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में दी गई व्यवस्था के अनुसार नगर पंचायत मान्धाता बाजार में अपंजीकृत ठेकेदार भी प्रतिभाग कर सकते हैं, परन्तु उनकी निविदा स्वीकृत होने पर उन्हें निकाय में प्रचलित ठेकेदारी हेतु पंजीयन की व्यवस्था के अनुसार पंजीयन कराना आवश्यक होगा, तपश्चात् ही अनुबन्ध पत्र का गठन एवं कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
11. विभागीय लागत से कम की निविदा डालने वाले ठेकेदारों को शासनादेश सं0– 11593/नौ–5–2021–142स/2021 दिनांक 07.01.2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार परफॉरमेंस गारंटी की अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा करना आवश्यक होगा। अन्यथा की स्थिति में जमानत की धनराशि जब्त करते हुए निविदा निरस्त कर दी जायेगी तथा फर्म/ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जायेगा।
12. निविदादाता को निदेशक स्थानीय निकाय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या– TC/314/8DLP/2020 दिनांक 01.01.2021 के यू.एल.बी. टी–1 के नियम एवं शर्तो को निविदादाता द्वारा अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
13. निविदादाता को निदेशक स्थानीय निकाय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या – तक0सेल/07/निदे0/2019 दिनांक 28.06.2019 के नियम एवं शर्तो का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
14. तालाब के सौन्दर्योकरण की निविदा में प्रतिभाग हेतु वही ठेकेदार/फर्म पात्र होंगे जिनके पास समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रू0 35.00 लाख से अधिक व पूर्व में तालाब सौन्दर्यीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराने का अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त हो।
15. कान्हा गौशाला निर्माण में निविदा हेतु वही ठेकेदार / फर्म प्रतिभाग करने हेतु पात्र होंगे जिनके पास पूर्व में बिल्डिंग निर्माण का अनुभव 1.5 करोड़ रूपये से अधिक का हो व पूर्व में कान्हा गौशाला निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने का अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त हो।
16. जिन ठेकेदारों/फर्मो द्वारा नगर पंचायत मान्धाता बाजार प्रतापगढ़ में पूर्व में लिये गये कार्यो को समय से पूर्ण नहीं कराया गया है वे निविदा में भाग नहीं ले सकते है।
17. निविदादाताओं को उक्त वर्णित योजनाओं में समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
18. कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड लगाना आवश्यक होगा जिसपर कार्य का विवरण, कार्यदायी संस्था का नाम, कार्य प्रारम्भ होने, कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख करना होगा।
19. निविदा स्वीकृति के पश्वात् नियमानुसार जनरल स्टाम पेपर पर निविदादाता को निकाय के साथ अनुबंध करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात् ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
20. संतोषजनक सम्पादित कराए गये कार्यो का भुगतान लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा बिलों के सत्यापनोपरांत किया जाएगा।
21. शासन द्वारा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष अतिरिक्त भुगतान राज्य वित्त आयोग से किया जायेगा।
22. सम्पादित कार्यो का भुगतान जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित समिति के सत्यापनोपरान्त किया जायेगा।
23. निविदा के सम्बन्ध में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ का क्षेत्राधिकार होगा।
24. निविदादाता को बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा/ टेंडर अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मान्धाता बाजार**
**जनपद–प्रतापगढ़**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मान्धाता बाजार**
**जनपद–प्रतापगढ़**

## एक नजर

### लंगर स्थल से गुरु ग्रंथ साहब की हुई विदाई

अमेठी। मंगलवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह लंगर आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने चाणक्यपुरी लंगर स्थल से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की भावपूर्ण विदाई की। श्री गुरु ग्रंथ साहिब को लंगर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरवंश सिंह के घर स्थापित किया गया है। गुरु ग्रंथ साहिब की विदाई का कार्यक्रम शाम साढ़े 4 बजे हुआ। लंगर स्थल के पास स्थित राधा माधव सेवा समिति के कार्यालय में स्थापित गुरु साहिब के स्वरूप को मंगलवार को अपने पूर्व गुरु घर में स्थापित किया गया। बाबा मनोहर सिंह की अगुवाई में घंटा, घड़ियाल और शंख बजाते हुए भावपूर्ण ढंग से स्वरुप को गुरु घर तक पहुंचाया गया। इस दौरान सदाशिव पांडेय, संजीव भारती, अम्बरीश मिश्र, हरवंश सिंह, गुरविंदर सिंह, गजलील कौर, परमजीत कौर, श्री नाथ आदि सेवादार मौजूद रहे।

### एक रोटी कम खाएं, बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दिलाएं : प्रो. राम कुमार

जामो, अमेठी। एक एनजीओ की ओर से बलभद्रपुर गांव में सामाजिक समरसता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में समाजवादी पार्टी से जुड़े तमाम नेता शामिल हुए। मुख्य अतिथि प्रोफेसर राम कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही हर समाज की प्रगति का माध्यम है। एक रोटी कम खाएं, लेकिन सभी पिछड़े परिवार अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरुर दिलाएं। स्वामी धनादास मंदिर मैदान बलभद्रपुर, जामों में डॉ. कर्मजीत सिंह राजपूत के संयोजकत्व और प्रो. रूदल यादव की अध्यक्षता में सामाजिक समरसता सम्मेलन सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि प्रो. राम कुमार वर्मा ने समाज की तरक्की के लिए हरहाल में अपनी संतानों के लिए बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करने, सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास, नशाखोरी से दूर रहने का आह्वान किया।

### शिवजी व ध्रुव चरित्र की सुनाई गई कथा

बल्दीराय, सुलतानपुर। क्षेत्र के हलियापुर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत मंगलवार को तृतीय दिवस पर अयोध्या से आए कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य जी ने शिव जी का चरित्र एवं ध्रुव चरित्र पृथु चरित्र और पंचम स्कंध में प्रियव्रत एवं ऋषभदेव भगवान सहित जड़ भरत जी का चरित्र, नारकों का वर्णन एवं अजामिलोपख्यान के साथ वृत्रासुर का चरित्र विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। इस अवसर पर बजरंग सिंह, विक्रमादित्य सिंह, अनूप सिंह, रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिले के आठ केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

अमेठी

### 17 व 18 को होगा इम्तिहान डीएम एसपी ने की बैठक

### 15168 अभ्यर्थी पुलिस भर्ती परीक्षा में होंगे शामिल

अमृत विचार। पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा दिनांक 17 व 18 फरवरी को जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों क्रमशः राजीव गांधी पॉलिटेक्निक मुसाफिरखाना, मंगलम महिला महाविद्यालय मुसाफिरखाना, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, शिव महेश गर्ल्स इंटर कॉलेज गौरीगंज, मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज, अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज परसावां अमेठी, राजर्षि रंजय सिंह असलदेव कॉलेज पीपरपुर तथा आरआर पीजी कॉलेज अमेठी में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में प्रथम पाली 10 से 12 तथा द्वितीय पाली 3 से 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें कुल 15168 अभ्यर्थी शामिल होंगे।


पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक करतीं डीएम व मौजूद अन्य। अमृत विचार

उन्होंने परीक्षा में लगे सभी केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर वहां पर सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य समस्त व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुरक्षित कर ली जाए ताकि परीक्षा के दिन किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा की परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी, कैमरा तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को ले जाना पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। बैठक में जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज व स्टेशन अधीक्षक को परीक्षार्थियों के आने-जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास एम्बुलेंस की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा। अधीक्षण अभियंता विद्युत को परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस भर्ती का आयोजन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद**

- बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शाम ढलते ही शुरू हो जाता है अवैध खनन

भेटुआ, अमेठी

अमृत विचार। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व ग्राम टिकरी के कोदई के पुरवा में तीन-चार दिनों से लगातार रात्रि में जेसीबी से तालाब की खुदाई एवं ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी की धुलाई करके शमशान घाट में की जा रही है। सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को भी ध्वस्त किया जा रहा है।

सरकार ने मनरेगा के अंतर्गत 100 दिन के रोजगार के साथ-साथ गरीब व्यक्तियों को रोजी-रोटी देने का आश्वासन दिया था। लेकिन ब्लॉक में अधिकारियों की उदासीनता के चलते मनरेगा से कार्य कराए जाने के साथ-साथ वित्त से फाइल बनवाकर धड़ल्ले से काम को अंजाम दिया जाता है। आखिर क्षेत्र की जनता तीन-चार दिनों से लगातार इसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक अमेठी तथा तत्कालीन उप जिला अधिकारी अमेठी को दूरभाष के जरिए दिया जा रहा है। सूचना देने पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा बताया जाता है कि ठीक है जांच करवाई जाएगी, और उपजिलाअधिकारी अमेठी का कहना है की देखती हूं। लेकिन अभी तक तीन दिन हो गया है खनन माफियाओं पर कार्यवाही तो दूर की बात खनन माफियाओं का पता लगाने में भी प्रभारी निरीक्षक अमेठी तथा राजस्व की टीम नाकाम दिखाई दे रही है। बावजूद इसके जब यह मामला दूरभाष के जरिए जिला अधिकारी अमेठी के संज्ञान में आया तो उन्होंने न्यायोचित विधिक कार्यवाही का आश्वासन दिया। डीएम के निर्देश पर दूसरे दिन मौके पर खंड विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा जाकर महीनो पूर्व हुई बाग की मेड़बंदी को दर्शाते हुए यह बताया कि यह किसी व्यक्ति का निजी कार्य है। जबकि तालाब की खुदाई एवं श्मशान में मिट्टी के भराई के कार्य का जिक्र कहीं नहीं किया गया।

# घर-घर जाकर लोगों को दें योजनाओं की जानकारी: नंदी

## आवास की लाभार्थी के यहां भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ किया भोजन

अमेठी

अमृत विचार। जनपद में विधानसभा गौरीगंज के विकासखंड शाहगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के शाहगढ़ मंडल अध्यक्ष राधेश्याम चौहान के आवास पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक की।


पीएम आवास से लाभान्वित के यहां भोजन करते मंत्री नंदी व भाजपा जिलाध्यक्ष।

वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी सीता पति के घर पर जाकर जमीन पर बैठकर खाना खाया, उसके बाद रात्रि विश्राम किया। मंत्री नंद गोपाल नंदी के 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर सभी बूथ अध्यक्षों व शक्ति केंद्र संयोजक के साथ समीक्षा बैठक कर घर-घर जाकर जनता से संपर्क करके भारत सरकार की योजनाओं के बारे में व उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए सभी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरीके भारत की छवि पूरे विश्व में बढ़ती जा रही है। घर-घर जाकर जनता को प्रधानमंत्री मोदी के बारे में व भारत सरकार की योजनाओं के बारे में सभी को विधि पूर्वक जानकारी दी जाए, और सारे बूथ जीतने का संकल्प लिया जाए। मंत्री से स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयानों के बारे पूछा गया तो कहा कि समाजवादी पार्टी समाप्त वादी पार्टी बन गई है।

प्रधानमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता से सभी बौखला गए हैं।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, मंडल अध्यक्ष राधेश्याम चौहान, उमाशंकर शुक्ल सेवा भारती, भाजपा नेता अवधेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष घीसन मिश्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह महेंद्र प्रताप सिंह, राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार गौरीगंज आरुषि त्रिपाठी, लेखपाल अजय कुमार वर्मा, वीरेंद्र कुमार सरोज, मुंशीगंज थाना प्रभारी अखंड देव मिश्रा आदि के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ठंड में बारिश से गेहूं व आलू की खेती नुकसान

अमेठी। ठंड में मंगलवार पहले पहर से मौसम ने करवट बदल लिया है। बुधवार को भी मिली जुली धूप निकली। आसमान में दिन भर बादल छाए रहे। किसान बताते हैं कि इस बारिश से गेहूं के फसल को तो संजीवनी मिली है, लेकिन मटर को नुकसान पहुंचेगा। अभी के समय में किसान गेहूं की सिंचाई करने में जुटे थे। इस बारिश से किसानों को कुछ दिन के लिए राहत मिल गई है। मटर का उत्पादन इन दिनों तेजी से हो रहा है। पौधों पर फूल उग रहे हैं। बारिश के कारण फूल गिर जाएंगे और एक सप्ताह तक उत्पादन कुछ कम हो जाएगा। उत्कृष्ट किसानों ने बताया कि एक बार की बारिश से आलू को उतना नुकसान नहीं होगा, लेकिन इसके बाद यदि पाला पड़ना शुरू हुआ तो बड़ी क्षति होगी। सरसों और चना को यह बारिश वैसा नुकसान नहीं पहुंचाएगी। जो किसान सरसों की अगेती खेती किए हैं, उनके फसल को कुछ नुकसान पहुंच सकता है।

# बिजली के पोल से टकराई अनियंत्रित बोलेरो

अमेठी

अमृत विचार। शादी समारोह से लौट रही बोलेरो जायस कोतवाली क्षेत्र में जायस सलोन राजमार्ग पर पूरे बनिया गांव के पास अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे में फिरहाल कोई हताहत नहीं हुई हैं। वहीं, चालक मौके से फरार हो गया। बोलेरो सवार तीन लोगों को मामूली चोटें आई है।

मंगलवार की देर रात करीब साढ़े 11 बजे नसीराबाद कस्बे की तरफ से जायस की ओर शादी समारोह से लौट रही बोलेरो के सामने पूरे बनिया गांव के पास अचानक लक्जरी कार आ जाने से बोलेरो अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे में जा टकराई। बताते है कि बोलेरो सवार सभी नशे में धुत थे। बिजली के खम्बे में बोलेरो के टकराते ही जर्जर व ढीले बिजली के तार आपस में लिपट गए जिससे 33 केवीए लाइन बैठ गई और सप्लाई बंद हो गई। इसी कारण बड़ी घटना से बचा जा सका। सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने बिजली के पोल के नीचे से बोलेरो को निकाल कर बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कराई। हादसे में किसी तरह की हताहत न होने से सभी ने राहत की सांस ली।


बिजली के पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई पोल व बोलेरो। अमृत विचार

# आप नेता सूर्यभान तिवारी ने थामा कांग्रेस का दामन

गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का अमेठी में ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को यादगार बनाने के लिए कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में तैयारी बैठक की गई। जिसमें न्याय यात्रा के स्वागत के लिए संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में किशोरी लाल शर्मा प्रतिनिधि सांसद रायबरेली, राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस राजेश तिवारी, जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल आदि का दिशा निर्देश कार्यकर्ताओं को प्रदान किया गया। बैठक में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रभारी अमेठी सूर्यभान तिवारी मदन ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में पूर्व मंत्री आशीष शुक्ला, ओम प्रकाश दुबे, ब्लाक अध्यक्ष भादर संजय यादव, पवन दुबे उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### मधुमक्खी के हमले से चार घायल



फुरसतगंज, अमेठी। क्षेत्र के मोहैया केसरिया गांव निवाशी राम मिलन, कमलेश, पूनम, इंद्रजीत सिंह मंगलवार को अपने खेत से घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में इन पर मधुमक्खियों ने हमला कर जख्मी कर दिया। जिन्हें आनन-फानन में एम्बुलेंस से सीएचसी फुरसतगंज लाया गया। जहां राम मिलन की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली रिफर कर दिया गया।

# दो ट्रकों के फंसने से तीन घंटे तक लगा जाम

अमेठी

अमृत विचार। जायस कस्बा में बांदा से टाण्डा को जाने वाला नेशनल हाइवे का मुख्य मार्ग इन दिनों काफी जर्जर हो गया है। जिसके कारण प्रतिदिन कोई न कोई गाड़ी फंस रही है। जिससे लगातार जाम लग रहा है।

सोमवार की रात बारिश के कारण सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर गया। कस्बे के भीतर जगदीशपुर तिराहे पर सोमवार की रात एक ट्रक फंस गया, जिसके कारण आवागमन बाधित रहा। वहीं कुछ देर बाद बगल से निकालते समय एक ट्रेलर भी उसी गड्ढे में फंस गया। काफी मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे बाद मंगलवार की सुबह दोनों मालवाहक वाहनों को बाहर निकाला जा सका। तब जाकर आवागमन सुचारू रूप से संचालित किया जा सका। बता दें कि कस्बे के भीतर नेशनल हाइवे पर जगदीशपुर तिराहे से जगदीशपुर व रायबरेली-सुल्तानपुर के लिए छोटी बड़ी गाडियों के साथ हर तरह के मालवाहक वाहनों का आवागमन रहता हैं नेशनल हाइवे के किनारे बनी नाली जर्जर व खुली होने की वजह व समय से सफाई न होने के कारण से नाली का गंदा पानी उफनाकर नेशनल हाइवे पर आ जाता है। सड़क जर्जर व गड्ढा होने के कारण बारिश का पानी भी भर जाता है। जिससे आये दिन भारी वाहन उसमें फंस जाते है।



जायस कस्बे में जगदीशपुर तिराहे पर नेशनल हाईवे पर फंसा ट्रक। अमृत विचार

खुली नाली होने की वजह से भरी व बड़ी गाड़ियां मोड़ते समय नाली में फंस जाते है। वहीं कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मालवाहक वाहन का एक्सेल टूट जाने के कारण गड्ढे में फंस गया था। पालिका प्रशासन की मदद से घंटे भर में सुचारू रूप से आवागमन संचालित कर दिया गया था।

### नारी शक्ति का वंदन, महिलाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमेठी। दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) योजनांतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का शक्ति वंदन अभियान महिलाओं के स्वावलंबन हेतु सम्मान समारोह नगर पालिका परिषद जायस, विधानसभा तिलोई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महेश प्रताप सोनकर निर्वतमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जायस एवं जिला महामंत्री मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मुन्नी देवी, आरती देवी, रोशनी सोनकर, नीलम, रमा, द्रोप्ती देवी आदि महिलाओं को प्रतीकात्मक रूप से प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीलम सोनकर, रोशनी सोनकर एवं कलावती मौर्य के द्वारा अपनी सफलता की कहानी भी साझा किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा विनोद कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जायस रविन्द्र मोहन, शहरी मिशन प्रबंधक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह एवं समस्त डूडा स्टाफ मौके पर उपस्थित रहे।

# 24 घंटे बाद शव की हुई शिनाख्त

मुसाफिरखाना, अमेठी

अमृत विचार। रविवार की देर शाम घर से लापता युवती का शव संदिग्धावस्था में सोमवार को कोतवाली मुसाफिरखाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव के जंगल में ग्रामीणों ने पड़ा देखा था। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस घटनास्थल का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। वहीं मंगलवार को परिजनों ने शव की शिनाख्त कर ली है। मोहल्ला कटरा मजरे इसौली थाना बल्दीराय बसंत लाल पुत्र मेवालाल की 18 वर्षीय पुत्री श्यमावती उर्फ मूरता रविवार की देर शाम घर से लापता हो गयी। परिजनों के काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नही चलने पर थाना बल्दीराय में बेटी के लापता होने की तहरीर दी थी। सोमवार की शाम घर से लापता युवती का शव रसूलाबाद के जंगल में ग्रामीणों ने पड़ा देखा। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस घटनास्थल का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवाया था। जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त श्यमावती उर्फ मूरता के रूप में की है।

# स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

अमेठी। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत 14 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को उप निरीक्षक मदन कुमार सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विन्ध्या प्रसाद पुत्र स्व. जग प्रसाद (40) निवासी ग्राम बसंतपुर मजरे मेहमानपुर थाना शिवरतनगंज को बसंतपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम ने गिरफ्तार युवक के कब्जे से 14 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद अमेठी।**

पत्रांक- मु0चि0अ0 / एन0यू0एच0डब्लू0सी0 / भवन /II / 2023-24 / 9175 दिनांक-13.02.2023

**अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के किराये के भवन हेतु विज्ञापन**

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या SPMU/NUHM/15thFC/2023-24/82/7164 दिनांक 13.12.2023 के क्रम में भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कुल 02 (गौरीगंज एवं जायस) अर्बन हेल्थ एण्ड वेलेनस सेण्टर की स्वीकृति प्राप्त हुयी है। नगरीय क्षेत्र में लोगों को उनके घरों के समीप प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने की दृष्टि से जनपद के नगरीय क्षेत्रों में 15000 से 20000 की जनसंख्या पर अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (यू-एच.डब्लू.सी.) स्थापित किये जा रहे है।
15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत कुल 02 (गौरीगंज एवं जायस) अर्बन हेल्थ एण्ड वेलेनस सेण्टर संचालित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये किराये के भवन की आवश्यकता है, जिसमें कम से कम 04 कमरे हो तथा जिसका न्यूनतम क्षेत्रफल निम्नानुसार होना आवश्यक है-

| क्र.सं. | सुविधा | आवश्यक न्यूनतम कारपेट एरिया (स्क्वायर फिट में) |
|---|---|---|
| 1 | ओ0पी0डी0 रूम | 100 |
| 2 | औषधि भण्डार एवं वितरण | 80 |
| 3 | टीकाकरण / काउंसिलिंग | 80 |
| 4 | स्टाफ नर्स कक्ष एवं परीक्षण कक्ष | 100 |
| 5 | वेटिंग रूम व पंजीकण | 210 |
| 6 | शौचालय 02 नग | 60 |
| 7 | वेलनेस कक्ष | 250 |
| 8 | डेकेयर रूम | 220 |
| | **योग** | **11000 वर्ग फुट** |

कारपेट एरिया का न्यूनतम 25 से 30 प्रतिशत अंश दीवार एवं सरकुलेशन का होता है। इस प्रकार भवन का कुल क्षेत्रफल लगभग 1400 वर्गफुट आयेगा।

**भवन चिन्हीकरण में ध्यान दी जाने वाली बातें-**

1 भवन हवादार एवं सूर्य प्रकाशमय हो।
2. भवन में विद्युत कनेक्शन हो तथा बिजली एवं पानी की नियमित आपूर्ति हो।
3. भवन में मरीजों को बैठने हेतु स्थान एवं कक्ष के अतिरिक्त 02 शौचालय हो।
4. मरीजों हेतु एम्बुलेंस आदि वाहनों के आने जाने का पर्याप्त रास्ता हो।
5. आवश्यकतानुसार रैम्प की व्यवस्था हो।

प्रत्येक अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के भवन के किराये हेतु भवन का किराया, उस क्षेत्र के डी0एम0 सर्किल रेट या रू0 50,000/- जो कम हो, जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त देय होगा। इच्छुक पात्र भवन स्वामी अपना आवेदन पत्र (भवन के पूर्ण पते व क्षेत्रफल जानकारी के साथ) दिनांक 23.01.2024 तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद अमेठी में उपलब्ध करा सकते है।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
जनपद अमेठी

**लिया जायजा** पूर्व विशेष सचिव और विधि परामर्शी ने किया आधा दर्जन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण

# विधि परामर्शी ने की निपुण भारत मिशन की पड़ताल

- समीक्षा के दौरान स्कूलों में बच्चों से पूछे सवाल

गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। पूर्व विशेष सचिव और विधिक परामर्शी, बेसिक शिक्षा विभाग देव प्रताप सिंह ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी जिला समन्वयकों और पटल सहायकों की समीक्षा की और स्कूलों में बच्चों से सवाल पूछकर शैक्षिक गुणवत्ता और निपुण भारत मिशन की पड़ताल की।



कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते पूर्व विशेष सचिव विधिक परामर्शी।

विधि परामर्शी देव प्रताप सिंह लखनऊ से आए हुए थे। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने प्राथमिक विद्यालय मऊ-1, कम्पोजिट विद्यालय तुलसीपुर, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गौरीगंज, कम्पोजिट विद्यालय पचहरी और आंगनबाड़ी केंद्र पचहरी का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों से हिंदी, गणित और अंग्रेजी के सवाल पूछकर उनके सीखने के स्तर और निपुण लक्ष्य की पड़ताल की।

निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक प्रशिक्षण वंश वर्धन शुक्ला, डा. रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

**पूर्व विशेष सचिव की ओर से दिए गए निर्देश**

- श्रम की महत्ता पर जोर दिया गया, विद्यालयों में साफ सफाई पर ध्यान दिया जाए, सप्ताह में एक दिन सफाई अभियान चलाया जाए।
- लापरवाह अध्यापकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाय।
- मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।
- कंपोजिट ग्रांट का सदुपयोग करते हुए विद्यालयों में रंगाई पुताई का कार्य जल्द से पूर्ण किया जाय।
- निपुण भारत मिशन को गति से करें।
- प्री प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित 3-6 आयु वर्ग के बच्चों की उपस्थिति एवं बाल वाटिका के निपुण लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया।

### चोरी के तीन घंटे व 880 रुपये के साथ बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार

अमेठी। थाना रामगंज पुलिस द्वारा चोरी के तीन अदद घण्टे और 880 रूपये के साथ दो बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक जंग बहादुर यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल यूपी 44 एल 7251 पर सवार सुनील कुमार यादव पुत्र राजमन यादव (52) निवासी ग्राम गोनौली थाना सिंघरामऊ जनपद जौनपुर व दशरथ यादव पुत्र स्व. राजदेव यादव (45) निवासी जयराम पट्टी खिरी थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर को परसोईया बार्डर के पास से समय करीब पौने एक बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को गिरफ्तार युवकों के कब्जे से तीन अदद घण्टा व 880 रुपया नगद बरामद हुआ है और उक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नहीं सके जिसे एमवी एक्ट के तहत सीजकर दिया गया है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि हम दोनों ने 11 जनवरी रात्रि में खाकी बाबा आश्रम से तीन अदद घण्टा व दान पात्र से रुपये चोरी किये थे। जिन्हे हम दोनो लोगों ने आपस में बराबर बांट लिया था। हमारे पास से जो रुपये मिले हैं।

## सार-संक्षेप

### विवेक दत्त अध्यक्ष, अजय तहसील बार के महामंत्री निर्वाचित



**प्रतापगढ़ अमृत विचार** : तहसील बार एसोसिएशन सदर के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेश कुमार को हराकर विवेक दत्त मिश्र पाली निर्वाचित हुए। महामंत्री पद पर अजय सिंह सोनू निर्विरोध जीते। परिणाम की घोषणा के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तहसील बार एसोसिएशन सदर के चुनाव के लिए मंगलवार को सुबह से ही काफी गहमा गहमी रही। इस चुनाव में कल 439 मत पड़े। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विवेक दत्त पाली को 371 मत मिले, जबकि राजेश कुमार को 50 मत मिले। 18 मत अवैध घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी मान सिंह ने विवेक दत्त पाली को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। इस दौरान मौजूद संस्थापक अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, राजेश मिश्र, मुक्तेश्वर नाथ ओझा, आशीष सिंह, धीरेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह बंटी, लल्लू बाली, अमित सिंह चंचल, राहुल सिंह, परवेज, राम मूर्ति, पवन तिवारी,धर्मराज सिंह,नीरज मिश्र, अवनीश, सीमा सिंह, नीरज मिश्र आदि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

### शुआट्स में आंदोलनरत कर्मचारियों के साथ हुई वार्ता



**नैनी प्रयागराज। अमृत विचार** : शुआट्स के बायोटेक विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रशासन की मौजूदगी में विश्वविद्यालय अधिकारियों एवं आंदोलनरत कर्मचारियों की वार्ता मंगलवार को हुई। इसमें वेतन सहित कई मुद्दों पर बात हुई। बकाया वेतन की मांग को लेकर शुआट्स कर्मचारियों का धरना चल रहा हैं मंगलवार को एसडीएम करछना, एसीपी करछना और संयुक्त निदेशक कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे और उनकी अध्यक्षता में वार्ता किया गया। इस मौके पर डॉ. मेहरा कार्यवाहक कुलपति किस आधार पर बनाए गए, इसका जबाव मांगा गया। यहाँ के वित्त नियंत्रक, कार्यवाहक कुलपति और कुलसचिव पिछले कई दिनों से अपने कार्यालय में नहीं बैठ रहे हैं। इस बावत एसडीएम ने कहा कि आप लोग बायोमेट्रिक लगवाएं और उपस्थित रहें। शुआट्स की ज़मीन बेचकर वेतन देने की बात भी हुई जिसमें बताया गया कि कोर्ट से परमिशन के लिए मामला लंबित है जो मार्च तक फाइनल हो जाएगा और अप्रैल तक ज़मीन की कीमत का 30 प्रतिशत शुआट्स में आएगा, जिससे वेतन दिया जाएगा। बैठक में कार्यवाहक कुलपति, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक के साथ साथ शिक्षक कर्मचारियों में डॉ अजय सिंह, डॉ आर एन शुक्ला, डॉ रीना मेहता, डॉ आरती सिंह, अनमोल, प्रदीप कुमार मसीह डॉ एनपी गुप्ता एवं सैमुएल एम लाल आदि उपस्थित रहे।

### अनुशासन और शिष्टाचार को जीवन में उतारें विद्यार्थी

**रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार** : स्वामी करपात्री जी महाराज राजकीय पीजी कालेज रानीगंज में पांच दिवसीय रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो .विजय कुमार मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से शिविर के माध्यम से अनुशासन और शिष्टाचार को सीखने तथा उसे जीवन में उतारने की सलाह दी। कहा कि विद्यार्थी जीवन की सीखी गई बातों का हमारे जीवन पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। अत : विद्यार्थी जीवन को जीते समय अत्यंत सावधानीपूर्वक कदम उठाना चाहिए। जितना संभव हो, नकारात्मक विचारों से स्वयं को दूर रखें। प्रशिक्षक शिवम मिश्र ने कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से विद्यार्थी अपने जीवन को अनुशासित व संयमित कर जीवन की ऊंचाइयों को स्पर्श कर सकते हैं। प्रो .श्याम नारायण यादव, डा. कंचन,डा .अंशुमान सिंह, डा. नीलिमा सिन्हा, डा .संजय कुमार, डा .अजय कुमार, डा .आलोक रंजन, डा .शालिनी ने भी सम्बोधित किया।

### महाकुम्भ-2025 : प्रमुख सचिव ने की समीक्षा बैठक

**प्रयागराज। अमृत विचार** : महाकुम्भ 2025 को लेकर मंगलवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की सप्तम बैठक में प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा प्रमुख सचिव, नगर विकास, अमृत अभिजात ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में लगभग 29 परियोजनाओं पर चर्चा की गयी। जिनमें शहर के सौन्दर्यीकरण से संबंधित कई परियोजनाएं शामिल हैं। प्रस्तावित परियोजनाओं में नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डों की 198 सड़कों का विकास कराना प्रस्तावित किया गया है। इसके अन्तर्गत कच्ची सड़कों के अपग्रेडेशन व नालों की मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। जनपद के 07 घाटो के उच्चीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है। इसमें बलुआघाट, अरैल घाट, मौज गिरि घाट, काली घाट, रसूलाबाद घाट, छतनाग घाट तथा नागेश्वर तथा शामिल हैं। शहर के 5 विभिन्न स्थानों पर वेन्डिंग जोन बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें बक्शी बांध, नैनी पुराने पुल के पास का इलाका, माधोपुर सब्जी मण्डी, जीटी जवाहर चौराहा, कानपुर रोड सम्मिलित हैं। वेन्डिंग जोन के अन्तर्गत शेड्स, पिलर, लाइटिंग, फसाद, पार्किंग स्थल और ट्रैफिक जंक्शन का विकास कराया जाना है। शहर के दो मुख्य चौराहों पर महर्षि वाल्मीकि एवं ब्रम्हा जी की मूर्ति का भी प्रस्ताव रखा गया है।

# टोल प्लाजा के डिवाइडर से भिड़ी श्रद्धालुओं से भरी बस, चार गंभीर

## हादसे में 17 यात्री घायल, बहराइच के कैसरगंज बाजार से प्रयागराज जा रही थी बस

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार** : बहराइच से प्रयागराज जा रही स्नानार्थियों से भरी निजी बस मंगलवार भोर में नगर पंचायत कोहंडौर के धरौली मधुपुर के पास अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर टोल प्लाजा के डिवाइडर से भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का पहिया क्षतिग्रस्त होकर अलग हो गया। इससे यात्रियों में चीख- पुकार मच गई। हादसे में 17 स्नानार्थी घायल हो गए। सभी को सीएचसी कोहंड़ौर ले जाने पर चार श्रद्धालुओं की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद बस का चालक व परिचालक वहां से भाग निकले।

जनपद बहराइच के कैसरगंज तहसील के बगड़वा बाजार से सोमवार शाम छह बजे स्थानार्थियों से भरी निजी बस प्रयागराज के लिए रवाना हुई। इसमें कुल 75 श्रद्धालु थे। 65 श्रद्धालु बहराइच जिले के हैं। गोंडा जनपद के करनैलगंज तहसील के रायपुर टेढ़ी गांव से 10 श्रद्धालु भी इसमें सवार हो गए। श्रद्धालुओं से खचाखच भरी प्राइवेट बस मंगलवार की भोर पौने तीन बजे छीड़ा बार्डर के पास स्थित एक ढाबे पर रुकी। यहां श्रद्धालुओं के चाय पीने के बाद बस रवाना हुई। बस की रफ्तार तेज थी। नगर पंचायत कोहंड़ौर के धरौली मधुपुर वार्ड के समीप अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर चालक का बस से नियंत्रण खो गया और वह अनियंत्रित होकर टोल प्लाजा के डिवाइडर से भिड़ गई। टक्कर तेज थी, जिससे उसके पहिए टूट कर निकल गए। आगे का बंपर भी टूट गया। यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। हादसे में भगवती (60), जनक कुमारी (40), शिव पत्ती (42),राधा देवी(45), ममता देवी (60),सोनम देवी (40), मेवा लाल 65), गुल्लू (45), बृजेश (10), मिश्री लाल (58), जीवन लाल (58), बबलू (35) समेत 17 श्रद्धालु घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर राजमार्ग से गुजर रहे राहगीर वहां रुके। कोहंड़ौर थानाध्यक्ष प्रीति कटियार,एसआई कमलेश पांडेय मयफोर्स घटनास्थल पर पहुंचे। एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कोहंड़ौर भेजा। यहां से गंभीर रूप से घायल अरुण (35) निवासी बिरहिन का पुरवा गोंडा, धनीराम (52) निवासी पकवा बहराइच, पुद्दन (60)निवासी बिरहिन का पुरवा गोंडा,पारसनाथ (52),मोहित पाल (25) निवासी करमपुर हुजूरपुर बहराइच को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां सभी का इलाज चल रहा है, हालत सामान्य बताई गई है।



हादसे के बाद हाईवे पर बैठे यात्री। अमृत विचार

> हाईवे पर हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। वहां से भागने वाले चालक परिचालक की तलाश की जा रही है। यात्रियों को इलाज कराने के साथ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। हादसे की वजह की भी जांच की जा रही है। –शिवनारायण वैश, सीओ सिटी

### बारिश में दीवार ढही बालक की मौत

**संवाददाता, नैनी प्रयागराज।** यमुना नगर स्थित करछना थाना क्षेत्र में मंगलवार को झमाझम बारिश और ओलावृष्टि के बीच कच्चे आशियाना की दीवार ढह गयी। उसमें दबने से एक बच्चे की मौत हो गई। क्षेत्र के खाई गांव निवासी अजय आदिवासी मंगलवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे बरसात में परिवार के साथ अपने कच्चे खपरैल घर के अंदर बैठा था। उसी दौरान अचानक बगल की दीवार पानी के रिसाव से भरभरा कर ढ़ह गया। उसकी चपेट में आने से अजय का पांच वर्षीय बेटा शीबू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आनन-फानन में घायल मासूम को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

## बारिश से बढ़ी कल्पवासियों की मुसीबत

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार** : बदलते मौसम ने शहर वासियों के साथ कल्पवासियों को भी परेशान कर दिया है। कभी ठंड और और कभी बरसात के कारण माघ मेला में कल्पवासियो को कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। मंगलवार की भोर में हुई झमाझम बारिश से माघ मेले में कई शिविरों में पानी भर गया। पूरे मेले में कीचड होने से लोगों को पैदल चलने में भी काफी परेशानियां हुई।

माघ मेले में ठंड और बरसात का असर साफ दिखाई दे रहा है। मंगलवार की भोर में हुई झमाझम बारिश से कल्पवासियों को एक बार फिर संकट से जूझना पड़ा। मेला प्रशासन की तैयारियां ध्वस्त हो जा रहो है। बारिश के बाद जगह-जगह कीचड़ और दलदल हो जाने के कारण लोगों को काफी



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भोर में हुई बारिश ने फिर मेला प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल को खोल कर रख दिया है। मेला क्षेत्र में बारिश के बाद जगह-जगह पानी भर गया। चकर्ड प्लेटों और सड़क पर कीचड़ हो गया। जिसके कारण कल्पवासियों को काफी दिक्क़तें हो रही है। बीते बुधवार को भी हुई बारिश से लोगो के शिविर में जल भराव हो गया था।



### छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार** : वी .एस. मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल चकवनतोड़ में छात्राओं ने वसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर आकर्षक रंगोली बनाई। छात्रा नैना, परी, रक्षिता, प्रतिष्ठा, दिव्यांशी, इकरा, खुशबू, अदिति, सहीना ने मां शारदे के प्रति अपने भावनात्मक जुड़ाव को भव्य रंगोली के माध्यम से उकेरा।सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशिका अलका सिंह ने किया। छात्र–छात्राओं द्वारा मां भगवती शारदे को समर्पित गीत, भाषण प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की शिक्षिका दीपांजलि, ज्योति, अनामिका, एकता, श्वेता आदि रहीं। प्रधानाचार्य डॉ. इमरान ने कहा कि वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए। इससे हमारी बुद्धि निर्मल रहती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है।

## वसंत पंचमी स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द

संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ संगम में लाखों श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

**अमृत विचार:** कुंभ नगरी के पावन संगम तट पर माघ मेला में बुधवार को मुख्य स्नान पर्व वसन्त पंचमी को लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र ने माघ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्नान घाटों, पार्किंग स्थलों, पाण्टून पुलों, मेला के समस्त प्रवेश द्वारों/निकास द्वारों और महत्वपूर्ण मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। मेले में मुख्य तैयारियों का जायजा लिया।

बुधवार को मुख्य स्नान पर्व वसंत पंचमी को लेकर माघ मेला प्रभारी डीआईजी डा राजीव नरायण मिश्र ने मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र के दुकानदारों को निर्धारित स्थानो पर ही लगाने लगाने दे। जिससे श्रध्दालुओं के आवागमन मे कोई कठिनाई न हो। इसके साथ ही अधिक भीड़-भाड़ वाले घाटों के समीप ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मी अधिक सक्रियता से ड्यूटी करे। प्रभारी माघ मेला ने प्रतिबन्धित स्नान घाटों के पास बैरिकेडिंग करायी गई और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों अब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वसन्त पंचमी को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए समय से ड्यूटी करने के लिए बताया। उन्होंने पर्व के एक दिन पहले ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को 'ब्रीफ' कराया।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर के कारण बताओ नोटिस का छात्रों ने किया विरोध

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार** : इलाहाबाद विश्वविद्यालय में चल रहें के आंदोलन को लेकर चीफ प्रॉक्टर द्वारा जारी किए गए कारण बताओं नोटिस को लेकर छात्रों ने विरोध जताया है। मंगलवार को छात्रों इस जारी किए गए नोटिस का विरोध करते हुए इसे खत्म करने की मांग की है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एसएसएल हॉस्टल के छात्र रहे अभिषेक गुप्ता की पिटाई के बाद लगातार 15 दिन से छात्र को न्याय दिलाने को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को बंदकर उपद्रव करने वाले छात्रों के खिलाफ विवि प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए उनकी पहचान कराते हुए उनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने के साथ उन्हें निष्कासित करने का नोटिस जारी किया था। जिसको लेकर मंगलवार को छात्र नेता अजय याद सम्राट ने इस जारी की गयी नोटिस का विरोध करते हुए इसे समाप्त करने की मांग की है। छात्र नेता अजय यादव ने मांग किया है कि इस नोटिस जारी होने के बाद से छात्रों की पढ़ाई नही हो पा रही है। जिसको पढ़ाई छात्र परेशान है। गौरतलब है कि सोमवार को इविवि के चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह ने एक नोटिस जारी करते हुए में छात्रों से अपील किया था कि परिसर में उपद्रव करने वाले अराजकतत्वों के बहकावे में न आये और सभी



छात्र अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। लेकिन छात्रों ने इस नोटिस कप अनदेखी किया था। वही मंगलवार को समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने कहा कि छात्र अभिषेक गुप्ता के मामले में सही तरीके से जांच नहीं कराई गयी है। सही जांच होगी तो अभिषेक को न्याय मिलेगा। छात्र नेता ने कुलपति से मांग किया कि इस आंदोलन में निर्दोष छात्रों के ऊपर निलंबन कारण बताओ नोटिस या की जा रही कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाये जिससे छात्र सुचारू रूप से पठन पाठन कर सके।

### वर्ग पहेली-342

**बाएं से दाएं**

4. मेंढक।
5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।
6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।
7. जीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।
2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।
3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी–देवताओं की पूजा–उपासना, मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।
6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।



### वर्ग पहेली - 341 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 ख | ■ | 3 अ |
| र | ■ | ■ | ट | ■ | यो |
| 4 म | हा | वी | र | ■ | गि |
| ल | ■ | ■ | 5 प | 6 द | क |
| ■ | 7 मॉ | नी | ट | र | ■ |
| 8 झा | ■ | ■ | र | ■ | 9 जी |
| 10 वा | इ | न | ■ | 11 खा | जा |

## पुलिस भर्ती परीक्षा : आभूषण और खाने के सामान भी केंद्र में प्रतिबंधित

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए डीएम संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल ने क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सभागार में केन्द्र व्यवस्थक, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने बताया की 17 व 18 फरवरी को जिले के 27 केन्द्रों परीक्षा होगी। इसमें सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज, पीबी इण्टर कालेज प्रतापगढ़ सिटी, केपी हिन्दू इण्टर कालेज, श्रीराम बालिका इण्टर कालेज चिलबिला, राजकीय इण्टर कालेज, डा .जयमंगल सिंह प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी इण्टर कालेज कुसमी जहनईपुर, बीएसएस एकेडमी स्कूल फूलवारी, श्री अजब नारायण इण्टर कालेज कोहड़ा, मार्डन साइन्स इण्टर कालेज जोगापुर सदर, एमडीपीजी कालेज, रामराज इण्टर कालेज पट्टी, स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी, इण्टर कालेज दिलीपुर, हेमवती नन्दन बहुगुणा पीजी कालेज, स्व . भगवत प्रसाद स्मारक इण्टर कालेज तिलौरी, पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी, अनन्त प्रसाद इण्टर कालेज भदोही, मालती इण्टर कालेज, बृजेन्द्रमणि इण्टर कालेज कोहड़ौर आदि केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। बताया कि परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा होगी,जिसमें 13512 अभ्यर्थी शामिल होगें। डीएम ने परीक्षा में लगे सभी केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें। विशेष रूप से कहा कि परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी, कैमरा, खाने के सामान, आभूषण,किसी भी तरह की पर्स, सनग्लास समेत अन्य इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स को ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। एसपी सतपाल अंतिल ने ड्यूटी में लगे अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो परीक्षा केन्द्र दूर है उसके स्टैटिक मजिस्ट्रेट समय से कोषागार से प्रश्न पत्र प्राप्त कर सेन्टर पर समय से पहुंचा दें, उसके उपरान्त द्वितीय पाली की परीक्षा हेतु भी परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र पहुंचाना रहेगा इसलिये समय का विशेष ध्यान रखें। एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, एएसपी संजय राय, प्रो .उपेंद्र सिंह, डा .राजीव कुमार सिंह,अजय कुमार सिंह, राजेश भट्ट,अवधेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



उ.प्र. पुलिस भर्ती परीक्षा के सम्बन्ध में बैठक को सम्बोधित करते डीएम संजीव रंजन।

### सुडोकू -59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 2 | | | | | 9 | | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | 8 | |
| | | | 1 | | 8 | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 9 | 2 |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 3 | | |
| | 8 | | 3 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 58 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, बुधवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–पंचमी 12 .09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज जीवनसाथी से अपने मन की भावनाओं को शेयर कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। कुछ नया सीखने और जानने की जिज्ञासा मन में रहेगी। स्वास्थ्य समस्या का समाधान होगा।

**वृष** – आज अपना मनोबल ऊंचा रखें। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। दूसरों की जवाबदारी लेने से बचें। राजनीतिक मामलों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। अनावश्यक कार्यों में धन का अपव्यय हो सकता है। तनाव जैसी परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं।

**मिथुन** – आज आप उत्सव कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। आज आपको अपनी प्रतिभा दिखाने के भरपूर अवसर मिलेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन उत्तम है। आपके सहयोगात्मक व्यवहार के कारण लोग आपका काफी सम्मान करेंगे।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करना चाह रहे हैं, तो आज का दिन उत्तम है। मित्रों के साथ की अनबन आज दूर होगी। परिवार में शान्ति का माहौल रहेगा। परिवार को लेकर आप कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी आज ले सकते हैं।

**सिंह** – आज विदेशी कम्पनियों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। किसी ऑनलाइन सेमीनार आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। रिश्तेदारों के साथ आपने संबंध मधुर रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या** – आज जोखिम युक्त निवेश करने से बचें। आपको कुछ अध्यात्मिक अनुभव हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपका सम्मान बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। घर में अप्रसन्नता का माहौल रहेगा। बोलचाल के दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें।

**तुला** – आज आप स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहने वाले हैं। आपको किसी शुभ सूचना को लेकर प्रतीक्षा रहेगी। आर्थिक मामलों को लेकर दिन भाग्यशाली रहेगा। जीवनसाथी को प्रसन्न रखने के लिए उन्हें उपहार दे सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कारोबार की परेशानियों का निदान होगा। परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहने वाली हैं। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। मित्र और शुभचिन्तक आपको प्रेरित कर सकते हैं। म्यूचूअल फण्ड या किसी पुरानी पॉलिसी से आपको धन लाभ हो सकता है।

**धनु** – आज प्रेम संबंधों के प्रति आप समर्पित रहेंगे। नशे और बुरी आदतों से दूरी बना लें। वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। घर के बुजुर्ग लोगों का ध्यान रखें। सर्वाइकल और हड्डियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी–छोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें।

**मकर** – आज कुछ समय एकान्त में अपनी मजबूती और कमजोरियों का मूल्याङ्कन अवश्य करें। अजनबी लोगों से आपको धोखा मिल सकता है। गैस और अपच की समस्या से परेशान हो सकते हैं। इसीलिये, सन्तुलित भोजन और जीवनशैली को अपनाना लाभप्रद होगा।

**कुंभ** – आज व्यापार में कुछ प्रभावी सुधार करने के लिए दिन अच्छा है। परिजन आपका मनोबल बढ़ाने में मदद करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन का आनन्द ले सकते हैं। धर्म–कर्म में भी आप अपनी सक्रियता बढ़ा सकते हैं।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ नहीं है। घर से दूर रह रहे लोगों को परिजनों की चिन्ता रहेगी। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों का हस्तक्षेप न होने दें। किसी बड़े काम को लेकर फण्ड की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है।

### आज का पंचांग




**त्योहार/व्रत/दिवस**– वसंत पंचमी।
**दिशाशूल**– उत्तर। **ऋतु**–शिशिर।
चन्द्रबल–वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–रेवती 10 .43 तक तत्पश्चात उत्तर अश्विनी।

### आज की फिल्में

हम साथ साथ है – सुबह : 09 .00
हाफ गर्लफ्रेंड – रात : 09 .00
हे बेबी – दोपहर : 12 .53
तू झूठी मैं मक्कार – रात : 07 .02
हमशक्ल – सुबह : 09 .15
दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे – शाम : 06 .00
सोचा न था – सुबह :09 .25
कहो ना प्यार है – रात : 07 .00
दोस्ताना – दोपहर : 12 .34
दिल है तुम्हारा – शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात–07 .00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

वैलेंटाइन डे पर मां–पापा के बाहर जाने के बाद लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोनकर बोली...
गर्लफ्रेंड – जानू मेरे घर आ जाओ ना,
लड़का– नहीं टाइम नहीं है,
गर्लफ्रेंड–अरे मेरे मम्मी पापा घर में नहीं हैं,
लड़का–झूठ मत बोल, पिछली बार यही बोल कर शॉपिंग पे ले गयी थी।

परीक्षा शुरू होने से पहले चिंटू अपने दोस्त बंटी को ज्ञान दे रहा था...
अगर परीक्षा में सवाल बहुत कठिन हो तो आंखें बंद करना,
गहरी सांस लेना और जोर से बोलना– ये सब्जेक्ट बहुत मजेदार है,
इसलिए इसे अगले साल फिर पढ़ूंगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 14 फरवरी 2024

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,555.19 | 21,743.25 |
| बढ़त | 482.70 | 127.20 |
| प्रतिशत में | 0.68 | 0.59 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राजमा सफेद | 13000-14000 |
| राजमा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# चावल की कुछ किस्मों के लिए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है सरकार

## वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार चावल की कुछ किस्मों के लिए नए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है ताकि उन किस्मों का निर्यात किया जा सके जिनका पारंपरिक रूप से देश में लोग उपभोग नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वर्तमान में गैर-बासमती सफेद चावल की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की प्रस्तुति के अनुसार, लाल चावल, काले चावल और कालानमक चावल जैसी जीआई



(भौगोलिक संकेतक) दर्जे वाले चावल की किस्मों के लिए अलग-अलग एचएसएन कोड पर काम जारी है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में प्रत्येक उत्पाद को एचएसएन कोड (हारमोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर) के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि गैर-बासमती चावल की करीब 40-50 किस्में होती हैं। सरकार जब उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाती है, तो सोना मसूरी, गोविंद भोग, कालानमक या सामान्य सफेद गैर-बासमती चावल जैसी सभी किस्मों का निर्यात बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि चावल की कुछ अन्य किस्मों के लिए नया एचएसएन कोड उद्योग की मांग है, इसमें अंतर कैसे करें यह आंतरिक बहस का मुद्दा है। कहा-हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसा करने की जरूरत है या नहीं।

### संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद निर्णय लेगा मंत्रालय

सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है और यह निर्णय मंत्रालय संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद लेगा। वर्तमान में गैर-बासमती चावल के लिए छह एचएसएन कोड और बासमती चावल के लिए एक कोड है। चावल, चीनी और गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण कृषि-निर्यात में नौ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा की पहल के बारे में उन्होंने कहा कि इससे निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पाद तथा उनके गंतव्यों का विस्तार हुआ है। भारत ने सिंघाड़े और मखाने जैसी वस्तुओं का निर्यात भी शुरू कर दिया है। अतिरिक्त सचिव ने कहा-यह कृषि क्षेत्र को काफी मजबूती देता है।

## गोल्ड ईटीएफ की चमक जारी, जनवरी में 657 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** सोने में निवेश को लेकर आकर्षण बना हुआ है। इसका पता इस बात से चलता है कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो इससे पिछले महीने की तुलना में सात गुना है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने यह जानकारी दी।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच निवेश के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प है। उद्योग संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि इस निवेश के साथ जनवरी के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 1.6 प्रतिशत बढ़कर 27,778 करोड़ रुपये हो गई। यह राशि दिसंबर 2023 के अंत में 27,336 करोड़ रुपये थी।

# शेयर बाजारों में रौनक लौटी सेंसेक्स 483 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

- निफ्टी भी 127 अंक बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद



वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 482 अंक से अधिक बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़कर 71,555.19 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,662.74 अंक के ऊपरी और 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर बढ़त लेने में सफल रहे जबकि निफ्टी के 50 में से 11 को छोड़कर बाकी सभी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एनटीपीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार काफी हद तक पिछले सत्र की गिरावट से उबर गए। इसके पीछे बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। जनवरी में कारोबारी धारणा को बल मिला है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 73,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,200 |
| चांदी तैयार | 74,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

# एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के दिवाला प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट के समाधान की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा 60 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को यह फैसला किया।

एनसीएलटी की दिल्ली स्थित दो सदस्यीय पीठ ने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। समाधान पेशेवर की ओर से पेश दिवाकर माहेश्वरी ने तर्क दिया कि अब तक तीन पक्षों ने गो फर्स्ट के लिए अपनी रुचि दिखाई है और बयाना राशि जमा की है। इन कंपनियों से गो फर्स्ट के लिए समाधान योजनाएं मिलने की उम्मीद है। कंपनी 10 मई, 2023 से समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। एनसीएलटी ने इससे पहले पिछले साल 23 नवंबर को 90 दिनों का विस्तार दिया था, जो 4 फरवरी को खत्म हो गया। वहीं स्पाइसजेट, शारजाह स्थित स्काई वन और अफ्रीकी महाद्वीप में केंद्रित कंपनी सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स ने गो फर्स्ट को खरीदने में रुचि दिखाई है।

## भारत का कोयला आयात दिसंबर में 27 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कोयला आयात दिसंबर 2023 में सालाना आधार पर 27.2 प्रतिशत बढ़कर 2.335 करोड़ टन हो गया। कोयला मंत्रालय वित्त वर्ष 2026 तक शून्य तापीय कोयला आयात का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बी2बी (कंपनियों के बीच) ई-वाणिज्य कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार, देश का कोयला आयात दिसंबर 2022 में एक करोड़ 83.5 लाख टन था। एमजंक्शन सर्विसेज के अनुसार-दिसंबर 2023 में कोयले का आयात करीब 2.335 करोड़ टन था... दिसंबर 2022 की तुलना में 27.25 प्रतिशत अधिक रहा।

# विकसित देश बनने के लिए 7-8% की वृद्धि दर जरूरी

**हैदराबाद, एजेंसी**

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कही बात



भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है। रंगराजन ने कहा-मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी। विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है। इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी। रंगराजन ने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था की डॉलर के मूल्य में गणना वास्तविक वृद्धि, मुद्रास्फीति के स्तर और विनिमय दर पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक रघुनाथ अनंत माशेलकर ने आज आईसीएफएआई के 13वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति रंगराजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़कर समारोह की अध्यक्षता की।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

### दिल्ली में ट्रेन के डिब्बे में अचानक लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पटेल नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में मंगलवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विभाग को दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर काबू पा लिया गया।

# कोर्ट की जमीन पर 'आप' का दफ्तर हटाने का निर्देश

## न्यायालय की जमीन पर सियासी दफ्तर होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राउज़ एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर हैरानी जताते हुए कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का कार्यालय बनाए जाने को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सत्ताधारी पार्टी को अपना कार्यालय यहां से हटाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट को ये जमीन लौटाई जाए. दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल



के साथ एक बैठक हो और मामले का समाधान निकले। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता है और कोई राजनीतिक दल किसी जमीन पर अपना कब्जा कैसे सकता है। जबकि हाईकोर्ट को जमीन कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा। हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं। ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके। सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे इस मामले को आगे के निर्देशों के लिए सोमवार को सुनवाई करेंगे।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने बेंच को सूचित किया कि सरकार को एक पार्टी से कब्ज़ा लेना था और इसे हमें देना था। अधिकारी कब्जा लेने गए तो उन्हें बताया गया कि यह कब्जा आम आदमी पार्टी के हाथ में है। अदालत ने देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित एक मामले से निपटने के दौरान इस मुद्दे पर ध्यान दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ को एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने सूचित किया कि एक राजनीतिक दल का कार्यालय वहां बनाया गया है और वे जमीन वापस नहीं ले सके।

### मुख्य न्यायाधीश ने दी चेतावनी

उच्चतम न्यायालय के नाराज मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील को चेतावनी दी कि जमीन उच्च न्यायालय को वापस कर दी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने दिल्ली जिला न्यायपालिका में बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने के प्रति उदासीन रवैये के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना की थी। उस समय, सीजेआई ने कहा था कि मार्च 2021 तक चार में से तीन परियोजनाओं के लिए मंजूरी दे दी गई थी। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन जारी किया जाना बाकी था।

## आप ने दिल्ली में कांग्रेस के लिए एक लोकसभा सीट की पेशकश की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में छह सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट देने की इच्छुक है। पार्टी ने दावा किया विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में उसकी वरिष्ठ सहयोगी कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में अपने प्रदर्शन को देखते हुए एक सीट की भी हकदार नहीं है।

आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने कहा कि वे दिल्ली के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत फिर से शुरू होने के वास्ते एक महीने से अधिक समय से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभीत तक कोई संवाद नहीं हुआ है।

# उत्तर प्रदेश में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक की अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भाजपा-कांग्रेस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

उच्चतम न्यायालय ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी।

केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुलतानपुर की एक अधीनस्थ अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक मामले में उन्हें आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ केजरीवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गई। पीठ ने कहा-अंतरिम आदेश बरकरार



रहने दीजिए। यह सब क्या है? ये सभी अप्रासंगिक मामले हैं। यह ऐसा मामला नहीं है जिस पर हम गौर करें। केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। केजरीवाल ने दो मई 2014 को प्रचार अभियान में कहा था, जो कांग्रेस को वोट देगा, .देश के साथ गद्दारी होगी... जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा।

# मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में दो समुदायों के बीच मंगलवार को हुई गोलीबारी में 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे पुखाओ शांतिपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सगोलसेम लोया के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उसे इंफाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार रात से पुखाओ और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से कुकी और मेइती समुदाय के बीच भिड़की हिंसा में अब तक 180 लोगों की जान जा चुकी है।

# कैदियों को भागने में मदद करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**जयपुर, एजेंसी**

- जयपुर के बाल सुधार गृह से फरार होने का मामला

राजस्थान पुलिस ने बाल सुधार गृह से किशोर कैदियों के फरार होने के मामले में सुधार गृह के दो केयरटेकर (देखभाल करने वाले) और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि फरार हुए एक कैदी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जो इस महीने बालिग हो गया है। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार को 23 किशोर कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गये थे। ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी जुल्फिकार ने बताया कि किशोर कैदियों को बाल सुधार गृह से भगाने में मदद करने के आरोप में दो केयरटेकर और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। जुल्फिकार ने कहा-सीसीटीवी फुटेज से घटना में दो सुरक्षा कर्मियों और दो केयरटेकर की संलिप्तता का पता चला है। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सेंथिल बालाजी ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है। राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य मंत्रिमंडल से सेंथिल बालाजी के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के 12 फरवरी के एक पत्र के आधार पर राज्यपाल आर. एन. रवि ने इसे मंजूरी दे दी। करूर से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को 14 जून, 2023 को ईडी ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

# भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प

- संदेशखालि मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के बशीरहाट में संदेशखालि ब्लॉक में महिलाओं द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन से पहले बशीरहाट के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आसपास लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का प्रयास करने वाले भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक निषेधाज्ञा



यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने को लेकर भाजपा के प्रदर्शन के दौरान पुलिस के अधिकारी लोगों से बातचीत करते हुए। • एजेंसी

लागू की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बशीरहाट में एसपी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। संदेशखालि, बशीरहाट पुलिस जिले के दायरे में आता है। भाजपा की प्रदेश इकाई ने घोषणा की थी कि उसके नेता उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि की स्थिति के विरोध में मंगलवार को एसपी कार्यालय का घेराव करेंगे।

## समीर वानखेड़े के खिलाफ जारी जांच दिल्ली स्थानांतरित

**मुंबई।** ईडी ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन के मामले में जांच अपने दिल्ली कार्यालय को स्थानांतरित कर दी है। ईडी ने कहा कि वानखेड़े को उनके खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये बंबई उच्च न्यायालय की जगह दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए। अपने खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये पिछले हफ्ते बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले वानखेड़े ने अपनी याचिका पर फैसला होने तक जांच पर अस्थायी रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

# ईडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर छापे मारे

**कोलकाता, एजेंसी**

- राशन घोटाले की जांच के संबंध में हुई कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को सुबह कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ आए ईडी के दलों ने सॉल्ट लेक, कइखाली, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, हावड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें कारोबारी और घोटाले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के करीबी लोग शामिल हैं।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा-ये छापे राशन वितरण घोटाले से जुड़े



हैं। हमें मामले में पहले ही गिरफ्तार हुए लोगों से पूछताछ करने के बाद इन लोगों की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के एक विदेशी मुद्रा कारोबारी समेत तीन लोगों के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया-इस घोटाले में पैसा विदेश में अलग-अलग खातों में भेजा गया। यह कारोबारी बनगांव से है और गिरफ्तार टीएमसी नेता शंकर आध्या से उसके अच्छे संबंध हैं।

आध्या बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं और केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले दावा किया था कि वह अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत कम से कम 90 विदेशी मुद्रा व्यापार कंपनियों के मालिक हैं। अधिकारी ने बताया कि कारोबारी के सॉल्ट लेक के सेक्टर 5 में स्थित कार्यालय और ईएम बाईपास पर उसके दो फ्लैट में तलाशी ली जा रही है।

### कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में 31 लाख रुपये जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी। इसमें कहा गया है कि एजेंसी को 'आपत्तिजनक साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया।

# यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने निलंबन हटाया, 1 जुलाई तक कराए चुनाव

## चुनाव न होने पर 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को किया था निलंबित, प्रदर्शनकारी पहलवानों से भेदभाव नहीं करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व कुश्ती की संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत पर लगाया अस्थाई निलंबन हटा दिया है, लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया है कि वह प्रदर्शनकारी पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं करे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के समय पर चुनाव नहीं कराने पर गत वर्ष 23 अगस्त को उसे निलंबित किया था।

संस्था ने कहा कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो की निलंबन की समीक्षा और अन्य विषयों पर चर्चा के लिए 9 फरवरी को बैठक हुई तथा तथ्यों पर गौर करने के बाद निलंबन हटाने का फैसला किया गया। डब्ल्यूएफआई को यूडब्ल्यूडब्ल्यू को गारंटी देनी होगी कि डब्ल्यूएफआई की सभी स्पर्धाओं विशेष कर ओलंपिक खेलों के ट्रायल्स तथा अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए बिना किसी भेदभाव के पहलवानों का चयन करेगा, जिनसे भेदभाव नहीं होगा उनमें वह तीन पहलवान भी है जिन्होंने पूर्व अध्यक्ष (बृजभूषण शरण सिंह) के कथित गलत कामों के खिलाफ प्रदर्शन किया था। पिछले साल दिसंबर में डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए थे, जिसमें पूर्व अध्यक्ष के करीबी संजय सिंह को नया प्रमुख चुना गया था। खेल मंत्रालय ने हालांकि राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन का हवाला देकर कुछ दिन बाद महासंघ को निलंबित कर दिया था। देश में कुश्ती के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित हुई थी। डब्ल्यूएफआई ने हालांकि खेल मंत्रालय के फैसले को नामंजूर कर दिया था। उसने मंगलवार को विश्व संस्था के फैसले का स्वागत किया।

### चुनाव में केवल खिलाड़ी ही होंगे मतदाता

विश्व संस्था ने डब्ल्यूएफआई से अपने एथलीट आयोग के चुनाव फिर से कराने के लिए कहा। संस्था ने बयान में कहा है कि इस आयोग में सक्रिय खिलाड़ी या फिर वे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, जिनको संन्यास लिए हुए 4 साल से अधिक का समय नहीं हुआ है। मतदाता केवल खिलाड़ी ही होंगे। इन चुनाव का आयोजन किसी भी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान किया जा सकता है, लेकिन चुनाव 1 जुलाई 2024 से तक कराने होंगे। विश्व संस्था ने कहा कि वह पहलवानों के संपर्क में रहेगी और आगामी दिनों के घटनाक्रम पर उनसे बात करेगी।

### जल्द आयोजित किए जाएंगे ट्रायल: संजय

संजय सिंह ने कहा कि तदर्थ समिति का अब कोई महत्व नहीं रह गया है क्योंकि हमें विश्व संस्था से मान्यता मिल गई है। यह ओलंपिक वर्ष है तथा हम जल्द ही ट्रायल्स आयोजित करेंगे। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि किसी भी पहलवान का भविष्य खराब ना हो। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा संजय सिंह सुलह करने के लिए प्रदर्शनकारी तीनों पहलवानों को जल्द पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इन तीनों पहलवानों से कोई शिकायत नहीं है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद भारतीय महासंघ को निलंबित कर दिया गया था। प्रतिबंध हटाने का मतलब है कि भारतीय पहलवान अब विश्व संस्था की अगली प्रतियोगिता में देश के ध्वज तले खेल पाएंगे।

# रविंद्र ने 3 विकेट लेकर अंतिम टेस्ट के पहले दिन द. अफ्रीका पर बनाया दबाव

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला



हरफनमौला रचिन रविंद्र के 3 विकेट से न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के अंतिम टेस्ट के पहले दिन 220 रन पर 6 विकेट लेकर द. अफ्रीका पर दबाव बनाने में सफल रहा।

बाए हाथ का स्पिनर रविंद्र ने मध्यक्रम में जुबैर हमजा (20), कीगन पीटरसन (दो) और डेविड बेडिघम (39) के विकेट चटकाए। उन्होंने 21 ओवर में केवल 33 रन दिए। रुआन डी स्वार्ड्ट ने अपना पहला अर्धशतक लगाकर हालांकि मैच में न्यूजीलैंड की वापसी करवाई। उन्होंने 37 साल की उम्र में टेस्ट पदार्पण कर रहे ऑलराउंडर शॉन वॉन बर्ग के साथ सातवें विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की। स्टंप्स के समय डी स्वार्डट 55 रन और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच में 6 विकेट चटकाने वाले मिशेल सैंटनर को अंतिम एकादश में मौका नहीं दिया। टीम चार मुख्य तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरी, जिससे उसे स्पिन गेंदबाजी विभाग में रविंद्र पर बहुत ज्यादा निर्भर रहना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान नील ब्रांड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वह यहां के सेडॉन पार्क में 11 टेस्ट मैचों में ऐसा करने वाले दूसरे कप्तान बन गए। पिच पर घास होने का फायदा उठाते हुए तेज गेंदबाज मैट हेनरी, विल ओ'रूर्के और नील वैगनर ने पहले सत्र में एक-एक विकेट लिए। लंच के समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 64 रन था। लंच के बाद रविंद्र ने अफ्रीका की रन गति पर अंकुश लगाया। उन्होंने 13 ओवर में 6 मेडन के साथ 15 रन दिए।

## खेल डायरी

### आज राजधानी पहुंचेगी यूपी टीम, 16 से 19 फरवरी तक इकाना स्टेडियम में होगा रणजी मुकाबला

**लखनऊ, अमृत विचार।** यूपी टीम बुधवार सुबह लीग का आखिरी मुकाबला खेलने को लखनऊ पहुंचेगी। हालाकि रणजी ट्रॉफी में यूपी टीम नाकआउट चरण से बाहर हो चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 16 से 19 फरवरी तक होने वाले मुकाबले के लिए छत्तीसगढ़ टीम के भी बुधवार देर शाम तक आने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यूपी टीम दोपहर के सत्र में बी ग्राउंड में अभ्यास करेंगी, जबकि छत्तीसगढ़ टीम का अभ्यास सत्र गुरुवार सुबह होगा। नीतीश राणा को कप्तान और भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर व मुख्य चयनकर्ता रहे सुनील जोशी को कोच बनाने के बावजूद यूपी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पिछले दो मुकाबलों में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को आराम देना समझ से परे रहा। आंध्र प्रदेश के खिलाफ मंगलवार को खत्म हुए मुकाबले में यूपी की टीम पहली पारी में पिछड़ने से ड्रॉ मैच में मात्र एक अंक ही पा सकी। लखनऊ में यूपी टीम का आखिरी मैच मात्र औपचारिकता है। 1934 से खेली जा रही रणजी ट्रॉफी में यूपी की टीम मात्र एक बार वर्ष 2005-06 में मो. कैफ की कप्तानी में खिताब जीत सकी है। 2007-08 तथा 2008-09 में यूपी टीम फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हुई थी।

### अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर

**कोलकाता, एजेंसी।** दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने मंगलवार को यहां एक करोड रुपए इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। सोमवार को अपना 25वां जन्मदिन मनाने वाले अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद दिल्ली के एक अन्य गोल्फर और मौजूदा चैंपियन सचिन बैसोया (63) का नंबर आता है। वह अर्जुन से एक शॉट पीछे हैं। चेक गणराज्य की स्टीपन दानेक तथा भारत के उदयन माने, करण प्रताप सिंह और मोहम्मद संजू ने 64 का कार्ड खेला। यह चारों खिलाड़ी संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीजीटीआई ऑर्डर का मेरिट के 2022 के चैंपियन मनु गंडास ने 65 का स्कोर बनाया तथा वह राहिल गंगजी और चार अन्य के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

### एसयूएफसी ने पुणे में 3 प्रशिक्षण केंद्र खोले

**पुणे, एजेंसी।** बेंगलुरु के निजी प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी) ने पुणे में अकादमी के विस्तार की घोषणा की है। एसयूएफसी की प्रतिष्ठित अकादमी साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी (एसयूएफए) ने हाल ही में पुणे में बावधन, खराड़ी और उंद्री में तीन केंद्रों का उद्घाटन किया है। पुणे में एसयूएफ तीन साल की उम्र से ही बच्चों को फुटबॉल यात्रा शुरू करने के लिए स्वागत करेगा। साउथ यूनाइटेड केंद्रों पर 3 कार्यक्रम चलाएगा, जिसमें उनका अद्वितीय शिशु विकास कार्यक्रम (3-5 वर्ष), उनका प्रमुख युवा विकास (5-18 वर्ष), और उनकी विशिष्ट युवा टीमें (अंडर 13, 15 और 17)) होंगी। जिसमें एथलीटों को क्लब से छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### यूपी की तीन बालिकायें क्वार्टर फाइनल में

**लखनऊ, एजेंसी।** एसआरजीआई अंडर-12 बालक व बालिका ऑल इंडिया आइटा टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की शुभी रंजन, लावण्या सिंह व सौंदर्या जायसवाल ने जीत के साथ बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के कृष्णा सिंह, तेजस सिंह, अणर्व श्रीवास्तव ने अपने-अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में बालिका प्री क्वार्टर फाइनल में शुभी रंजन ने मध्य प्रदेश की अनाया खान को हराया। लावण्या सिंह ने मध्य प्रदेश की अहाना दोषी को और सौंदर्या जायसवाल ने यूपी की शिवान्या गौतम को मात दी। बालिका वर्ग के अन्य प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मध्य प्रदेश की अनाया राठी ने मप्र की गीतिका बोथरा को, उप्र की अदित्रि सिंह ने उप्र की वाही पी.कौर को, उप्र की सिद्धि सिंह ने उप्र रीत पी. सिंह को, उप्र की आशी किरन ने उप्र की प्रणवी कश्यप को हराया। बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में उप्र के कृष्णा सिंह ने उप्र के आरव पटेल को, उप्र के अणर्व श्रीवास्तव ने दिल्ली के सात्विक सिंह को, उप्र के तेजस सिंह ने उप्र के प्रणव शर्मा को, उप्र के आयुष्मान पाठक ने उप्र के शिवांश सिंह को, प. बंगाल के कबीर पारेख ने उप्र के अथर्व श्रीवास्तव को, उप्र के पविथ सिंह ने उप्र के आरव शुक्ला को, उप्र के कबीर शर्मा ने उप्र के अथर्व गोयल को और दिल्ली के रेयांश भल्ला ने निकुंज अरोड़ा को मात दी।

# जुरेल और सरफराज को मिल सकता है पदार्पण का मौका

## गिल ने अभ्यास सत्र में नहीं लिया हिस्सा, दाहिने हाथ की अंगुली में लगी थी चोट

राजकोट, एजेंसी



खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में घरेलू दिग्गज सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका दे सकती है। श्रृंखला का तीसरा मैच 15 फरवरी से यहां खेला जाएगा। मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र को देखे तो सरफराज ने स्लिप और गली क्षेत्र में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास किया जबकि जुरेल ने विकेटकीपिंग का। पिछले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल ने टीम के इस वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

गिल को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं की लेकिन यह भी कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। श्रेयस अय्यर के बाहर होने और केएल राहुल के चोट से उबरने में नाकाम रहने से सरफराज के लिए दरवाजे खुल गए हैं, जो कुछ वर्षों से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वालों में से हैं। जुरेल को बेहतर बल्लेबाज होने के तमगे के कारण तरजीह मिल सकती है। भरत लगातार 7 टेस्ट मैचों में एक भी अर्धशतक बनाने में असफल रहे हैं। रजत पाटीदार, सरफराज और जुरेल चौथे से सातवें क्रम के बीच बल्लेबाजी करेंगे। मध्य क्रम के 4 खिलाड़ियों में से 3 (रविंद्र जडेजा को छोड़कर) कुल मिला कर एक टेस्ट के सामूहिक अनुभव के साथ मैच में उतरेंगे। पाटीदार ने विशाखापत्तनम में पदार्पण किया था। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार है, ऐसे में इस मैच को टीम के भविष्य की झलक देखने को मिलेगी। टीम के अभ्यास सत्र में पाटीदार और सरफराज दोनों को स्लिप क्षेत्ररक्षण में अभ्यास करते देखा गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ यहां पिच का मुआयना करने के बाद लंबे समय तक गुफ्तगू करते दिखे। रोहित इसके बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास के लिए चले गए, लेकिन द्रविड़ मैदानकर्मियों से बात करते दिखे। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले जडेजा ने अभ्यास करते हुए सबसे ज्यादा समय बिताया। टीम के चारों स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों के साथ अभ्यास करते दिखे।

### जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा, लेकिन आगे टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं: कुलदीप

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला के मैचों में टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। कुलदीप ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व कहा कि कुल मिलाकर सभी चीज महत्वपूर्ण हैं। तेज गेंदबाज अपनी भूमिका निभा रहे हैं जैसे कि पिछले मैच में देखा होगा। इसलिए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा होता है। लेकिन ऐसा नहीं है की आपको आगे टर्निंग विकेट देखने को नहीं मिलेंगे। उम्मीद है कि आपको आगे इस तरह के विकेट देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम को अभी तक इंग्लैंड के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा है।

# बेन स्टोक्स ने कई मामलों में क्रिकेट को बदल दिया: पोप

राजकोट, एजेंसी



इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा कि उन्होंने कई मामलों में क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। अपने खेल से बल्लेबाजी और गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने वाले स्टोक्स ने कप्तानी मिलने के बाद 'बैजबॉल' रणनीति से टेस्ट क्रिकेट खेलने का नजरिया बदल दिया। स्टोक्स 15 फरवरी को राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।

पोप ने एससीए स्टेडियम में मंगलवार को इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के इतर कहा कि उन्होंने शायद खेल को कई मायनों में बदल दिया है। उनके पास वह तरीका है, जिससे वह जरूरत पड़ने पर टीम से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकते हैं। एशेज श्रृंखला के उस लॉर्ड्स टेस्ट को कौन भूल सकता है जब पूरी तरह से दबाव में होने के बाद भी उन्होंने टीम को जीत दिलाई।



पोप ने कहा कि अपने 99 टेस्ट के अब तक के कॅरियर में उन्होंने कई बार ऐसा किया है और यह अविश्वसनीय है। किसी के लिए भी 100 टेस्ट मैच खेलना शानदार है। जाहिर तौर पर उनके कॅरियर में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन जब से वह कप्तान बने हैं तब से उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। खिलाड़ियों का प्रबंध करने का स्टोक्स का तरीका उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।

# क्रिकेट में हजारे को टक्कर देने वाले बल्लेबाज थे दत्ताजीराव

नई दिल्ली, एजेंसी

### उम्रदराज भारतीय टेस्ट क्रिकेटर



- दत्ताजीराव का 95 वर्ष की आयु में गृहनगर बड़ौदा में हुआ निधन

किस्मत से भारतीय कप्तान बने दत्ताजीराव गायकवाड़ कवर ड्राइव के साथ अन्य शॉट खेलने के मामले में विजय हजारे को टक्कर देते थे लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करने में विफल रहे। बड़ौदा के इस बल्लेबाज को 11 से अधिक टेस्ट खेलने चाहिए थे। दत्ताजीराव का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में उनके गृहनगर बड़ौदा में निधन हो गया। वह 2016 में दीपक शोधन की मृत्यु के बाद सबसे उम्रदराज जीवित भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे। अपने शानदार कवर ड्राइव से 1950 के दशक की बॉम्बे (अब मुंबई) की मजबूत टीम को परेशान करने वाले दत्ताजीराव का अंतर्राष्ट्रीय करियर घरेलू क्रिकेट जितना परवान नहीं चढ़ा। उन्हें 1952 से 1961 तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वैसी सफलता नहीं मिली। उनके बेटे अंशुमान ने 1970 से 80 के दशक तक 40 टेस्ट खेले।

# महिला वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचीं मंधाना

दुबई, एजेंसी



भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं, लेकिन ऑलराउंडर की सूची में वह एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन शीर्ष पर बनी हुई हैं।

### जोसेफ, एमी हंटर आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामर जोसेफ मंगलवार को आईसीसी मासिक पुरस्कार को जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। आयरलैंड की आक्रामक युवा बल्लेबाज एमी हंटर जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में यह खिताब जीतने में सफल रहीं। पिछले सप्ताह खिलाड़ियों की सूची की घोषणा के बाद आईसीसी ने जनवरी के लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।

# बॉलीवुड हलचल

## 'सेक्शन 108' में वकील बनेंगे नवाजुद्दीन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आने वाली फिल्म 'सेक्शन 108' में वकील की भूमिका में नजर आएंगे। 'सेक्शन 108' का निर्देशन रसिख खान ने किया है और यह फिल्म सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है। 'सेक्शन 108' के निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस फिल्म में अरबाज खान, रेजिना कैसेंड्रा, आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में दिखाई देंगे। ये फिल्म दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखों, वो तुम्हें पागल बुलाए 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।

## लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति जिंटा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगी। आमिर खान फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे है। लाहौर 1947 में सनी देओल की अहम भूमिका है। लाहौर 1947 मे अब प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। राजकुमार संतोषी ने बताया कि लंबे समय के बाद, प्रीति जिंटा फिर से सिल्वर स्क्रीन पर लाहौर 1947 के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वह वास्तव में हमारे इंडस्ट्री के एक बेहद प्रतिभाशाली बेहतरीन और सबसे स्वाभाविक अभिनेत्री हैं। प्रीति जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें खुद को पूरी तरह से निवेश कर देती हैं और दर्शकों को यह महसूस कराती हैं कि वह उस किरदार के लिए ही बनी हैं। फिल्म 1947 की स्क्रिप्ट एक ऐसी जोड़ी की मांग करती है जो सनी और प्रीति की तरह सटीक हो।

### भूल-भुलैया 3 में हुई विद्या की एंट्री



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म 'भूल-भुलैया 3' में नजर आएंगी। फिल्म भूल भुलैया में विद्या बालन ने अहम भूमिका निभाई थी। भूल भुलैया 2 में विद्या बालन ने काम नहीं किया। 'भूल-भुलैया 3' में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर बताया कि भूल भुलैया 3 में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, 'और ये हो रहा है... ऑरिजनल मंजुलिका की दोबारा भूल भुलैया की दुनिया में एंट्री हो चुकी है। विद्या बालन का स्वागत करते हुए सुपर थ्रिल महसूस कर रहा हूं।' कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट के बाद विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे ढोलना... आ रही है वापस, आपकी मंजुलिका, इस बार रूह बाबा कार्तिक आर्यन के साथ।

## रश्मिका ने पुष्पा 2 के सेट से की तस्वीरें साझा



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का निर्माण जोरों पर है और टीम इसकी सफलता में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस दौरान मंदाना ने सेट से फिल्म निर्माता सुकुमार की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ये तस्वीर साझा की। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म की रिलीज से पहले ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है कि जल्द ही पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में आएगी। हालांकि, फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। ये फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं। संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

### माही और गोल्डी का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज हो गया है। 'मरद बनाइब रंगदरवा के' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्डस भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में माही श्रीवास्तव कहती हैं कि 'तू ही कहा केहू से डेराई केहु के, खात बानी आपन लजाई काहे के... ढील देले बानी इयारवा के, राखेला सवख हथियरवा के, जाईब खिलाफ भले घरवा के, बाकी मरद बनाइब रंगदरवा के...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मरद बनाइब रंगदरवा के' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर गोल्डी यादव हैं। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# किसानों ने लोहे और कंक्रीट के लगे बैरिकेड्स तोड़े, इंटरनेट सेवाएं ठप


मंगलवार को टिकरी बॉर्डर पर बैरिकेड्स और कंसर्टिना तार को हटाते किसान।


उग्र प्रदर्शन के बाद पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर एकत्रित किसानों में मची भगदड़।

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों के लिए पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों ने राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया। सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के आंदोलन के चलते आम लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान संगठनों के आंदोलन की वजह से आज सीमाओं पर अच्छा-खासा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सीमाओं पर बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसानों ने उन्हें भी तहस-नहस कर दिया। पुलिस और किसानों के बीच हुई इस झड़प में कई घायल हुए। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत अपनी और कई मांगों को स्वीकार कराने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

हरियाणा के सात जिलों में 15 फरवरी रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद करने का फैसला लिया गया है। ये फैसला किसानों के आंदोलन की उग्रता कम करने के लिए लिया गया है। हरियाणा पुलिस ने बताया है कि, प्रदर्शनकारियों ने शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया है। स्थिति को काबू में करने के लिए वाटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। उग्र प्रदर्शन के चलते 15 जिलों में धारा 144 लागू की गई है।


शंभू बॉर्डर पर भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले।

### किसान आंदोलन के बीच सीजेआई ने लिया ट्रैफिक जाम का संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अदिश अग्रवाल ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को किसानों के कूच को लेकर चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस पत्र में दिल्ली घुसने की कोशिश करने वाले किसानों पर कार्रवाई की मांग की है। इस चिट्ठी का संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि वकीलों को कोई दिक्कत न आए। दिल्ली-एनसीआर में बड़े पैमाने पर यातायात बाधित हुआ है। संज्ञान लेते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को कहा कि अगर वकील यातायात में फंस जाते हैं तो उनके साथ सहयोग किया जाएगा। शीर्ष कोर्ट दिल्ली में घुसकर समस्या खड़ी करने और लोगों के आम जनजीवन को प्रभावित करने वाले किसानों पर स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करे।


मंगलवार को किसान आंदोलन की बजह से वाहनों का चक्का जाम हो गया, दिल्ली-एनसीआर में वाहन घंटों तक कतार में खड़े रहे। वहीं गाजीपुर बॉर्डर पर फंसे वाहन।

### क्या है न्यूनतम समर्थन मूल्य दर

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी किसानों को दी जाने वाले एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसलों की कीमत तय कर दी जाती है और यह तय कीमत से कम में बाजारों में नहीं बिकती है। एमएसपी तय होने के बाद बाजार में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों को तय कीमत पर ही फसलें खरीदती है। सरल शब्दों में कहें, तो एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है।

## एक नजर

### अमेरिका: न्यूयॉर्क में गोलीबारी एक की मौत, पांच लोग घायल

**न्यूयॉर्क सिटी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को ब्रोंक्स के एक सबवे स्टेशन पर छह लोगों को गोली मार दी गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ये घटना शाम करीब 4 :38 बजे हुई। सबवे स्टेशन पर गोलीबारी करने के बाद हमलावर भी फरार हो गया है। पुलिस ने कहा कि करीब 30 साल के एक व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि गोलीबारी में घायल हुए पांच लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस गोलीबारी की घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं बताा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों की हालत कैसी है।

### अमेरिका: दो भारतवंशियों पर वीजा धोखाधड़ी में लगाया अभियोग

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के दो युवकों पर फर्जी सशस्त्र डकैती करने और वीजा धोखाधड़ी की साजिश के लिए अभियोग लगाया गया है। रामभाई पटेल (36) और बलविंदर सिंह (39) पर धोखाधड़ी की साजिश रचने के आरोप है। रामभाई को पिछले साल दिसंबर में सिएटल में गिरफ्तार कर, मुकदमा लंबित रहने तक हिरासत में रखा गया था। बलविंदर सिंह को उसी समय यहां क्वींस में गिरफ्तार किया गया था और दिसंबर 2023 में प्रारंभिक उपस्थिति के बाद कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया था।

### श्रीनगर: पंजाब के दो श्रमिकों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पिछले सप्ताह पंजाब के दो मजदूरों की हत्या करने वाले आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि आतंकी के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई है। उन्होंने कहा सात फरवरी को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के दो मजदूरों पर गोलियां चलाने वाले आतंकवादी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमार ने कहा कि श्रीनगर में गिरफ्तार किए गए लंगू को सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया गया था।

### ट्रंप ने चुनाव हस्तक्षेप केस स्थगित करने की कोर्ट से की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उन्हें 2020 के चुनाव में हार को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोप में अभियोजन से छूट प्राप्त है और इसलिए उन पर चल रहे चुनाव हस्तक्षेप मुकदमे को स्थगित किया जाना चाहिए। उनके वकीलों ने सोमवार को अदालत में एक आपातकालीन अपील दायर की। इससे चार दिन पहले न्यायाधीशों ने इस बार के राष्ट्रपति चुनाव से उन्हें बाहर करने के प्रयासों से संबंधित मुकदमे में सुनवाई की थी। ट्रंप के वकीलों को संघीय अदालतों में अपनी अपील को लेकर अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

राष्ट्रपति चुनाव: विपक्ष के बाद अपने ही पार्टी के निशाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति

# बाइडन की उम्र पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन दोबारा राष्ट्रपति पद के लिए कमर कस चुके हैं, लेकिन बढ़ती उम्र का मुद्दा उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। अब अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री और पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने एक साक्षात्कार में कहा है कि राष्ट्रपति बाइडन की उम्र डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा है।



हिलेरी ने कहा है कि बाइडन भी इस मामले की गंभीरता को समझते हैं। सारा विवाद गोपनीय दस्तावेज से जुड़े केस में स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट हर की रिपोर्ट से शुरू हुआ है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि बाइडन इतने बुजुर्ग हो गए हैं कि उन्हें ओबामा सरकार में 2015 में बेटे ब्यू की कैंसर से मौत की तारीख तक याद नहीं। इस रिपोर्ट पर बाइडन ने कहा कि मेरी याद्दाश्त सही है। लेकिन, कुछ मिनट बाद बाइडन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को मैक्सिको का राष्ट्रपति कह दिया।

### बाइडन-ट्रंप में कौन लोकप्रिय



**42 फीसदी** बाइडन (81)
18 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक कंवेंशन, जो बाइडन औपचारिक रूप से डेमोकेट प्रत्याशी घोषित होंगे।



**45 फीसदी** ट्रंप (77)
15 जुलाई को मिलवाकी में रिपब्लिकन कंवेंशन होगा, जिसमें औपचारिक रूप से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति प्रत्याशी चुना जाएगा।

**बाइडन को दी जा सकती है चुनौती**
नए उम्मीदवार को अगस्त में होने वाले शिकागो के डेमोक्रेटिक सम्मेलन (डीएनसी) में 3936 डेलीगेट्स में से 1969 का समर्थन पाना होगा।

**बाइडन खुद हटें तो होगी बैठक**
डीएनसी को आपात बैठक बुलानी होगी, इसमें 500 डेमोक्रेटिक डेलीगेट्स राष्ट्रपति पद के नए उम्मीदवार के बारे में बहुमत से फैसला करेंगे।

**चिंता: 73% डेमोक्रेट समर्थक भी मानते हैं बाइडन की उम्र ज्यादा**
बाइडन की उम्र से डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का विषय है क्योंकि अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन मानसिक रूप से फिट नहीं है। हाल ही में एबीसी/इप्सोस के एक सर्वे में सामने आया है कि 86 फीसदी अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल के लिए बाइडन की उम्र काफी ज्यादा है। वहीं, 73 फीसदी डेमोक्रेट मतदाता भी बाइडन को बुजुर्ग मानते हैं। काउंसिल की रिपोर्ट के बाद बाइडन के डिमेंशिया टेस्ट की मांग भी जोर पकड़ रही है।

**उपलब्धि: अर्थव्यवस्था-रोजगार के मुद्दे पर बाइडन का पलड़ा भारी**
एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाइडन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तब गर्त से बाहर निकाला, जब दुनिया दो बड़े युद्धों का सामना कर रही थी। रूस-यूक्रेन और इजराइल हमास युद्ध के बावजूद बाइडन के दौर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वेतन बढ़ता और बेरोजगारी कम होते देखी है। बाइडन ने पिछले महीने 3 .53 लाख नई नौकरियां जोड़ीं। लाखों छात्रों को शिक्षा लोन के बोझ से मुक्त कराया है।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला आज श्रीनगर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पहुंचने के बाद ही ईडी कार्यालय में जाऊंगा।



उन्होंने कहा मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है मैंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इससे पहले ईडी मुझे पहले भी दो बार पूछताछ कर चुकी है। ईडी इस मामले में फारूक से पहले भी तीन बार बुला चुकी है। वह सिर्फ 11 जनवरी 2024 को ईडी के बुलाने पर नहीं गए थे। उससे पहले उन्हें जब भी बुलाया गया, वह पूछताछ के लिए पहुंचे हैं। शुरू में इस मामले की जांच जम्मू कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने की, इसके बाद में जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई ने अपनी जांच में घोटाले की पुष्टी करते हुए 11 जुलाई 2018 को अदालत में आरोपपत्र दायर किया था।

## बिलावल पीएम पद की रेस से बाहर, नवाज का समर्थन करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजे आने के बाद सरकार बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। बिलावल भुट्टो जरदारी मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हट गए और कहा कि उनकी पार्टी सरकार का हिस्सा बने बिना प्रधानमंत्री पद के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के उम्मीदवार का समर्थन करेगी।

बिलावल का फैसला पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा मंगलवार को यह दोहराए जाने के कुछ घंटों बाद आया कि पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। बिलावल ने अपनी अध्यक्षता में हुई पीपीपी की उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश प्राप्त करने में विफल रही। पीपीपी के नेता फैसल करीम ने धमकी दी कि अगर बिलावल को पीएम नहीं बनाया गया तो पीपीपी विपक्ष में बैठने को तैयार है।

### पीटीआई ने भी ठोकी सत्ता पर दावेदारी

इमरान की पार्टी पीटीआई ने भी सरकार बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी ने कई विशेष समीतियों का गठन किया है, जो केंद्र में, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पीटीआई की सरकार बनाने की रणनीति बनाएंगी। चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 101 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं और पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### पीटीआई नेता को पुलिस के सामने मारी गोली, मौत

इमरान की पार्टी के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मीडिया के अनुसार, पीटीआई के पूर्व संसदीय मामलों के सदस्य चौधरी मुहम्मद अदनान को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी है। पीटीआई नेता ने रावलपिंडी के निर्वाचन क्षेत्रों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

### चुनाव आयोग के फैसले को शरद पवार ने दी चुनौती, शीर्ष कोर्ट में दायर की याचिका

**मुंबई।** शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दरअसल, शरद पवार गुट ने भारत के चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें अजीत पवार समूह को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता दी गई थी।



यह याचिका शरद पवार ने वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से सोमवार शाम को दायर की थी। उनसे पहले, अजीत पवार गुट ने वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के माध्यम से एक कैविएट दायर की थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगर शरद पवार समूह शीर्ष अदालत में जाता है, तो उसके पक्ष में कोई एकतरफा आदेश पारित न किया जाए। 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है, जिससे पार्टी संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा।

## न्यूयॉर्क में एमटीए बोर्ड में भारतवंशी मीरा जोशी नामित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- मीरा बोलीं, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़, सभी का आभार, जल्द संभालेंगी पद

न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने भारतवंशी मीरा जोशी को मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) बोर्ड के लिए नामित किया है। जोशी डिप्टी मेयर (ऑपरेशन) हैं। न्यूयार्क शहर के बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक क्षेत्र और जलवायु पोर्टफोलियो की देखरेख करने वाली डिप्टी मेयर जोशी को आठ फरवरी को एनवाइसी विभाग के सिटी प्लानिंग निदेशक और सिटी प्लानिंग कमीशन के अध्यक्ष डैन गारोडनिक के साथ नामित किया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए एक आधिकारिक नोट जारी किया गया है। आधिकारिक नोट में कहा गया है कि एडम्स ने बोर्ड में सार्वजनिक परिवहन के लंबे समय से समर्थक रहे दोनों अधिकारियों को नामित कर न्यूयॉर्क वासियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और सुलभ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। एडम्स ने कहा कि नामित दोनों शख्स एमटीए के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए उचित हैं। बोर्ड के लिए नामांकन के बाद डिप्टी मेयर मीरा जोशी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़ है।

न्यूयॉर्क के कार्यों को सुगमता के साथ संचालित करने में कोई भी चीज ऐसी नहीं है जो सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से अधिक प्रभावित कर सकती है। उन्होंने इसके लिए सभी का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। वह न्यूयॉर्क सिटी सिविलियन कंप्लेंट रिव्यू बोर्ड की पहली उप कार्यकारी निदेशक थीं, जिन्होंने पुलिस कदाचार के नागरिक आरोपों की जांच का नेतृत्व किया।

### मूर्तियों को संवारने में मग्न मूर्तिकार ...



गुवाहाटी : बसंत पंचमी आज है। बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ऐसे में पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार ऑर्डर के अनुरूप मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। तैयार मूर्तियों को आयोजक ले जा रहे हैं। गुवाहाटी में मां सरस्वती की कई फीट ऊंची मूर्तियां बनाईं गई, अंतिम रूप देने के बाद संवारने में मग्न मूर्तिकार। ● एजेंसी

### कोर्ट ने हत्या मामले में विपक्षी विधायक को उम्रकैद की सजा सुनाई

**आरा (बिहार)।** महागठबंधन के एक विधायक को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। भोजपुर के अगिआंव विधायक से माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या में मामले में सजा सुनाई गई है।



आरा सिविल कोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रही थी। मंगलवार को एडीजे तीन की अदालत ने मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अर्थ दंड भी लगाया। दरअसल, 2015 विधानसभा चुनाव के समय जेपी सिंह नाम के व्यक्ति की हुई थी। इसका आरोप मनोज मंजिल पर लगा था। मंगलवार को तरारी से माले विधायक सुदामा प्रसाद भी आरोपी विधायक से मिलने पहुंचे।

### कनाडा में आतंकी पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग, जांच जारी

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। द गार्जियन के अनुसार, ब्रैम्पटन में आतंकी के करीबी इंद्रजीत सिंह गोसल के घर की खिड़की पर गोली का छेद मिला है। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने इससे इनकार नहीं किया है कि घर पर और कई राउंड फायरिंग हुई हों। इंद्रजीत सिंह ने हाल ही में घोषणा की थी कि टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर वह 17 फरवरी को खालिस्तान समर्थक रैली निकालेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, उसने पन्नू के साथ कार्य किया है। गौरतलब है कि यह घटना आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी के घर पर की गई फायरिंग के कुछ दिन बाद सामने आई है।

विज्ञान | इंग्लैंड के सेंट्रल लंकाशायर विवि के वैज्ञानिकों ने की खोज, ग्रहों के गोल आकार की अवधारणा बदली

## पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** माना जाता रहा है कि ब्रह्मांड में तारों की परिक्रमा करते ग्रहों का आकार गोल होता है। मगर हाल में खोजे गए एक बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) ने इस अवधारणा पर विराम लगा दिया है। इंग्लैंड में सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय (यूसीएलएन) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह खोज की है।

उन्होंने दूर अंतरिक्ष में एक ग्रह को युवा तारे की परिक्रमा करते हुए देखा। मगर उसका आकार गोलाकार के विपरीत चपटा था। जिसे देखकर वैज्ञानिक हैरान हो गए और इसकी वास्तविकता को जानने के लिये अध्ययन क्षेत्र का विस्तार करना पड़ा। अंत में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग करना। इस अध्ययन में चपटी आकृतियाँ सामने आई।


पहली बार खोजा गया चपटा ग्रह।

वैज्ञानिकों का यह दल लंबे समय से बाहरी ग्रहों की खोज कर रहे हैं, लेकिन पहले कभी सिमुलेशन के जरिए ग्रहों के आकार की जांच करने की जरूरत नही पड़ी। मगर इस खोज में पहली बार इसका सहारा लेना पड़ा।

खोजकर्ता टीम के वैज्ञानिक दिमित्रिस स्टैमाटेलोस का कहना है कि हम बहुत आश्चर्यचकित थे कि जिसे हम गोलाकार समझ रहे थे, वह चपटा निकला। वैज्ञानिक इस ग्रह को स्मार्टीज़ चॉकलेट नाम से पुकार रहे हैं। सर्वविदित है कि नेस्ले कंपनी चौकलेट बनाती है। जिसका आकार चपटा होता है। यह खोज एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स लेटर्स जर्नल में प्रकाशित होने जा रही है।

### ग्रहों के निर्माण की जानकारी देगा ग्रह

इस बाहरी ग्रह का आकार भविष्य चपटा रहेगा या गोलाकार में परिवर्तित होगा, इस बारे में अभी निश्चित कुछ नही कहा जा सकता। बहरहाल खगोलविद इस ग्रह पर निरंतर नजर रखेंगे और इ सका अध्ययन जारी रखेंगे। इससे कई जानकारियां मिल सकती हैं। जिनमें सबसे बड़ी जानकारी ग्रहों के निर्माण व विकास से जुड़ी होगी।

### अमेरिका में उड़ान के बीच गिरा विमान का दरवाजा, आपात लैंडिंग

**चीकटोवागा।** अमेरिका में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद एक छोटे विमान का पिछला दरवाजा गिर गया। इस दौरान विमान एयरपोर्ट से दक्षिण में कुछ दूरी पर चीकटोवागा के ऊपर उड़ान भर रहा था, जिसके बाद इसकी आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

मीडिया के मुताबिक, विमान में दो लोग सवार थे। विमान को बफेलो नियाग्रा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। इस घटना में संपत्ति के नुकसान या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान के दरवाजे की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भी इस तरह का एक मामला सामने आ चुका है। अलास्का एयरलाइंस की एक फ्लाइट की खिड़की उड़ान के दौरान 16 हजार फीट की ऊंचाई पर अचानक निकल गई थी।

## इजराइल को हथियारों की आपूर्ती रोके अमेरिका : यूरोपीय संघ

वाशिंगटन, एजेंसी

राफा शहर पर हमले के बाद इजराइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इजराइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इजराइल को हथियारों की आपूर्ती करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं।

बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके। ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की आपूर्ती जारी रखना सही नहीं है। बोरेल ने कहा कि 'कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है।

### युद्धविराम का समर्थन के लिए तैयार: क्रेमलिन

**मॉस्को।** क्रेमलिन ने मंगलवार को कहा कि वह इजराइली बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के लिए किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, हमारा मानना है कि कार्रवाई रचनात्मक होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय कानून और पहले से अपनाई गई सुरक्षा के ढांचे के भीतर समस्या का व्यापक समाधान करना हो। पेसकोव इजराइल और हमास के साथ अमेरिकी वार्ता पर टिप्पणी कर रहे थे।